हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 19 अगस्त 2026

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹116144/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹141850/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹154843/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
anand Jewels Pandri, Raipur

23 आईएएस अधिकारियों के तबादले

बड़ी प्रशासनिक सर्जरी, बदल गए छह जिलों के कलेक्टर, कई के प्रभार में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में सरकार ने एक और बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के विभागीय दायित्वों में बदलाव करते हुए कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कुछ अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जबकि 6 जिलों के कलेक्टर भी बदले गए हैं।


सोनमणि बोरा | आर. शंगीता | भुवनेश यादव | नीलेशकुमार | रणबीर शर्मा | तुलिका प्रजापति

इन जिलों के नए कलेक्टर

- रणबीर शर्मा — गरियाबंद
- कुंदन कुमार — कांकेर
- अमृत विकास तोपनो — मुंगेली
- जयश्री जैन — सक्ती
- तुलिका प्रजापति — कबीरधाम
- तनुजा सलाम मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी

पदस्थापना इस प्रकार है

- सोनमणि बोरा- प्रमुख सचिव, नगरीय शासन एवं विकास विभाग; विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का अतिरिक्त प्रभार
- आर. शंगीता- सचिव, मंत्रालय
- भुवनेश यादव - वर्तमान कार्यों के साथ सचिव,आदिम जाति/अनुसूचित जाति/पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक विकास विभाग का अतिरिक्त प्रभार
- नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर -संचालक, नगरीय शासन एवं विकास
- भोसकर विलास संदिपान- वर्तमान कार्यों के साथ प्रबंध संचालक, नागरिक आपूर्ति निगम का अतिरिक्त प्रभार
- रिमिजियुस एक्का- विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा मिशन संचालक, जल जीवन मिशन का अतिरिक्त प्रभार
- जगदीश सोनकर- विशेष सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
- भगवान सिंह उइके- संयुक्त सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग
- हिना अनिमेष नेताम- वर्तमान दायित्व के साथ प्रबंध संचालक, अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार ⏭ शेष पेज 7 पर

खास खबर

पिता पर गंभीर आरोप, पीड़िता का आरोप-पिता ही दुष्कर्मी

नाबालिग बेटी को बालिग बता कराया प्रसव, बच्चे को डेढ़ लाख रुपए में बेचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पत्नी से विवाद था, बेटी को साथ रखा, बुआ भी दोषी

रायपुर के अमलीडीह में एक व्यक्ति पर उसकी बेटी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। बेटी ने पिता पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए उसे बालिग बताकर प्रसव कराने और उसके बच्चे को डेढ़ लाख रुपए में बेचने की एफआईआर कराई। पुलिस ने इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। आरोपियों में पीड़िता की बुआ और एक महिला डॉक्टर और उसके परिजन भी शामिल हैं। साथ ही पुलिस ने बच्चे को भी बरामद कर लिया है। उसे खरीदने वाले को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

खास खबर

पिता-डॉक्टर समेत 7 गिरफ्तार



तीन साल तक करता रहा दुष्कर्मः पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके पिता और मां के बीच विवाद था। उसके बाद मां अलग रहने चली गई। पीड़िता के दो भाई-बहन और थे जिन्हें दादा-दादी के पास छोड़ दिया था। उसका पिता वर्ष 2023 में उसे अमलीडीह स्थित अपने एक रिश्तेदार के घर लेकर आया था। यहां लाने के बाद वह हर रोज उसे ⏭ शेष पेज 7 पर

पीड़िता को विवाहित बताकर एवं उम्र छिपाकर हॉस्पिटल में कराया प्रसव

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पूछताछ में कबूल किया है कि पीड़िता का प्रसव डंगनिया रायपुर स्थित वासुदेव हॉस्पिटल कराया है। प्रसव के लिए आरोपियों ने हास्पिटल में पीड़िता को भर्ती कराने से पहले उसकी कम उम्र को छिपाने के लिए पहले उसके आधार में उम्र को फर्जी तरीके से बढ़ाया तथा उसे विवाहित बताया। इसके बाद ही हास्पिटल में उसका प्रसव हुआ। इस काम में पीड़िता के पिता, बुआ एवं बरखा के साथ उसके पति साहेब मंडल 42 वर्ष, रोहित कुमार राय 35 वर्ष निवासी करण नगर चंगोराभाठा तथा रोहित की पत्नी योगिता राय उर्फ गीता 32 वर्ष निवासी करण नगर चंगोराभाठा शामिल रही। बरखा ने पीड़िता को अपने घर के बाद योगिता के घर में भी ठहराया था।

जन्मे बच्चे को डेढ़ लाख में बेचा

पीड़िता ने एक पुत्र को जन्म दिया। जन्मे बच्चे को भी आरोपियों ने मिलकर डेढ़ लाख रुपए में बेच दिया। बच्चे को बेचने के दौरान विक्रेताओं एवं खरीदारों के बीच कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर भी किए गए हैं। बताया गया कि बच्चे को पहले 15 दिनों तक गीता राय के घर पर रखा गया था, बाद में उसे खरीदने वाले परिवार के सुपुर्द कर दिया।

आरोपियों के विरुद्ध इन धाराओं के तहत केस दर्ज

पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा 64(2)(एफ), 65, 336, 337, 61(2), 351(2), 115(2), 89, 3(5) बीएनएस धारा 4(2),5(एन),6 पॉक्सो एक्ट, धारा 81 जे.जे.एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल भी जब्त किए हैं।

नमक के नीचे डेढ़ करोड़ का गांजा राजस्थान के तस्कर दबोचे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा /कोंटा

नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी नेटवर्क पर प्रहार किया है। कोन्टा पुलिस ने ओड़िशा के मलकानगिरी क्षेत्र से मोटू पुल होते हुए राजस्थान नंबर के पिकअप वाहन से 308 किलो 280 ग्राम गांजा बरामद कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रातः लगभग 6:10 बजे आरोपी पकड़े गए। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 54 लाख 14 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने गांजा परिवहन में प्रयुक्त ⏭ शेष पेज 7 पर



छुट्टी लेकर सिंगापुर घूम आया बाबू, अब जांच अफसर पर मारपीट का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले केआरंग तहसील में पदस्थ एक बाबू के बिना अवकाश स्वीकृत कराए विदेश यात्रा पर जाने का मामला अपर कलेक्टर मनीष मिश्रा और कर्मचारियों के बीच विवाद का कारण बन गया है। सूत्रों से पता चला कि बाबू स्वास्थ्य खराब होने का बहाना बनाकर बिना अवकाश स्वीकृत कराए सिंगापुर यात्रा पर गया था। लौटने के बाद जब इसकी जानकारी अपर कलेक्टर को हुई, तो उन्होंने बाबू को कलेक्टोरेट स्थित अपने दफ्तर बुलाया और उसकी जमकर क्लास ली। इधर अपर कलेक्टर की डांट खाने के बाद बाबू ने कलेक्टोरेट कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को जानकारी दी कि अपर कलेक्टर ने फटकार लगाने के ⏭ शेष पेज 7 पर

खास खबर

तहसीलदार से जांच कराई जा रही

कर्मचारी बिना अवकाश स्वीकृत कराए सिंगापुर यात्रा पर गया, इसकी शिकायत आई है, जिसकी तहसीलदार से जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जाएगी, जिस पर वे निर्णय लेंगे।

- अभिलाषा पैकरा, एसडीएम आरंग

वर्ष 2025 के लिए किसी भी खिलाड़ी को खेल रत्न नहीं

तेजस्विन, दिव्या सहित 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने मंगलवार को वर्ष 2025 के लिए किसी भी खिलाड़ी को प्रतिष्ठित ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार नहीं देने का फैसला किया जबकि 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना। इन पुरस्कारों के लिए छह महीने पहले सिफारिश की गई थी जिनका खेल मंत्रालय ने मूल्यांकन किया और किसी भी खिलाड़ी को खेल रत्न पुरस्कार नहीं देने का फैसला लिया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अरुण कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने हॉकी स्टार हार्दिक सिंह को देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार के लिए नामित किया था लेकिन ⏭ शेष पेज 7 पर



अर्जुन पुरस्कार

तेजस्विन शंकर (एथलेटिक्स), प्रियंका गोस्वामी (एथलेटिक्स), नरेंद्र (मुक्केबाजी), विदित गुजराती (शतरंज), दिव्या देशमुख (शतरंज), धनुष श्रीकांत (बधिर शूटिंग), राजकुमार पाल (हॉकी), सुरजीत (कबड्डी), रुद्रांश खंडेलवाल (पैरा-शूटिंग), एकता भ्याण (पैरा-एथलेटिक्स), अरविंद सिंह (रोइंग), अखिल श्योराण (शूटिंग), त्रीसा जॉली (बैडमिंटन), गायत्री गोपीचंद (बैडमिंटन), लालरेम्सियामी (हॉकी), मुहम्मद अजमल (एथलेटिक्स), पूजा (कबड्डी)।

अर्जुन पुरस्कार (जीवनपर्यंत): श्री आई अरुमैनायगम (फुटबॉल)

अर्जुन पुरस्कार में इतनी राशि

देश का सर्वोच्च खेल सम्मान खेल रत्न में एक पदक, प्रशस्ति पत्र और 25 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है, जबकि अर्जुन पुरस्कार विजेता को 15 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाता है। ये पुरस्कार परंपरागत रूप से हर साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में प्रदान किए जाते हैं।



ट्रूथ सोशल पर अमेरिकी राष्ट्रपति का मिडिल ईस्ट जंग पर आया नया पोस्ट

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को ट्रूथ सोशल पर स्ट्रैट ऑफ होर्मुज का एक नक्शा पोस्ट किया, जिसमें इसे 'न्यू यूएस टेरिटरी' बताया गया है। पोस्ट किए गए ग्राफिक में ईरान और ओमान के बीच स्थित स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को घेरा गया है और उसके ऊपर 'न्यू यूएस टेरिटरी' लिखा दिखाई देता है। इससे कुछ दिन पहले ट्रंप ने कहा था कि वह जल्द ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को अमेरिका का क्षेत्र घोषित कर सकते हैं। बता दें कि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते हफ्ते भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर ऐसा दावा किया था। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा था कि अमेरिका का होर्मुज पर पूरी तरह कंट्रोल है और वह इसे अपने पास ही रखेगा। उन्होंने अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी को 'स्टील की दीवार' करार देते हुए कहा था कि ईरान इस बारे में कुछ नहीं कर सकता. ट्रंप ने ये भी कहा था कि ईरान का सैन्य ढांचा पूरी तरह नष्ट हो चुका है, देश में 300% मंहगाई है और उसके पास केवल फर्जी खबरें बची हैं।

ट्रंप ने बताया होर्मुज को 'अपना' इलाका, नक्शा किया पोस्ट

ईरान ने कहा, होर्मुज अभी-भी बंद, शर्तें न मानने तक आगे भी रहेगा बंद

ईरान ने किया पलटवार

ट्रंप के इस दावे वाली पोस्ट का ईरान की ओर से तुरंत खंडन किया गया था। पर्सियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी (पीजीएसए) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट जारी कर अमेरिकी बयानों पर पलटवार करते हुए लिखा था कि अमेरिकी अफसरों के बार-बार किए जा रहे दावे और पोस्ट जमीनी हकीकत को नहीं बदलते हैं। ईरान की ओर से कहा गया था कि होर्मुज अभी-भी बंद है और जब तक ईरान की शर्तों को स्वीकार नहीं किया जाता, तब तक इसे दोबारा नहीं खोला जाएगा। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एसएनएससी) के नए प्रमुख मोहसिन रजाई ने एक्स पर मैसेज जारी कर तेहरान का रुख साफ करते हुए लिखा था कि, ईरान का संदेश स्पष्ट है- जब तक अमेरिका युद्ध और नाकेबंदी खत्म नहीं करता, ईरान की जब्त संपतियों को बहाल नहीं करता और लेबनान व गाजा समेत पूरे क्षेत्र में युद्धविराम के लिए सहमत नहीं होता, तब तक होर्मुज बंद रहेगा।





दोनों पक्ष करते रहे हैं बयानबाजी

ट्रंप ने रजाई के मैसेज के बाद फिर न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि ईरान को पूरी तरह हराने के बाद वे स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को अमेरिका का इलाका घोषित करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया था कि अमेरिकी नौसेना इस पूरे समुद्री रास्ते की नाकाबंदी कर रही है। इसके जवाब में ईरान ने फिर से पलटवार किया था। इसके जवाब में ईरानी नेता इब्राहिम अजीजी ने तंज कसा था कि 'ट्रंप को होर्मुज पर दावे करने के बजाय अपनी सुरक्षा की चिंता करनी चाहिए, कहीं दोबारा फूड ट्रक में छिपने की नौबत न आ जाए।' इन सारे बयानबाजी के बाद मंगलवार को एक बार फिर ट्रंप ने ऐसा ही दावा किया है। इस बार अमेरिकी राष्ट्रपति ने होर्मुज को अपना इलाका घोषित करते हुए तस्वीर ही पोस्ट कर दी है। ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने लिखा है कि होर्मुज यूएस का नया इलाका है।

क्या ट्रंप सच में होर्मुज को अमेरिकी क्षेत्र बना सकते हैं?

ट्रंप की पोस्ट ने इस सवाल को जरूर हवा दे दी है, लेकिन एआई तस्वीर को आधिकारिक अमेरिकी क्षेत्रीय घोषणा नहीं माना जा सकता। किसी अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग या क्षेत्र को अमेरिका का हिस्सा बनाने का फैसला सिर्फ सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर करने से नहीं हो जाता। फिलहाल ट्रंप का पोस्ट ज्यादा बड़ा राजनीतिक और रणनीतिक संदेश माना जा रहा है। बता दें, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज फारस की खाड़ी को अरब सागर और ओमान की खाड़ी से जोड़ने वाला बेहद महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता है। दुनिया के तेल और ऊर्जा कारोबार के लिए इसकी रणनीतिक अहमियत बहुत ज्यादा है। खाड़ी क्षेत्र से निकलने वाले तेल और गैस के बड़े हिस्से की आवाजाही इसी रास्ते से होती है।

खबर संक्षेप

लाल किला धमाका वानी की डिफॉल्ट जमानत अर्जी खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने



मंगलवार को जासिर बिलाल वानी को डिफॉल्ट जमानत देने से इनकार कर दिया। बिलाल दिल्ली लाल किला ब्लास्ट केस में आरोपी है। उसने नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की जांच का समय बढ़ाए जाने के आधार पर डिफॉल्ट जमानत मांगी थी। जस्टिस प्रतिभा एम सिंह और विकास महाजन की डिवीजन बेंच ने जासिर बिलाल वानी उर्फ दानिश की अर्जी खारिज कर दी। बिलाल के वकील ने तर्क दिया था कि 90 दिनों के मामले में यूएपीए की धारा 43 (डी) लागू होती है।

अपहरण : 26 साल बाद आरोपी गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने अपहरण के मामले में अंतरिम जमानत मिलने के बाद 26 साल पहले फरार हुए दोषी को उत्तराखंड से गिरफ्तार कर लिया है। वह अपनी पहचान बदलकर देहरादून में बिल्डर बन गया था। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, उसने एक व्यक्ति का अपहरण कर एक करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की थी और इस मामले में उसे उम्र कैद की सज़ा सुनाई गई थी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में सैदपुर के मूल निवासी अमित यादव को अपराध शाखा की टीम ने 13 अगस्त की रात को गिरफ्तार किया।

चमोली में 5 दिन बाद खत्म हुआ रेस्क्यू

चमोली। उत्तराखंड के चमोली में स्थित पीपलकोटी टनल हादसे के बाद चलाया जा रहा राहत और बचाव अभियान अब खत्म हो गया है। रेस्क्यू टीमों ने टनल में फंसे आखिरी लापता श्रमिक का शव भी बाहर निकाल लिया है। इस हादसे में कुल 10 मजदूरों की जान चली गई है, जबकि 12 लोग घायल हो गए। हाट-सियासैंण, मायापुर (पीपलकोटी) स्थित टीएचडीसी की 444 मेगावाट क्षमता वाली निर्माणाधीन टेल रेस टनल में 13 अगस्त 2026 को अचानक पानी और भारी मात्रा में मलबा घुस गया था। इस घटना के चलते टनल के अंदर काम कर रहे 22 मजदूर वहीं फंस गए थे।

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला, जहरीले इंजेक्शन या गोली मारने की की गई थी मांग

मौत की सजा का नहीं बदलेगा तरीका, दूसरा तरीका अपनाने की मांग वाली याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा पाने वाले कैदियों को फांसी देने के बजाय कोई दूसरा तरीका अपनाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिका में कहा गया था कि फांसी देना सजा-ए-मौत देने का एक दर्दनाक तरीका है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि भविष्य में ठोस सबूत आने पर इस मुद्दे पर दोबारा समीक्षा की जा सकती है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने मौत की सजा देने के लिए फांसी की जगह कम पीड़ादायक तरीकों, जैसे नस के जरिए घातक इंजेक्शन देने के विकल्प को अपनाने की मांग को सिरे से ठुकरा दिया। पीठ ने कहा कि फिलहाल देश में मौत की सजा देने के लिए 'फांसी' ही वैध तरीका है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि 'उसके समक्ष पेश किए गए सबूतों से यह साबित नहीं होता कि फांसी की तुलना में जानलेवा इंजेक्शन से मौत की सजा देने का कोई अतिरिक्त लाभ है।'



सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि ठोस मेडिकल सबूत मिलने पर दोबारा करेंगे समीक्षा

याचिकाकर्ता का जोर

खास खबर

पीठ ने कहा है कि 'याचिकाकर्ता ने इस बात पर जोर दिया था कि फांसी देने का तरीका सजा पाने वाले कैदी के लिए शारीरिक रूप से दर्दनाक और मानसिक रूप से बहुत कष्टकारी होता है, लेकिन इस तर्क का समर्थन करने के लिए कोई ठोस वैज्ञानिक या अनुभव-आधारित साक्ष्य पेश नहीं किया। फैसले में कहा गया कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई ठोस वैज्ञानिक सबूत नहीं है जिससे यह साबित हो सके कि जहरीला इंजेक्शन (लीथल इंजेक्शन) देकर मौत की सजा देना, फांसी देने के तरीके से बेहतर या अधिक मानवीय है।'

वैज्ञानिक साक्ष्य आने पर दोबारा किया जाएगा विचार

हालांकि पीठ ने अपने फैसले में यह स्पष्ट कर दिया कि 'फांसी' को खत्म करने की मांग वाली इस रिट याचिका को खारिज करने का मतलब यह नहीं है कि भविष्य में केंद्र सरकार को मौजूदा सजा-ए-मौत के तरीके की व्यापक समीक्षा करने से रोका जा सकेगा। पीठ ने कहा कि संविधान की व्याख्या एक गतिशील प्रक्रिया है और इसे संवैधानिक सिद्धांतों के विकास और वैज्ञानिक ज्ञान में हुई प्रगति के अनुसार बदलते रहना चाहिए। फैसले में कहा गया है कि यदि कोई ठोस मेडिकल या वैज्ञानिक साक्ष्य सामने आते हैं जिन्हें इस मुद्दे पर दोबारा विचार करने की जरूरत पता चलती है, तो समीक्षा की जा सकती है।

'सरकार चाहे तो बना सकती है समिति'

पीठ ने यह भी कहा है कि 'यह फैसला केंद्र सरकार को किसी विशेषज्ञ समिति/निकाय के जरिए सजा देने के तरीके की व्यापक समीक्षा करने से नहीं रोकेगा कि वर्तमान में मृत्युदंड देने की जो व्यवस्था है, उसके स्थान पर कोई वैकल्पिक तरीका अपनाया जा सकता है या नहीं। इसके लिए केंद्र किसी विशेषज्ञ समिति का गठन कर सकता है। इसका उद्देश्य यह देखना होगा कि दोषी को अनावश्यक पीड़ा से बचाने और उसकी गरिमा बनाए रखने के संवैधानिक उद्देश्य को कौन- सा वैकल्पिक तरीका बेहतर तरीके से पूरा कर सकता है।

कम पीड़ा देने वाले तरीके

सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ अधिवक्ता ऋषि मल्होत्रा की ओर से वर्ष 2017 में दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता ने दोषियों को फांसी की जगह 'नस के जरिए घातक इंजेक्शन देना, गोली मारकर, बिजली का झटका देकर या गैस चैंबर में डालने, जैसे तरीके अपनाने की मांग की थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने यह भी कहा था मौत की सजा पाए दोषी को कम से कम यह विकल्प दिया जाना चाहिए कि वह फांसी या घातक इंजेक्शन में से किस तरीके से मरना चाहता है।

आरोपियों की सोशल मीडिया में फोटो, केंद्र-राज्यों और मेटा-एक्स को नोटिस

भड़के सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पुलिस की तरफ सोशल मीडिया के कथित गलत इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और सभी राज्यों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मेटा और एक्स से भी जवाब मांगा है। याचिका में अलग-अलग राज्यों के ऐसे मामलों का हवाला दिया गया है, जहां पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उनके वीडियो सार्वजनिक किए। हेमेंद्र पटेल नाम के याचिकाकर्ता ने कहा है कि गृह मंत्रालय की गाइडलाइन के बावजूद कई जगह पुलिस आरोपियों को रस्सी से बांधकर ले जाती है। पुलिस ऐसी तस्वीरें या वीडियो सोशल मीडिया पर डालती है। इस तरह की हरकत से न सिर्फ आरोपी के सम्मान पर असर पड़ता है, निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार भी प्रभावित होता है।



नहीं है स्पष्ट नियम

याचिका में यह भी कहा गया है कि मेटा और एक्स की नीतियों में पुलिस की तरफ से आरोपियों की ऐसी तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए जाने से निपटने के लिए स्पष्ट नियम नहीं हैं। यह याचिका पहले भी दाखिल की गई थी। इस साल मार्च में सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई थी। तब कोर्ट ने कहा था कि उसने जनवरी में राज्यों को ऐसे मामलों के लिए गाइडलाइंस बनाने को कहा है। यह अवधि अप्रैल में पूरी हो रही है। इसके बाद याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली थी। अब उसने दोबारा याचिका दाखिल करते हुए बताया है कि राज्यों ने इस बारे में कोई कार्रवाई नहीं की है।

सोशल मीडिया को नियंत्रित करना बड़ी चुनौती : सीजेआई

चीफ जस्टिस सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली 3 जजों की बेंच के सामने याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन पेश हुए। उन्होंने कहा कि कुछ हाई कोर्ट ने इस बारे में गाइडलाइन दी हैं, लेकिन पूरे देश में लागू होने वाले साफ नियम जरूरी हैं। चीफ जस्टिस ने इस पर सहमति जताते हुए कहा कि सोशल मीडिया को नियंत्रित करना एक बड़ी चुनौती है।

फिलीपींस के स्कूल में फिर गोलीबारी

सहपाठी को मारी गोली, फायरिंग का वीडियो फेसबुक पर किया लाइव

एजेंसी ▶▶| मनीला

दक्षिणी फिलीपीन के एक माध्यमिक स्कूल परिसर में दो पिस्तौल लेकर पहुंचे छात्र ने अपने एक सहपाठी की गोली मारकर हत्या कर दी और फिर खुदकुशी कर ली। आरोपी छात्र बॉडी कैमरा पहने हुए था जिसकी मदद से उसने घटना की 'लाइव स्ट्रीमिंग' भी की। गोलीबारी की घटना के बाद सैकड़ों छात्रों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। पुलिस और शहर के अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में दो अन्य लोग घायल हो गए। फिलीपीन में महज दो महीने में स्कूल में गोलीबारी की यह दूसरी घटना है। इससे पहले जून में सेंट्रल टैकलोबन शहर में हुई गोलीबारी में माध्यमिक स्कूल के तीन छात्रों की मौत हो गई थी और कम से कम 20 लोग घायल हो गए थे।



शिक्षक को भी बनाया था निशाना

दक्षिणी बंदरगाह शहर जाम्बोआंगा में एटेनिओ डी जाम्बोआंगा विश्वविद्यालय परिसर में माध्यमिक स्कूल की इमारत में यह वारदात हुई। पुलिस ने बताया, संदिग्ध की पहचान नौवीं कक्षा के छात्र मोहम्मद माएल जलानी के तौर पर की गई है। उसने कक्षा में बैठे एक शिक्षक पर गोली चलाई, लेकिन वह चूक गया। पुलिस की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक इसके बाद उसने इमारत की चौथी मंजिल पर एक छात्र को गोली मारी और फिर एक मंजिल ऊपर जाकर खुदकुशी कर ली।

घटना के कारणों का नहीं चला पता

पुलिस प्रमुख जोस मेलेंसियो नार्टाटेज जूनियर ने कहा, 'अधिकारी फिलहाल घटना के कारणों और परिस्थितियों का पता लगा रहे हैं।' गृह सचिव जॉनविक रेमुल्ला ने पत्रकारों को बताया, 'आरोपी ने सीढ़ियां चढ़ते समय से ही 'फेसबुक लाइव' किया था और घटना की लाइव स्ट्रीमिंग की थी। हालांकि उसमें केवल कुछ ही अंश थे। हम उसके ऑनलाइन गेम और 'चैट हिस्ट्री' की जांच करेंगे। इसलिए जब तक पूरी फॉरेंसिक जांच नहीं हो जाती तब तक हम यह पूरी तरह नहीं बता सकते कि ऐसा क्यों हुआ।'

पाक : इमरान को निजी अस्पताल ले जाने का आदेश

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को चिकित्सकीय जांच के लिए एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने का मंगलवार को आदेश दिया।



यह आदेश जेल अधिकारियों के उस बयान के एक दिन बाद आया, जिसमें कहा गया था कि इमरान खान (73) की दृष्टि 'लगभग सामान्य' है। अदालत ने इस साल की शुरुआत में खान की आंखों की बीमारी के संबंध में दायर कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया।

कलकत्ता हाईकोर्ट का बड़ा आदेश

ऋतब्रत ही रहेंगे नेता विपक्ष ममता गुट को बड़ा झटका

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) के पद को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर चल रही कानूनी और राजनीतिक खींचतान में कलकत्ता हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने बड़ा अंतरिम आदेश दिया है। अदालत ने निर्णय लिया है कि टीएमसी के ऋतब्रत बनर्जी तब तक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर बने रहेंगे, जब तक कि सिंगल बेंच दो महीने के भीतर इस मामले पर अपना अंतिम फैसला नहीं सुना देती। जस्टिस शंपा सरकार और जस्टिस अजय कुमार गुप्ता की पीठ ने यह अंतरिम आदेश पारित किया।





यह है विवाद

यह पूरा विवाद विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) रथीन बोस के उस फैसले से जुड़ा है, जिसके तहत उन्होंने ऋतब्रत बनर्जी को विपक्ष का नेता नियुक्त किया था। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और ममता बनर्जी खेमे के दिग्गज नेता शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने अपने नाम की अनदेखी करने और ऋतब्रत बनर्जी की नियुक्ति के स्पीकर के फैसले को असंवैधानिक बताते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इससे पहले 18 जून को हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने स्पीकर के फैसले पर तुरंत कोई अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

अदालत के निर्देश के मायने

डिवीजन बेंच के इस आदेश का सीधा मतलब यह है कि फिलहाल ऋतब्रत बनर्जी बिना किसी रुकावट के विधानसभा में विपक्ष के नेता की संवैधानिक जिम्मेदारियां संभालते रहेंगे। हालांकि, उनकी कुर्सी बनी रहेगी या नहीं, इसका अंतिम फैसला अगले दो महीनों के भीतर सिंगल बेंच की विस्तृत सुनवाई और आने वाले फैसले पर निर्भर करेगा।

नालसार विवाद का असर, विरोध की चिंता के चलते बदले गए मुख्य अतिथि

अब टाटा इंस्टीट्यूट के दीक्षांत में भी चीफ गेस्ट नहीं होंगे सीजेआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई के टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टिस्स) के 86वें दीक्षांत समारोह में अब सीजेआई सूर्यकांत चीफ गेस्ट नहीं होंगे। 22 अगस्त को होने वाले समारोह में उनकी जगह टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सीएस प्रमेश मुख्य अतिथि होंगे। पहले सीजेआई सूर्यकांत को मुख्य अतिथि बनाया गया था और उन्हें दीक्षांत समारोह में भाषण देना था। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब हैदराबाद की नालसार यूनिवर्सिटी में 450 से ज्यादा छात्रों ने सीजेआई सूर्यकांत को दीक्षांत समारोह का मुख्य अतिथि बनाए जाने का विरोध किया था। इसके बाद काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने लॉ यूनिवर्सिटी के पूरे बैच के छात्रों को वकील के तौर पर एनरोल करने से रोकने का निर्देश दिया था। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, जिसके बाद बीसीआई ने अपना आदेश वापस ले लिया था।

सीजेआई की जगह टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल डायरेक्टर होंगे चीफ गेस्ट





पहले टाल दिया था कार्यक्रम

टिस्स का दीक्षांत समारोह पहले 2 अगस्त को होना था। हालांकि, इंस्टीट्यूट ने आयोजन से सिर्फ दो दिन पहले 'अप्रत्याशित परिस्थितियों' का हवाला देकर टाल दिया था। संस्थान ने कहा था कि उस समय समारोह के लिए अनुकूल माहौल नहीं था। टिस्स ने कहा कि छात्रों, फैकल्टी, कर्मचारियों और मेहमानों की सुरक्षा और सामान्य कैंपस गतिविधियां प्रभावित हो सकती थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीजेआई के दौरे को लेकर संभावित विरोध और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता थी।

यह था नालसार विवाद

नालसार यानी नेशनल एकेडमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च हैदराबाद की प्रमुख लॉ यूनिवर्सिटी है, जहां करीब 1,400 छात्र पढ़ते हैं। सीजेआई को मुख्य अतिथि बनाए जाने के विरोध की शुरुआत 2026 बैच के करीब 70 छात्रों ने की थी। बाद में यह संख्या बढ़कर 450 से ज्यादा हो गई। छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को पत्र देकर निमंत्रण वापस लेने की मांग की थी। इसके बाद बीसीआई ने पूरे 2026 बैच के छात्रों के एनरोलमेंट पर रोक लगाने का निर्देश जारी कर दिया।

सीजेआई ने कहा था- छात्रों को विरोध का अधिकार

मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचने पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि बीसीआई को मामले में दखल देने की जरूरत नहीं है। सीजेआई ने कहा कि अगर छात्रों के पास विरोध का कोई कारण है तो उन्हें अपनी बात रखने का अधिकार है। कोर्ट ने बीसीआई से जवाब मांगा। साथ ही छात्रों और फैकल्टी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने को कहा। इसके बाद बीसीआई ने विवादित सर्कुलर वापस ले लिया।

केजरीवाल सौरभ ने उठाए सवाल

'आप विधायक कुलदीप को उठा ले गई पुलिस'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कल्याणपुरी में सफाई कर्मचारी अनिल की दिनदहाड़े चाकू मारकर हत्या किए जाने के मामले में पिछले दो दिनों से धरना दे रहे आप विधायक कुलदीप कुमार को मंगलवार सुबह करीब 4 बजे दिल्ली पुलिस द्वारा उनके घर से ले जाने का आरोप लगाया है। आप दिल्ली यूनिट के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और विधायक कुलदीप कुमार के आधिकारिक हैंडल से दावा किया गया कि आज सुबह 4 बजे करीब 20 पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में पहुंचे और आप विधायक को अगवा कर ले गए हैं। सौरभ के बाद अब आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर केंद्र से तीखे सवाल पूछे हैं।



ऐसी गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं

केजरीवाल ने प्रधानमंत्री को टैग करते हुए एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री मोदी जी, हमारे विधायक कुलदीप कुमार कहां हैं?. उन्होंने कहा कि सुबह 4 बजे आपकी दिल्ली पुलिस कुलदीप कुमार को उनके घर से उठा ले गई, सीसीटीवी तोड़ दिए और डीवीआर साथ ले गई। आपकी पुलिस कुछ नहीं बता रही. अगर एक विधायक को बिना किसी जानकारी के बिना किसी कारण इस तरह पुलिस घर से उठा कर ले जा सकती है तो इस देश में आम आदमी बेचारा कहां जाए।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

एथेनाल के कारण शक्कर की कमी

कारोबारियों का कहना है कि शक्कर की कमी का कारण एथेनाल भी है। अब गन्नों से एथेनाल बनने के कारण गन्ने की कीमत में इजाफा हो गया है। सरकार ने गन्ने का समर्थन मूल्य भी बढ़ाकर 365 रुपए क्विंटल कर दिया है। ऐसे में खुले बाजार में गन्ने की कीमत और बढ़ गई है। खुले बाजार में चार सौ रुपए क्विंटल से ज्यादा दाम हो गए हैं। ऐसा होने से शक्कर का लागत मूल्य बढ़ने के कारण शक्कर की कीमत में इजाफा हो रहा है। किसान अपना ज्यादातर गन्ना एथेनाल बनाने के लिए दे रहे हैं तो शक्कर के कारखानों में गन्ने की कमी हो रही है।



शक्कर में कड़वाहट...50 दिनों में 50 फीसदी बढ़े दाम, थोक में 55 और चिल्हर में अब 60 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इतिहास में पहली बार शक्कर के दाम 50 दिनों में 50 फीसदी तक बढ़ गए हैं। जून में जो शक्कर थोक में 38 रुपए और चिल्हर में 40 से 42 रुपए किलो थी, उसके दाम अब थोक में 54 से 55 और चिल्हर में 60 रुपए हो गए हैं। जुलाई से शक्कर के दाम में इजाफा प्रारंभ हुआ और अब इसके दाम आसमान पर चले गए हैं। शक्कर के दाम अभी और बढ़ने की आशंका है।

> आने वाले त्योहारों में शक्कर के दाम 65 से 70 रुपए किग्रा तक पहुंचने की आशंका

> गन्ने के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी के कारण शक्कर उत्पादन की लागत बढ़ने का अनुमान

अलग खबर

त्योहारी सीजन में इसके दाम 65 से 70 रुपए तक जा सकते हैं। केंद्र सरकार ने भी शक्कर की जमाखोरी की आशंका के बीच अब 1 अगस्त से कारोबारियों के लिए चार हजार क्विंटल के स्टॉक सीमा तय कर दी है। इसके बाद से शक्कर के दाम और तेजी से बढ़े हैं। कारोबारियों का कहना है कि गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ने और गन्ने का उपयोग एथेनाल बनाने में होने के कारण शक्कर की कमी हो रही है, जिसके ⏭शेष पेज 7 पर

इसर

जुलाई से बढ़ने लगे दाम

शक्कर के दाम बीते माह जुलाई से बढ़ने प्रारंभ हुए हैं। जून के अंत में शक्कर के दाम थोक में 38 रुपए थे और चिल्हर में 40 रुपए किलो थे। जुलाई के प्रारंभ में शक्कर के दाम थोक में 39 रुपए से 42 रुपए और चिल्हर में 45 रुपए किलो हुए। इसके बाद इसके दाम में तेजी से इजाफा तक हुआ, जब केंद्र सरकार ने एक अगस्त से स्टॉक की सीमा तय की। अगस्त के प्रारंभ में शक्कर के दाम थोक में 48 रुपए और चिल्हर में 50 रुपए थे। लेकिन अब इसके दाम थोक में 54 से 55 और चिल्हर में 60 रुपए हो गए हैं।

पहली बार इतने दाम

शक्कर के दाम थोक में पहली बार 54 से 55 रुपए किलो हो गए हैं। दाम इतने होने के बाद भी स्टॉक नहीं मिल रहा है।

- प्रेम पाहूजा
अध्यक्ष, डूमरतराई थोक बाजार

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

प्रधानमंत्री मोदी सेमीकॉन इंडिया का करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को सेमीकॉन इंडिया-2026 के पांचवें संस्करण का



उद्घाटन करेंगे। इस सम्मेलन में वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग के प्रमुख, सरकारी अधिकारी, राज्यों के प्रतिनिधि और क्षेत्र के विशेषज्ञों के एक मंच पर आने की उम्मीद है। तीन दिवसीय सम्मेलन का विषय 'सिलिकॉन टू सिस्टम्स : बिल्डिंग द इकोसिस्टम' है।

ट्रक और 'डंपर' की टक्कर में आठ मजदूरों की मौत

भिंड/लखीमपुर खीरी। मध्यप्रदेश के भिंड जिले में मंगलवार तड़के एक ट्रक के 'डंपर' से टकराने से आठ मजदूरों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए। यह हादसा भिंड-ग्वालियर राष्ट्रीय राजमार्ग पर छिमका गांव के पास रात करीब एक बजे हुआ। ये मजदूर ग्वालियर में धान की रोपाई का काम पूरा करने के बाद उत्तर प्रदेश के अपने गांव लौट रहे थे।

स्वास्थ्य मंत्री नड्डा की एंजियोप्लास्टी

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा की दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान



संस्थान (एम्स) में एंजियोप्लास्टी की गई और उनकी हालत स्थिर है। अस्पताल प्रशासन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नड्डा को बेचैनी महसूस होने के बाद 13 अगस्त को एम्स में भर्ती कराया गया था।

केंद्र सरकार को घेरने की तय होगी रणनीति

नई दिल्ली। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक बुधवार को यहां होगी, जिसमें छात्रों के मुद्दे और राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के आरोप को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति पर चर्चा होने की संभावना है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता इसमें शामिल होंगे।

12 स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर शहर में मंगलवार तड़के 12 से अधिक स्कूलों को बम विस्फोट की धमकी



वाले ईमेल मिले। पुलिस ने स्कूल परिसरों की तलाशी ली, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। ईमेल जीमेल खाते से भेजे गए थे और इनमें 31 अगस्त को स्कूलों में विस्फोट किए जाने की धमकी दी गई थी।

सुप्रीम आदेश : पूर्व जज और पूर्व सीबीआई चीफ वाली हाईलेवल कमेटी

पुलिस के खिलाफ ज्यादती के आरोपों पर जांच करेगा पैनल

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह दिल्ली में प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों के खिलाफ पुलिस की ज्यादती तथा पुलिसकर्मियों के विरुद्ध हिंसा के आरोपों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करेगी। इसमें सेवानिवृत्त न्यायाधीश, एक पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं सीबीआई के पूर्व निदेशक शामिल होंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की खंडपीठ ने कहा कि समिति में शामिल किए जाने वाले अन्य सदस्यों के बारे में अलग-अलग पक्षों से सुझाव मिलने के बाद उसके गठन का आदेश बुधवार को जारी किया जाएगा। खंडपीठ ने कहा कि इस उच्च-स्तरीय समिति को तथ्यों का पता लगाने का काम सौंपा जाएगा और उसे सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। इधर, दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर अत्यधिक बल प्रयोग के आरोपों से इंकार करते हुए कोर्ट में जवाबी हलफनामा दाखिल किया है। डीसीपी सचिन शर्मा की तरफ से दाखिल हलफनामे में कहा गया है कि हालात बिगड़ने के बाद प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए उपलब्ध और वैध तरीकों का इस्तेमाल किया गया। पुलिस के मुताबिक, भीड़ के हिंसक और अनियंत्रित होने के बाद ही चरणबद्ध तरीके से बल प्रयोग किया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हमें पूरा भरोसा है कि समिति उसके पास आने वाले किसी भी पीड़ित की बात तत्काल सुनेगी।

नीट प्रदर्शन के दौरान 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान हुई हिंसा

समिति में कौन-कौन होंगे

सीजेआई ने बताया कि समिति में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश, हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और पूर्व डीजीपी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि एक पूर्व सीबीआई निदेशक और ऐसे पूर्व डीजीपी की सहमति भी मिल चुकी है, जो वर्तमान विवाद से जुड़े किसी राज्य के नहीं हैं। पीठ ने सभी पक्षों को समिति के अधिकार क्षेत्र और जांच के दायरे को लेकर लिखित सुझाव देने की अनुमति दी है। कोर्ट पहले ही प्रदर्शन से जुड़े सीसीटीवी, ड्रोन फुटेज, रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने का निर्देश दे चुका है।

सीजेपी बोली- सदस्य स्वतंत्र हों

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सह संयोजक सौरभ दास और लीग मामलों की प्रमुख रत्ना सिंह ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के बाहर साफ कर दिया कि उन्होंने इसकी मांग नहीं की है, लेकिन फिर भी यदि समिति बनाई जा रही है, तो इसके सदस्य स्वतंत्र हों और शक के दायरे से बाहर हों। सीजेपी ने कमिटी में उनके सदस्य को भी शामिल करने की बात कही है।



इधर, रिजिजू बोले- किसी की हड्डी नहीं टूटी



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पुलिस की ज्यादती के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हजारों प्रदर्शनकारियों और राजनीतिक आंदोलनकारियों के घुसपैठ के बावजूद, किसी भी प्रदर्शनकारी को गंभीर चोट नहीं आई और न ही किसी की जान गई। रिजिजू ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, किसी की भी हड्डी नहीं टूटी। गंभीर चोट के कारण कोई भी प्रदर्शनकारी अस्पताल में भर्ती नहीं है।

छात्रों का भविष्य दांव पर

पीठ ने छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामले रद्द करने का विरोध कर रहे एक वकील से कहा, छात्रों का भविष्य दांव पर है। हमें इस पर विचार करना होगा। उनका पूरा भविष्य सामने है। उन्हें अनुच्छेद 19 के तहत प्रदर्शन करने का अधिकार है। मेहता ने कहा कि पुलिस ने 2,800 से अधिक ऐसे 'असामाजिक तत्वों' की पहचान की है जो पहले गंभीर अपराधों में शामिल रहे हैं और 20 जुलाई के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के लिए जिम्मेदार थे।

पीड़ितों की ऐसी दलील

हिंसा के कई पीड़ितों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकीलों मेनका गुरुस्वामी, वृंदा ग्रोवर और एन. हरिहरन ने कहा कि पुलिस को निगरानी तकनीक, चेहरे की पहचान की तकनीक और दूसरे डिजिटल तरीकों से निगरानी करने की तकनीक का इस्तेमाल करने एवं किसी निजी कंपनी के पास डेटा संभालकर रखने का अधिकार नहीं है, क्योंकि यह लोगों की निजता का उल्लंघन है।

2,873 गंभीर मामलों वाले आरोपियों को राहत नहीं

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि करीब 2873 लोगों के खिलाफ हत्या, दुष्कर्म, अपहरण जैसे गंभीर अपराधों के मामले हैं। ऐसे लोगों के मामलों को एफआईआर वापसी की सामान्य राहत से अलग रखा जा सकता है।

व्हाट्सएप ग्रुप में विवादित टिप्पणी पड़ी भारी, पटवारी निलंबित



एजेंसी ⏭ पामगढ़

तहसील कार्यालय पामगढ़ में पदस्थ पटवारी को सरकारी सेवा के आचरण नियमों के उल्लंघन के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बताया जाता है कि उसने व्हाट्सएप ग्रुप में शनिवार रविवार को काम नहीं करने की बात करते हुए यहां तक कहा था कि एसडीएम,कलेक्टर, सचिव या फिर सी एम ही क्यों ना बोले काम नहीं करेंगे। इस मामले में अनुविभागीय ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर

सोशल मीडिया के लिए हिदायत

अपर कलेक्टर एवं पामगढ़ एसडीएम आर के तंबोली ने जारी आदेश में कहा है कि शासकीय सेवक को अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए शासकीय सेवा आचरण के अनुरूप व्यवहार करना चाहिए। साथ ही सार्वजनिक अथवा सोशल मीडिया माध्यमों पर ऐसी टिप्पणी से बचना चाहिए, जिससे शासन, शासकीय पद अथवा संवैधानिक पद की गरिमा प्रभावित हो।

तत्काल प्रभाव से निलंबित

मामले की गंभीरता को देखते हुए पटवारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम, 1966 के नियम-9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय (कानूनगो शाखा) पामगढ़ निर्धारित किया गया है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निलंबन अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

शिक्षा मंत्रालय का बड़ा कदम

एनटीए में 600 एक्सपर्ट की छुट्टी, नए अफसर होंगे नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की परीक्षा प्रणाली में बड़े बदलावों की घोषणा की, जिनमें प्रश्नपत्र की चार-स्तरीय जांच व्यवस्था, 600 विशेषज्ञों को हटाकर उनकी जगह नए विशेषज्ञों की नियुक्ति और कार्यालयों की सुरक्षा सीआईएसएफ को सौंपा जाना शामिल है। यूजीसी-नेट प्रश्नपत्र में गड़बड़ियों और नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाओं को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे शिक्षा मंत्रालय ने व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कई कदम उठाए हैं। शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक के बाद मंत्रालय ने मंगलवार शाम घोषणा की कि जोशी ने परीक्षाओं के सुचारु संचालन के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा और संबंधित बुनियादी ढांचा सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

10 नए पदों के लिए विज्ञापन

सूत्रों के अनुसार, एनटीए में मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, मुख्य वित्त अधिकारी, मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी, महाप्रबंधक (परीक्षा सुरक्षा) और महाप्रबंधक (अनुसंधान एवं विकास तथा मनोमिति) समेत 10 नए पदों के लिए विज्ञापन जारी किए गए हैं। इन पर नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि साइबर सुरक्षा, मनोमिति, प्रश्नपत्र तैयार करने और अन्य विशेष क्षेत्रों के लिए निजी क्षेत्र से भी विशेषज्ञों को शामिल किया जा रहा है।

मंत्री ने दिए निर्देश

शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि बैठक में शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस बात पर जोर दिया कि स्थापित परीक्षा प्रोटोकॉल का सख्त अनुपालन कराया जाए। गोपनीय कार्यप्रणाली (कॉनऑप्स) की संरचना, पृथक कक्षों, एयर-गैप्ड प्रणालियों और उपकरण जमा करने की प्रक्रियाओं में व्यापक बदलाव युद्धस्तर पर लागू किए जाएं। मंत्रालय के मुताबिक, एनटीए को सभी परीक्षा प्रक्रियाओं का गहन ऑडिट करने और उठाए गए सुधारात्मक कदमों पर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

तीन हफ्ते में 20 से 25 अफसर

मंत्रालय के मुताबिक, अगले दो-तीन हफ्ते में 20-25 अधिकारियों को शामिल किया जाएगा, जबकि आगे और नियुक्तियों की भी समीक्षा की गई है। उसने बताया कि एनटीए के कार्यालयों को युद्धस्तर पर नये परिसरों में स्थानांतरित किया जाएगा, जहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टीमों के जरिये मजबूत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि एनटीए कार्यालय राष्ट्रीय राजधानी में ओखला से मिंटो रोड स्थानांतरित किया जाएगा।

कॉलेजियम ने की सिफारिश

हाईकोर्ट में तीन न्यायिक जजों की नियुक्ति की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में तीन न्यायिक अधिकारियों को जज के तौर पर नियुक्त करने की सिफारिश की है। 18 अगस्त को कॉलेजियम की बैठक के बाद जिन तीन नामों की सिफारिश की गई है, उनमें संतोष शर्मा, सुषमा सावंत और सुधीर कुमार शामिल हैं। ध्यान रहे की हाईकोर्ट में जजों की मंजूर संख्या 22 है, जबकि अभी ⏭शेष पेज 7 पर



प्रमुख सचिव के पद पर हैं सुषमा

सुषमा सावंत छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के विधि एवं विधायी कार्य विभाग रायपुर में प्रमुख सचिव के पद पर प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं। इसके अलावा सुधीर कुमार वर्तमान में रायपुर के फैमिली कोर्ट में प्रधान न्यायाधीश के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

एसीबी ने भ्रष्टाचार मामले में किया गिरफ्तार

जल बोर्ड घोटाले में दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र समेत छह पर शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने दिल्ली जल बोर्ड की मलजल शोधन संयंत्र परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में आम आदमी पार्टी नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और बोर्ड के पूर्व सीईओ उदित प्रकाश राय को गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी ने बताया कि जैन व राय के अलावा चार और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में जल बोर्ड के पूर्व संविदा सलाहकार अंकित श्रीवास्तव तथा नागेंद्र यादव, राजा कुमार कुर्रा और पंकज वर्मा भी शामिल हैं।

क्या है आरोप

एसीबी के अनुसार, जांच में पाया गया कि निविदा प्रक्रिया में कथित तौर पर ऐसी तकनीकी विशिष्टताएं और शर्तें शामिल की गई थीं, जो एक विशेष प्रौद्योगिकी प्रदाता कंपनी यूरोटेक एनवायरमेंट प्राइवेट लिमिटेड को फायदा पहुंचाने वाली थीं। इससे प्रतिस्पर्धा सीमित हुई और निजी कंपनी को अनुचित लाभ मिला। एजेंसी ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित प्रायोगिक अध्ययन नहीं किया गया।



ऐसे भेजी गई रकम

एजेंसी का आरोप है कि कमीशन या रिश्वत की रकम को 'सृजनहार' और 'एएन एंटरप्राइजेज' समेत विभिन्न मध्यस्थ संस्थाओं के जरिए भेजा गया। जांच में कथित तौर पर पाया गया कि यादव की स्वामित्व वाली कंपनी के खाते में यूरोटेक से जुड़ी संस्थाओं द्वारा बड़ी रकम हस्तांतरित की गई।

केजरीवाल बोले- भाजपा के इशारे पर कार्रवाई

इस बीच, 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि दिल्ली के पूर्व मंत्री जैन को भाजपा के इशारे पर गिरफ्तार किया गया और दावा किया कि उनके खिलाफ यह मामला भी 'फर्जी' साबित होगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने पूछा कि जैन को जेल में बिताए गए समय और कथित मानसिक यातना के लिए मुआवजा कौन देगा।

सरकार ने ट्रस्ट को सौंपी पहली एसआईटी की रिपोर्ट

राम मंदिर चढ़ावा केस में चंपत-मिश्रा को क्लीन चिट!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच में जुटी एसआईटी ने अपनी फाइनल रिपोर्ट श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दी है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस रिपोर्ट में ट्रस्ट के महासचिव रहे चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा का नाम नहीं है। ऐसे में माना जा रहा है कि चंपत राय और अनिल मिश्रा को एसआईटी ने क्लीनचिट दे दी है। दोनों को इस मामले में बीते 27 जून को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था। अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा ⏭शेष पेज 7 पर

25 जून को पहली रिपोर्ट दर्ज

एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर 25 जून को इस मामले में पहली एफआईआर दर्ज की गई, जिसमें 8 नामजद व अन्य अज्ञात को आरोपी बनाया गया था। ट्रस्ट के सदस्य कृष्णमोहन की लिखित शिकायत पर श्रीराम जन्मभूमि थाने में दर्ज की गई इस एफआईआर में अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पाण्डेय, रमाशंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव, श्री राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू को नामजद तथा अन्य अज्ञात व्यक्तियों को अभियुक्त बनाया गया।



सामने आएगी सच्चाई

अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि एसआईटी की शुरुआती रिपोर्ट श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र तक पहुंच गई है और ट्रस्ट की आगे की कार्रवाई के बाद सच्चाई सामने आएगी। त्रिपाठी ने बताया, ट्रस्ट ने एसआईटी गठित करने की संस्तुति की थी।

इधर, अयोध्या के संतों से मिले चंपत राय

सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट प्राप्त होने और उसे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ साझा किए जाने की पुष्टि के बीच पूर्व महासचिव चंपत राय और पूर्व ट्रस्टी अनिल मिश्रा साधु-संतों के साथ लगातार मुलाकात कर रहे हैं।

आवासीय स्कूल में छात्रा से छेड़छाड़ शिक्षक को भेजा जेल

जगदलपुर। शहर के एक आवासीय विद्यालय में दसवीं कक्षा की नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। शिक्षक के खिलाफ मां के साथ थाना पहुंची पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई जिसके बाद आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक शहर के एक शासकीय विद्यालय में नाबालिग छात्रा के साथ शिक्षक द्वारा छेड़छाड़ व दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत पीड़िता ने मां के साथ पहुंचकर कोतवाली थाना में दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी ⏭शेष पेज 7 पर

चिंतन

बढ़ती महंगाई बनी चुनौती दूरदर्शी नीतियों की दरकार

महंगाई अब नई चुनौती पेश कर रही है। ऐसे में भारत के सामने चुनौती केवल खाद्य कीमतों को नियंत्रित रखने की नहीं, बल्कि उस पूरी शृंखला को सुरक्षित रखने की है जो खेत से थाली तक पहुंचती है। पश्चिम एशिया का तनाव, महंगी ऊर्जा, उर्वरक संकट और मौसम की अनिश्चितता अलग-अलग खतरे जरूर हैं, लेकिन इनके एक साथ आने पर इनका असर कहीं ज्यादा गंभीर हो सकता है। सरकार को संकट बढ़ने का इंतजार करने के बजाय अभी से उर्वरक भंडार, घरेलू उत्पादन, वैकल्पिक आयात स्रोत और खाद्य भंडारण मजबूत करने जैसी नीतियां बनाकर आमजन को महंगाई की आग से बचाना होगा। वहीं, किसानों को भी जलवायु-अनुकूल और कम लागत वाली खेती की ओर बढ़ना होगा। आने वाले वर्षों में खाद्य महंगाई के पीछे अंतरराष्ट्रीय राजनीति, ऊर्जा संकट, उर्वरकों की उपलब्धता और मौसम में बदलाव जैसे कारक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। जेपी मॉर्गन की चेतावनी इसी व्यापक खतरे की ओर संकेत करती है। रिपोर्ट के अनुसार 2027 की पहली छमाही में वैश्विक खाद्य कीमतों में करीब पांच प्रतिशत तक वृद्धि हो सकती है। भारत के लिए यह चेतावनी इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश की बड़ी आबादी की आजीविका कृषि पर निर्भर है और खाद्य वस्तुओं की कीमतों का सीधा असर रसोई पर पड़ता है। इसलिए खाद्य महंगाई को केवल बाजार में मांग और आपूर्ति के नजरिये से देखना पर्याप्त नहीं होगा। सबसे बड़ी चिंता उर्वरकों को लेकर है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव यदि लंबे समय तक बना रहता है तो गैस और उर्वरकों की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसका असर अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर पड़ेगा और भारत की आयात लागत भी बढ़ सकती है। भारत में किसानों को सस्ती दर पर यूरिया उपलब्ध कराने के लिए पहले ही भारी सब्सिडी देती है। किसानों को महंगी खाद से बचाने के लिए सब्सिडी बढ़ाई जाती है तो राजकोषीय बोझ बढ़ेगा। दूसरी ओर सब्सिडी सीमित की जाती है तो किसानों की उत्पादन लागत बढ़ सकती है। इसका असर फसल की कीमतों पर पड़ना तय है और अंततः इसका भार उपभोक्ता पर आ सकता है। मौसम का मोर्चा भी कम अहम नहीं है। 2026 के अंत या 2027 में मजबूत अल नीनो की संभावना को लेकर जताई जा रही आशंकाएं भारत के लिए विशेष महत्व रखती हैं। हालांकि 1997 में मजबूत अल नीनो के बावजूद भारत में सामान्य से अधिक बारिश हुई थी। इसलिए किसी एक मौसम संबंधी घटना को खाद्य संकट का निश्चित कारण मानना उचित नहीं होगा। फिर भी जलवायु परिवर्तन के दौर में सूखा, अत्यधिक बारिश, गर्मी और अनियमित मानसून के जोखिम बढ़े हैं। कृषि नीति को इन अनिश्चितताओं को ध्यान में रखकर तैयार करना होगा। खाद्य महंगाई का सबसे अधिक असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है। अनाज, दाल, सब्जी और दूध जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमत बढ़ने पर परिवारों का बजट बिगड़ता है। इसलिए सरकार को केवल महंगाई के आंकड़े नियंत्रित करने के बजाय उन कारणों पर भी काम करना होगा जो कीमतों को ऊपर ले जाते हैं। जेपी मॉर्गन का अनुमान अंतिम सत्य नहीं है। वैश्विक बाजार और मौसम की परिस्थितियां बदल सकती हैं, लेकिन चेतावनी नजरअंदाज करना भी उचित नहीं है। भारत को खाद्य सुरक्षा को उर्वरक, ऊर्जा, जल और जलवायु सुरक्षा से जोड़कर व्यापक रणनीति तैयार करनी होगी। यही दूरदर्शिता किसान की लागत और आम आदमी की थाली, दोनों को भविष्य की वैश्विक उथल-पुथल से बचाने का सबसे मजबूत रास्ता होगी।



मुद्दा
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

सुरक्षा, मजबूती और विकास की नई परीक्षा

हाल ही में 14 अगस्त को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि पर भारत को 'रेड लाइन' और जंग की धमकी दी है। ऐसी धमकियां देना पाकिस्तान के नेताओं के जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। पाकिस्तान में यह भी माना जा रहा है कि गत 7 अगस्त को सऊदी अरब, तुर्की और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित 'मक्का संयुक्त रक्षा समझौता' भारत पर रक्षा दबाव बढ़ाएगा। इस समझौते के तहत किसी एक देश पर हमला तीनों देशों पर हमला माना जाएगा। इस गठजोड़ में सुरक्षा सहयोग के बढ़ते आयाम भारत के लिए एक नई भू-राजनीतिक चुनौती उत्पन्न करते हैं, जिससे भविष्य की सुरक्षा स्थितियों में कूटनीतिक जटिलताएं बढ़ सकती हैं।

ऐसे में सरकार के साथ पूरे देश के सामने सतर्कता के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ने की चुनौती निर्मित हुई है। साथ ही अब आर्थिक और सैन्य-परमाणु शक्ति- दोनों मोर्चों पर समान रूप से और मजबूत होना जरूरी है। तेज विकास और आर्थिक मजबूती से ही सशक्त सैन्य-परमाणु शक्ति बनने की राह प्रशस्त होती है और ऐसी मजबूती युद्ध के खतरे को भी कम करती है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत आर्थिक विकास के साथ-साथ सैन्य व परमाणु हथियार मोर्चे पर भी लगातार आगे बढ़ रहा है। यदि हम भारत के विकास परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि वैश्विक भू-राजनीतिक चुनौतियों और पश्चिम एशिया संकट के बीच भी भारत की विकास दर 7 प्रतिशत के आसपास बनी हुई है। दुनिया में भारत के प्रति आर्थिक विश्वास बढ़ रहा है, विदेशी निवेश में वृद्धि हो रही है, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 692 अरब डॉलर से अधिक की ऊंचाई पर पहुंच गया है, भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) बढ़ रहे हैं और भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। दूसरी ओर, सैन्य और परमाणु शक्ति की राह पर भी भारत लगातार आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हथियारों पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' (सीपरी) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपने परमाणु निवारक तंत्र को लगातार आधुनिक बना रहा है। हालिया आंकड़ों के मुताबिक भारत के पास परमाणु वॉरहेड्स की संख्या लगभग 190 तक पहुंच गई है। भारत की नीति में अब यह बदलाव भी देखा जा रहा है कि वह शांतिकाल में भी अपने कुछ परमाणु वॉरहेड्स को डिलीवरी सिस्टम (जैसे कैनिस्टराइज्ड मिसाइलें और परमाणु पनडुब्बियां) के साथ उपयोग के लिए तैयार रखने की दिशा में बढ़ा है। मिसाइलों को कैनिस्टर में रखने और समुद्र में 'डिटरेंस गश्त' करने जैसे कदमों से संकेत मिलता है कि भारत अपनी त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत कर रहा है। चीन और पाकिस्तान की दोहरी चुनौती को देखते हुए भारत की रक्षा तैयारी रणनीति के तहत यह एक महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक बदलाव है। निश्चित रूप से एक ऐसे समय में जब भारत की सीमाएं बढ़ती भू-राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर अधिक संवेदनशील हो गई हैं, तब भारत को न केवल दुनिया की आर्थिक शक्ति, वरन उन्नत तकनीक और परमाणु सामर्थ्य से सुसज्जित सैन्य शक्ति बनने की और अधिक आवश्यकता है। भारत के पड़ोस में पाकिस्तान द्वारा चीन-निर्मित आधुनिक हथियारों और तकनीक की मदद से छद्म युद्ध व घुसपैठ को प्रश्रय दिया



जाता रहा है। चीन की ओर से भी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) एवं विशेष रूप से काराकोरम दर्रे के पास चुनौतियां पैदा की जा रही हैं। तवांग के उत्तर- पूर्व और असफी-ला दर्रे के निकट स्थित तक्सिंग क्षेत्र में चीनी फ़ौजों (पीलए) की घुसपैठ की खबरें भी सामने आती रहती हैं। ऐसी किसी भी घुसपैठ को भारतीय सुरक्षा बल और सेना नाकाम करती रहती है। भारत, चीन के हर विस्तारवादी कदम का लगातार कड़ा और बहुआयामी जवाब दे रहा है। अतीत में भी जब भारत ने आतंकी ठिकानों के खिलाफ कठोर सैन्य कार्रवाई की है, तब चीन और उसके सहयोगी देशों का रणनीतिक तालमेल देखने को मिला है। अब पाकिस्तान द्वारा चीन के सहयोग से अपनी मिसाइल क्षमता और पारंपरिक हथियारों का विस्तार किया जा रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत किसी भी परमाणु खतरे या दोतरफा सामरिक चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है। देश की रक्षा नीति स्पष्ट है कि भारत 'पहले परमाणु हथियार का उपयोग नहीं' (नो फर्स्ट यूज) करेगा, लेकिन यदि शत्रु ने दुस्साहस किया, तो उसका करारा और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। निःसंदेह, बीते वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अपनाई गई आर्थिक और रक्षा विकास की नई रणनीति के तहत देश को आर्थिक और सामरिक आधारों पर मजबूती मिली है। भारत ने आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की कठोर नीति अपनाई है। सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान पूरी दुनिया ने देखा कि भारतीय सेना ने आधुनिक और स्वदेशी हथियारों के बल पर दुश्मन को कड़ा सबक सिखाया। आज भारत रक्षा क्षेत्र में एआई, ड्रोन तकनीक और आधुनिक निगरानी प्रणालियों का प्रभावी इस्तेमाल कर रहा है।

इन उपलब्धियों के बावजूद, इस समय भारत को यह दृढ़ता से स्वीकार करना होगा कि प्रतिस्पर्धी पड़ोसियों से टकराव की आशंका बनी रह सकती है। ऐसे में भारत के लिए तेज आर्थिक विकास के साथ-साथ अपनी अर्थव्यवस्था को युद्ध स्थितियों के लिए तैयार रखने, मजबूत सैन्य शक्ति बनने व उन्नत परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में उभरने के लिए और अधिक रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ना अनिवार्य है। 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने का जो लक्ष्य रखा गया है, उस राह पर तेजी से आगे बढ़ने के लिए देश का तेज आर्थिक विकास अनिवार्य है। आगामी वर्षों में देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए 'जेन-जी' की ऊर्जा को आर्थिक विकास से जोड़ना होगा। साथ ही, अर्थव्यवस्था को रक्षा क्षेत्र में पूर्णतः 'आत्मनिर्भर' बनाना होगा, जिसका उद्देश्य विदेशी निर्भरता को समाप्त करना, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना और रक्षा निर्यात को बढ़ाना है। हमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की रक्षा इकाइयों को तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों के साथ जोड़कर सैन्य साजो-सामान को अत्याधुनिक बनाने की दिशा में तेजी से बढ़ना होगा। आज के समय में युद्ध केवल सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि ये आधुनिक चिप्स, मिसाइलों, स्वार्म ड्रोन, हाइपरसोनिक हथियारों, इलेक्ट्रॉनिक्स और साइबर स्पेस में लड़े जाते हैं। उम्मीद करें कि सरकार कूटनीतिक रूप से सऊदी अरब और खाड़ी देशों के साथ अपने संबंध और मजबूत करेगी, ताकि मक्का समझौते की आड़ में पाकिस्तान को भारत के विरुद्ध कोई षड्यंत्र करने की अनुमति प्राप्त न हो सके। देश के वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी-कारोबारी और अन्य विभिन्न क्षेत्रों के सभी लोग एकजुटता, परिश्रम व समर्पण से देश को आर्थिक शक्ति के साथ-साथ उन्नत परमाणु हथियारों से सुसज्जित मजबूत सैन्य शक्ति बनाने के इस अभियान में अपना हरसंभव योगदान देंगे।

माना जा रहा है कि सऊदी अरब, तुर्की और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित 'मक्का संयुक्त रक्षा समझौता' भारत पर रक्षा दबाव बढ़ाएगा। इसके तहत किसी एक देश पर हमला तीनों देशों पर हमला माना जाएगा। इस गठजोड़ में सुरक्षा सहयोग के बढ़ते आयाम भारत के लिए एक नई भू-राजनीतिक चुनौती उत्पन्न करते हैं, जिससे भविष्य की सुरक्षा स्थितियों में कूटनीतिक जटिलताएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में देश के सामने सतर्कता के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ने की चुनौती निर्मित हुई है। साथ ही अब आर्थिक और सैन्य-परमाणु शक्ति- दोनों मोर्चों पर समान रूप से और मजबूत होना जरूरी है। तेज विकास और आर्थिक मजबूती से ही सशक्त सैन्य-परमाणु शक्ति बनने की राह प्रशस्त होती है।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

बदइंतजामी
मनोज कुमार अग्रवाल



आस्था का मोल जान देकर चुकाते श्रद्धालु!

देश भर के धार्मिक तीर्थ स्थलों, मंदिरों पर बदइंतजामी चरम पर है कमोबेश सभी जगह एक सी हालत है। कुप्रबन्ध का फायदा उठा कर व्यवस्था में लगे सेवादार सुविधा शुल्क लेकर अपनी जेब भरते हैं और चोर रास्ते से लाइन तोड़ कर दर्शन कराते हैं, जबकि आम श्रद्धालु घंटों भूख प्यास सहकर भी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करता है। अधिकांश बड़े मंदिरों पर तो बाकायदा पैसे देकर वीआईपी दर्शन की सुविधा को ही वैधता दे दी गई है। बहरहाल, इस सब बदइंतजामी के चलते अब आस्था का मोल श्रद्धालु अपनी जान देकर चुकाने को मजबूर हैं। श्रावण मास का तीसरा सोमवार 17 अगस्त श्रद्धालुओं के जीवन पर भारी पड़ गया। इस दिन विभिन्न राज्यों में धार्मिक स्थलों पर हुई भगदड़ और हादसों में कुल 27 लोगों की मौत हो गई। बिहार के लखीसराय स्थित अशोकधाम मंदिर में भगदड़ से 7 श्रद्धालुओं की जान चली गई, जबकि हताहतों की तादाद सैकड़ों की संख्या में है। यह हादसे पहली बार नहीं हैं, हिन्दू धर्म स्थलों पर कुप्रबन्ध, रखरखाव में गड़बड़ी, संकीर्ण गलियारे और श्रद्धालुओं की बढ़ती तादाद, असंयमित व्यवहार के साथ ही अफवाहों की साजिशें हर पर्व-त्योहार, दर्शन, स्नान मेलों में हादसों की शृंखला बना रहे हैं। बता दें कि बिहार के अशोकधाम मंदिर में जलाभिषेक के दौरान बिजली का खंभा गिरने और अफवाह फैलने से मची भगदड़ में 7 श्रद्धालुओं की मौत और 19 से अधिक घायल हुए। वहीं मध्य-प्रदेश में उज्जैन के महाकाल मंदिर सहित चार राज्यों में विभिन्न हादसों और भीड़ के दबाव के कारण कुल 27 लोगों की जान चली गई। अभी दो माह पहले ही महाराष्ट्र के परभणी जिले की मानवत तहसील स्थित यशवाड़ी मारुति मंदिर में शनिवार को हुए दर्दनाक हादसेए ने पूरे देश को झकझोर दिया। मंदिर परिसर के सामने बना सभा मंडप अचानक भरभराकर गिर पड़ा। जिसके कारण कई श्रद्धालु मलबे में दब गए। छह लोगों की मौत हो गई थी। आपको याद होगा कि महाकुंभ मेला, प्रयागराज जनवरी 2025 मौनी अमावस्या के अवसर पर संगम में पवित्र स्नान के लिए लाखों श्रद्धालु एकत्र हुए थे। अखाड़ा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के अत्यधिक दबाव से अचानक बैरिकेड्स ढह गए। इस दर्दनाक हादसे में 30 से अधिक लोगों की मौत हुई और 60 से ज्यादा घायल हुए।
इसी तरह तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर, आंध्र प्रदेश में जनवरी 2025 वैकुंठ एकादशी त्योहार के दौरान वीआईपी और सामान्य दर्शन टिकट लेने के लिए हजारों श्रद्धालुओं के बीच धक्का-मुक्की शुरू हुई। इस भीड़ के अनियंत्रित होने से मची भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत हुई और 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए। वहीं हाथरस सत्संग, उत्तर प्रदेश 2 जुलाई 2024 को एक धार्मिक आयोजन में बरती गयी लापरवाही सैकड़ों श्रद्धालुओं की जान ले गयी। यह हाल के वर्षों की सबसे भीषण घटनाओं में से एक है। क्षमता से तीन गुना अधिक यानी करीब 2.5 लाख लोग एक अस्थायी टेंट में जमा हो गए थे। बाबा के जाने के बाद धूल छूने की होड़ और अत्यधिक गर्मी व उमस के कारण मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई। भारत आस्था और श्रद्धा का देश है। यहां प्रतिदिन लाखों लोग मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों और अन्य धार्मिक स्थलों पर पहुंचते हैं। विशेष अवसरों पर श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में इन स्थानों की संरचनात्मक मजबूती और सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक स्थलों पर भगदड़, दीवार गिरने, छत ढहने, करेंट उतरने और अन्य दुर्घटनाओं में अनेक लोगों की जान जा चुकी है। हाल ही में महाराष्ट्र के सांगली जिले में भी मंदिर परिसर से जुड़ी एक दुर्घटना में कई श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई थी। ऐसी घटनाएं बताती हैं कि समस्या किसी एक स्थान या एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यापक स्तर पर सुरक्षा प्रबंधन की चुनौती है। अनेक धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन आधारभूत ढांचे का विस्तार और रखरखाव उसी गति से नहीं हो पा रहा। कई स्थानों पर अस्थायी शेड, मंडप और अन्य संरचनाएं बिना पर्याप्त तकनीकी परीक्षण के उपयोग में लाई जाती हैं। कई बार निर्माण कार्य स्थानीय स्तर पर करवा लिया जाता है, लेकिन इंजीनियरिंग मानकों और गुणवत्ता नियंत्रण की अनदेखी हो जाती है। जब तक कोई दुर्घटना नहीं होती, तब तक इन कमियों पर गंभीर ध्यान नहीं दिया जाता। प्रत्येक घटना के बाद केवल शोक व्यक्त करना पर्याप्त नहीं होगा। आवश्यक है कि राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन इन हादसों की निष्पक्ष जांच कराएं और इन तमाम हादसों के पीछे के तमाम कारणों का विश्लेषण कर जिम्मेदार दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

अर्जुन को अपनी विद्या पर था घमंड, शिवजी ने तोड़ा था



संकलित
प्रेरणा

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी का एक शिवलिंग पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

संसदीय गतिरोध : लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संसद है। संसद केवल कानून बनाने की संस्था नहीं है, बल्कि वह देश की जनता की आकांक्षाओं, समस्याओं और प्रश्नों को राष्ट्रीय विमर्श का मंच प्रदान करती है। जनता अपने प्रतिनिधियों को इसलिए चुनकर भेजती है कि वे देश के सामने उपस्थित समस्याओं पर चर्चा करें, सरकार से प्रश्न पूछें, नीतियों की समीक्षा करें और आवश्यक कानूनों के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। ऐसे में जब संसद की कार्यवाही बार-बार हंगामे, नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन के कारण बाधित होती है, तब उसका नुकसान किसी एक राजनीतिक दल तक सीमित नहीं रहता। इसका सीधा असर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर पड़ता है। हंगामे के कारण मानसून सत्र ने इस चिंता को गहरा कर दिया है। *- प्रवीण सक्सेना, रायपुर*

ट्रेंड

क्रूरता की तारीफ



मोदी सरकार के मंत्री कह रहे हैं कि दिल्ली पुलिस की तारीफ होनी चाहिए। संसद से आधा किलोमीटर दूर, शांतिपूर्ण छात्रों पर पेलेट गन से गोलियां चलाई गईं, कीलों से जड़ी लाठियों का इस्तेमाल किया। क्या हमें इस क्रूरता की तारीफ करनी चाहिए?
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

आतंकवाद पर प्रहार



आतंकवाद के खिलाफ़ भारत का संदेश बिल्कुल साफ़ है, सुरक्षा से कोई समझौता नहीं, बल्कि आतंकवाद पर सीधा प्रहार। एक ही दिन में 14 राज्यों में 200 से ज़्यादा आतंकवादी गुर्गों की गिरफ़्तारी देश की सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता, क्षमता और बेहतर तालमेल का सबूत है।
- **सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

सोची-समझी साजिश



हेमंत सोरेन ने कैबिनेट में जान-बूझकर छात्रों को धोखा देने की सोची-समझी साजिश के तहत परीक्षाएं रद्द करने का फैसला किया है। अब, गलत तरीके से चुने गए छात्र कोर्ट जाएंगे। नतीजन कोर्ट परीक्षाएं रद्द करने के फैसले पर रोक लगा सकता है।
- **बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

बेहतरीन अहसास



किसी भी एक्टर की यही चाहत होती है कि वह दर्शकों से जुड़ पाए ताकि वे किरदार के सफर के हर पल को महसूस कर सकें.. जो कहा गया और उससे भी जरूरी, जो अनकहा रह गया है, यह सबसे बेहतरीन अहसास है !
- **कृति सेनन,** फिल्म अभिनेत्री

करंट अफेयर

उत्तर टेक्सास में भारत का 80वां स्वतंत्रता दिवस मना

उत्तर टेक्सास में भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने भारत का 80वां स्वतंत्रता दिवस रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, देशभक्ति से ओत-प्रोत संगीत और लेजर शो के साथ मनाया। इस अवसर पर फ्रिस्को में भारत के महावाणिज्यदूत डी. सी. मंजूनाथ भी शामिल हुए। यह कार्यक्रम शनिवार को फ्रिस्को स्थित कोमेरिका सेंटर में आयोजित 49वें वार्षिक आनंद बाजार के साथ हुआ। आनंद बाजार, इंडिया एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ टेक्सास द्वारा आयोजित एक प्रमुख सांस्कृतिक और खान-पान उत्सव है। ह्यूस्टन स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,महावाणिज्यदूत ने सभा को संबोधित किया और भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने में भारतीय प्रवासी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। मंजूनाथ इससे पहले ह्यूस्टन स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व कर चुके हैं। उत्तर टेक्सास में आयोजित इस समारोह में फ्रिस्को के मेयर मार्क हिल, नगर परिषद के सदस्य, स्थानीय निर्वाचित प्रतिनिधि, पूर्व सैनिक तथा क्षेत्र के विभिन्न भारतीय-अमेरिकी संगठनों के नेता शामिल हुए।



ऑफ बीट

मसूड़ों के नीचे खिसकना आम चिंताओं में से एक

मसूड़ों की बीमारी - जिसे पीरियोडोंटाइटिस के रूप में भी जाना जाता है - एक गंभीर स्थिति है। ब्रश करते समय खून बहना, दांतों का हिलना,



लगातार बदबूदार सांस आना या दांतों का हिलना जैसे लक्षणों की हमेशा जांच की जानी चाहिए। हालांकि, मसूड़ों के नीचे की ओर जाने के अन्य कारण भी हो सकते हैं। शायद चौंकाने वाली बात यह है कि मसूड़ों के नीचे खिसकने का सबसे बड़ा कारण वास्तव में जरूरत से ज्यादा ब्रश करना है। बहुत ज्यादा बल का उपयोग करना या गलत उपकरणों से ब्रश करना (जैसे कि कठोर ब्रिसल वाला ब्रश) धीरे-धीरे मसूड़ों के ऊतकों को खराब कर सकता है। इलेक्ट्रिक दंतब्रश दबाव को कम करके मदद कर सकते हैं, खासकर नए मॉडल जो बहुत जोर से ब्रश करने पर रोशनी करते हैं। लेकिन वास्तव में बहुत से लोग इस बात पर ज्यादा ध्यान देते हैं कि वे कितनी देर तक ब्रश करते हैं, न कि कैसे ब्रश करते हैं। यहां तक कि दंत साफ करने वाले इन ब्रश के साथ जोड़े जाने वाले स्मार्ट ऐप भी आमतौर पर प्रत्येक क्षेत्र में ब्रश करने के समय को उजागर करते हैं, न कि लगाए गए दबाव को। इसीलिए ब्रश करने की सही तकनीक सिखाना बहुत जरूरी है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



क्लीन अप कंपनी का ट्रेलर रिलीज दिखा क्राइम करने का नया तरीका

मुंबई। इन दिनों रवि किशन बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी की दुनिया तक में छाए हुए हैं। मंगलवार को अभिनेता की आगामी सीरीज 'क्लीन अप कंपनी'का ट्रेलर रिलीज हुआ। अगर किसी लाश को ठिकाने लगाना ही एक नया बिजनेस शुरू करने का मौका बन जाए तो क्या होगा? इसी कहानी की झलक सीरीज 'क्लीन अप कंपनी'के ट्रेलर में दिखी। इसमें रवि किशन के अलावा कई चर्चित कलाकार भी नजर आ रहे हैं। सीरीज 'क्लीन अप कंपनी'के ट्रेलर में राजू, स्वपन और गोल्डी तीन दोस्त हैं, जिन्हें मजबूरी में एक गैंगस्टर के लिए लाशें ठिकाने लगाने का काम मिलता है। इस मुश्किल से बचने के लिए तीनों दोस्त अपनी खुद की क्लीन-अप कंपनी शुरू कर देते हैं।

लाइफ Style

हर्षिता

इंजीनियरिंग छोड़ चुनी ग्लैमर की दुनिया

एजेंसी ⏭ मुंबई

जब 'मिर्जापुर: द मूवी' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हुआ तो पूर्वांचल की गद्दी को लेकर छिड़ी जंग के बीच दर्शकों की निगाहें एक बार फिर उस शांत, लेकिन मजबूत चेहरे पर जा टिकीं, जिसने गोलियों की तड़तड़ाहट के बीच भी अपनी एक अलग छाप छोड़ी है।

हम बात कर रहे हैं गुड्डू पंडित की बहन 'डिम्पी पंडित' की। सिनेमाघरों में बड़े पर्दे पर पहली बार उतर रही इस फ्रैंचाइजी में जहां कालीन भैया, गुड्डू और मुन्ना भैया के बीच वर्चस्व की लड़ाई नए मुकाम पर पहुंचेगी, वहीं डिम्पी का किरदार भी कहानी के केंद्र में नजर आएगा। लेकिन, इस सादगी भरे किरदार को पर्दे पर जीवंत करने वाली अभिनेत्री हर्षिता गौर की वास्तविक जिंदगी किसी फिल्मी पटकथा से कम दिलचस्प नहीं है। दिल्ली के एक प्रतिष्ठित संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में बीटेक की पढ़ाई पूरी करने वाली हर्षिता गौर पढ़ाई-लिखाई में हमेशा अव्वल रहीं। वे एक स्कॉलरशिप होल्डर छात्रा थीं, जिनके सामने कॉर्पोरेट जगत के कई रास्ते खुले थे। हालांकि, उनकी किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। तकनीक और सर्किट बोर्ड्स की दुनिया से निकलकर उन्होंने अपनी रचनात्मकता को उड़ान देने का फैसला किया। उन्होंने विज्ञापन जगत से अपने सफर का आगाज किया और जल्द ही डाबर वाटिका, सनसिल्क और रेनॉल्ट जैसे देश के अग्रणी ब्रांड्स का चेहरा बन गईं। कैमरे के सामने उनकी सहजता ने निर्देशकों का ध्यान खींचा, जिसके बाद 2013 में आए यूथ शो 'सड्डा हक' में मुख्य भूमिका निभाकर उन्होंने अभिनय की दुनिया में अपना पहला कदम मजबूती से रखा।



हॉलीवुड मसाला



द बीटल्स बायोपिक की शूटिंग शुरू

लॉस एंजिल्स। द बीटल्स बायोपिक फिल्म के स्टार्स पॉल मेस्कल, जोसफ क्विन, बैरी कोगन और हैरिस डिकिंसन को लंदन के मशहूर एबी रोड पर शूटिंग करते हुए देखा गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सभी कलाकार फिल्म के लिए बीटल्स के आइकॉनिक एल्बम कवर को रीक्रिएट करते नजर आए। खास बात यह है कि बीटल्स की कहानी सिर्फ एक फिल्म में नहीं, बल्कि चार अलग-अलग फिल्मों में दिखाई जाएगी। हर फिल्म बैंड के एक सदस्य की नजर से उसकी कहानी दिखाएगी।



नियू लाई को कहा सबसे घटिया फिल्म, निकली ब्लॉकबस्टर

लॉस एंजिल्स। चीन के बॉक्स ऑफिस पर कुछ ऐसा हुआ है, जिसने सबको हैरान कर दिया। एक चाइनीज एनिमेशन फिल्म है 'नियू लाई', जिसमें घटिया एनिमेशन और अजीब स्टोरीलाइन की बीते दिनों खूब आलोचना हुई। इतनी कि इस फिल्म का डिजास्टर होना तय माना जा रहा था। लेकिन, दंग करने वाली बात यह है कि ये नेगेटिव बातें, फिल्म के लिए जीवदान साबित हुई हैं। अब हालात ये हैं कि महज ₹1 लाख में, दो लोगों की बनाई इस फिल्म ने चीन के बॉक्स ऑफिस पर 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' और 'द ओडिसी' को कमाई के मामले में टक्कर दे रही है। यकीनन, आप भी यह जानकर चौंक गए होंगे! 'नियू लाई' का मतलब होता है 'गाय आ गई', इस फिल्म को शिन युमेंग ने डायरेक्ट किया है और सुन लिफांग ने इसकी कहानी लिखी है।



गुड्डू- बबलू की लव लाइफ की मिली झलक

मुंबई। फिल्म मिर्जापुरः द मूवी का गाना वारूं फॉरएवर मेकर्स ने मंगलवार को रिलीज कर दिया है। फिल्म के इस गाने को फ्रैंचाइजी की पहली किश्त से ही काफी पसंद किया जा रहा था। मगर अब इस पुरानी धुन को ही नए तरीके से पेश किया गया है। यह गाना 2020 में रिलीज हुई मिर्जापुर सीरीज में भी इश्क का एहसास दिया है। यह गाना काफी पॉपुलर हुआ था। 'वारुं फॉरएवर'को सिंगर रोमी और श्रेया घोषाल ने मिलकर गाया है। म्यूजिक आनंद भास्कर ने कंपोज किया है और लिरिक्स गिन्नी दीवान ने लिखे हैं। गानें मे अली फजल और श्रेया पिलगांवकर काफी रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। वह गलियों में घूम रहे हैं। फिल्म मिर्जापुर 4 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की कास्ट में पंकज त्रिपाठी, दिव्येंदु, अली फजल, जितेंद्र कुमार, रवि किशन आदि शामिल है।



सिग्मा की नई रिलीज डेट का ऐलान...

नई दिल्ली। सीएम विजय के बेटे जेसन संजय की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म 'सिग्मा' की नई रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। मेकर्स ने मंगलवार को नई रिलीज डेट का ऐलान किया; इससे पहले फिल्म 31 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन उसे टाल दिया गया था। जेसन संजय, एक्टर से मुख्यमंत्री बने विजय के बेटे हैं और 'सिग्मा' डायरेक्टर के तौर पर उनकी पहली फिल्म है। फिल्म की रिलीज डेट बताते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, '2 अक्टूबर को होने वाली इस डकैती) के लिए तारीख नोट कर लें। सिग्मा बड़े पर्दे पर धूम मचाने के लिए तैयार है'। यानी सिग्मा अब गांधी जयंती पर रिलीज होगी। फिल्म 'जान नायकन' की रिलीज डेट बदलने के कारण 'सिग्मा' की रिलीज को आगे बढ़ाया गया था; 'जन नायकन' 23 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

इमरान की पत्नी परवीन ने मनाया आवारापन 2 की सफलता का जश्न

मुंबई। 'आवारापन 2' की सफलता के बीच इमरान हाशमी की पत्नी परवीन ने सोशल मीडिया पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट शेयर करते हुए अपनी खुशी जाहिर की है। इसी के साथ परवीन ने पति इमरान हाशमी के 23 साल के संघर्ष और समर्पण के बारे में भी खुलकर बात की। इमरान हाशमी की मोस्ट अवेटेड फिल्म



'आवारापन 2' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और चार दिन में ही इस फिल्म ने देशभर में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 'आवारापन 2' 109.02 करोड़ की कमाई कर चुकी है और दुनियाभर में 130 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है। आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 57303बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

टीवी मसाला



बॉक्सर लवलीना ने सुनाया बिग बी को बचपन का मजेदार किस्सा

नई दिल्ली। शो 'केबीसी 18' के एक खास एपिसोड में अमिताभ बच्चन के साथ लवलीना बोरगोहेन, झंडू कुमार और शर्मिला धनकर ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की। बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने तो अमिताभ बच्चन के साथ बचपन का किस्सा भी साझा किया, उनके साथ अपना कद नापा और बॉक्सिंग मैच भी खेला। 'केबीसी 18' के प्रोमो में बॉक्सर लवलीना कहती हैं, 'सर बचपन में मुझे स्कूल जाना पसंद नहीं था तो मां ने कहा कि बॉक्सिंग में जाना होगा। स्कूल से बचने के लिए मैंने बॉक्सिंग को चुना। देखिए, आज बॉक्सिंग की वजह से 'केबीसी 18' में आ गई। बता दें कि बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में महिलाओं की 75 किग्रा कैटेगरी में रजत पदक अपने नाम किया था। आगे एक 'केबीसी 18' के एक वीडियो में बॉक्सर लवलीना और अमिताभ बच्चन कद नापने के लिए खड़े होते हैं। लवलीना कद में बिग बी के बराबर ही निकलीं। इस पर अमिताभ बोले, 'आप कद में हमसे बड़ी हैं।' यह सुनकर लवलीना हंस पड़ीं। इसी तरह लवलीना ने अमिताभ बच्चन के साथ एक फ्रेंडली बॉक्सिंग मैच भी खेला। इस मैच का बिग बी ने खूब आनंद लिया। क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का यह 18वां सीजन है। इसका प्रीमियर 10 अगस्त से शुरू हो चुका है। शो हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे प्रसारित किया जाता है। इस बार शो की थीम 'सोचना पड़ेगा' है। प्रतियोगियों को अपने व्यावहारिक ज्ञान की शक्ति का इस्तेमाल इस बार शो में करना होगा।

एकता बड़े परदे पर लाएंगी नागिन की कहानी

नई दिल्ली। टीवी क्वीन एकता कपूर के सास-बहू वाले सीरियल खूब हिट रहे हैं। मगर, टीआरपी के मामले में इससे भी एक कदम रही उनकी 'नागिन' फ्रैंजाइजी। 'नागिन' टीवी शो की शुरुआत साल 2015 में हुई और अब तक इसके सात सीजन आ चुके हैं। लोकप्रियता को देखते हुए एकता कपूर ने अब इसे एक कदम आगे ले जाने का फैसला लिया है। टीवी जगत में 11 साल तक दबदबा बनाए रखने के बाद 'नागरानियां' अब छोटे पर्दे की दुनिया से आगे की तरफ बढ़ेंगी। बीते दिन नाग पंचमी के अवसर पर खुद एकता कपूर ने यह ऐलान किया। अभिनेत्री ने संकेत दिया है कि वे कुछ बड़ा धमाका करने वाली हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि शायद एकता कपूर अब 'नागिन' फ्रैंचाइजी पर कोई फिल्म लेकर आ सकती हैं। एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बडों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

ऐतिहासिक

डा. टी. आर. रामटेके

छत्तीसगढ़ में मध्यकालीन दुर्ग विन्यास का विस्तार और स्वरुप



छत्तीसगढ़ में दुर्गाकृति नगरों के निवेश या नगराकर दुर्गो के विन्यास की परंपरा के अतिरिक्त कालांतर में एक और पद्धति पनपीं। वह यह कि नगर के अभयंतर प्रदेश में या किसी कोण पर अथवा नगर से कुछ दूरी पर दुर्गो का सन्निवेश होने लगा। मध्यकालीन राजधानियां व प्रमुख नगर इसके उदाहरण हैं। छत्तीसगढ़ में मौर्य काल से लेकर कलचुरी काल तक लगभग सौ किले निर्मित हुए। जबकि छत्तीसगढ़ में कलचुरी काल के छत्तीस किलों को छोड़कर लगभग अस्सी किलों के पुरावशेष विद्यमान हैं। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में दुर्ग निवेश का जो विवरण प्राप्त होता है, उसके अनुरूप मल्हार में आटविक मही दुर्ग के प्राकार, परिखा, वप्र व प्रासाद के अवशेष प्राप्त होते हैं। मौर्य युग का गढ़ मल्हार बिलासपुर जिला मुख्यालय से दक्षिण पश्चिम दिशा में 32 कि मी दूरी पर स्थित है। बिलासपुर रायगढ़ मार्ग पर बिलासपुर से 18 कि मी दूरी पर मस्तूरी है जहां से 14 कि मी मस्तूरी चिल्हाटी मार्ग पर मल्हार स्थित है। मल्हार से प्राप्त कलचुरी नरेश पृथ्वीदेव द्वितीय के शिलालेख में मल्हार का प्राचीन नाम मल्लाल दिया गया है। वहीं से प्राप्त एक शिलालेख में इसे मल्लाल पत्तन कहा गया है। प्राचीन काल में इस नगर का विस्तार दस वर्ग मील के क्षेत्र में विद्यमान था। मल्लाल पत्तन नगर तीन नदियों से घिरा था। इसके पश्चिम में अरपा नदी, पूर्व में लीलागर नदी और दक्षिण में शिवनाथ नदी है।



आस्था

लोकनाथ केवड़ा

छुइहा सरोवर के तीन छोर पर शिवालय में सावन माह भर भक्तों



जिला बलौदा बाजार -भाटापारा अंतर्गत ग्राम हसुआ में 1890 में विशाल छुइहा सरोवर के तीन छोर पर खरौद नगर के कारीगरों द्वारा विशाल शिवालय स्थापित किया गया। तालाब व मंदिर निर्माण में यहां के मालगुजारों का विशेष योगदान रहा। पूजा अर्चना विधिवत पुजारियों द्वारा तो किया ही जाता है। साथ ही भक्त महाशिवरात्रि और पूरे सावन माह भक्तों की अपार भीड़ देखी जाती है। इस माह कावड़ियों को जल अर्पित करते भी देखा जाता है। धार्मिक व मांगलिक कार्यों में भी भोलेनाथ का आशीर्वाद लेने भक्त मंदिर पहुंचते हैं।

सुरता

सुधीर सक्सेना

भूमकाल विद्रोह में खुल कर भाग लेने वालों में कुंवर बहादुर सिंह



कुंवर बहादुर सिंह राजा रूद्रप्रताप के सौतेले भाई थे। विभिन्न सरकारी अभिलेखों से कुंवर बहादुर सिंह के भूमकाल आंदोलन में खुलकर भाग लेने की पुष्टि होती है। आजीवन निर्वासन के तहत उन्हें पहले रायपुर जेल में रखा गया और फिर 9 फरवरी 1912 को वहां से रिहा कर बालाघाट जेल भेज दिया गया। वहां गुजर बसर के लिए उन्हें रियासत से पचास रूपये मासिक पेंशन मिलती रही। कुंवर विनायक मैट्रिक उत्तीर्ण पढ़े लिखे बुद्धिमान व्यक्ति थे। सदी के प्रथम दशक में रियासत में उनका खासा सम्मान था। उन्हें आई पी एस की धारा 395-109 के तहत 25 अप्रैल 1910 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। कुंवर बहादुर सिंह का दुर्भाग्य था कि वे आजादी का रक्तिम सूर्य नहीं देख सके, किन्तु वे शौभाग्यशाली भूमकालेय थे जो जीते जी बस्तर लौट सके और आख़री समय में बस्तर की माटी उन्हें नसीब हुआ। कैंसर रोग से पीड़ित इस वीर सेनानी ने 19 मई 1943 को अंतिम सांस ली।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

बड़ महत्व के होथे-सवनाही बरोई

तीज तिहार

रोशन लाल



कोनो भी परब तिहार मनाये पाछू कतकोन कारन होथे। आधुनिक मनखे मन ल कतकोन रीत -नीत भले दकियानूसी लग सकत हे। फेर ओखर जर मूल ल बनेच विचार करबे त माने ल परथे कि सबो रीत-नीत ह कुरीति कुप्रथा नोहे,येमा वैज्ञानिकता घला सिद्ध होथे। असाढ़ पाछू सावन आथे गांव-गंवई म सवनाही बरोय जाथे। ये खातिर गांव के बइगा अउ एक दू सुजानिक मनखे अधरतिहा म गांव के सबो देवी- देंवता जइसे शीतला देवी, सत बहिनिया, फिरन्तीन देवी, परेतिन दाई, घुमियार देवता, ठाकुर देंवता, घनश्याम देंवता, सांहड़ा देंवता, बइगा देंवता, हाखड़ी देंवता, बघरन देंवता, अखरा देंवता, मसान देंवता, भंगाराय, राव देंवता, भैसा सूर, बाई देंवता, नादिया देंवता, बूढ़ा देव, सेमरा देंवता, बारा देव, खेतपाल देंवता, बांधा देव, कोतवाल देंवता, डहरिया देव, नाग देव, गोड़ा देंवता, भूमिया देंवता अउ आने-आने देवी-देंवता माने जथे। गांव के सबो देवी-देंवता के मान-गउन के जिम्मेदारी बइगा के होथे। जेखर खातिर गांव वाले मन उनला 'जेवर' समर्पित करथें।मान-गउन म भूल-चूक होथे त जानकारी होई जथे। कभू जोत-जंवारा बोहईया बहू-बेटी मन के रोवई-ललई ले, त कभू गांव के सियान ल सपना म आके बतायें, त कभू बइगा के तन म तिरशूल साँकर के चीन्हा, त कभू लोर उपक जाये रहिथे। गांव म कोन्हों भी उछाह परब होय चाहे कोनो भी सुख दुख के काम काज। समे-समे म देवी-देंवता के मान गउन करे जाथे। सवनाही बरोय खातिर गांव के बइगा अउ एक दू सुजानिक मनखे अधरतिहा म गांव के सबो देवी-देंवता ल सुमर के हूम-धूप नरियर-फाटा ले मना पथा के गांव के मेड़ो जेन ल गांव के सियार घलो कहिथन,तिंहा जाथें। जिहाँ सवनाही बरोय के पाछू कभू लहुट के देखे नइ जाये। रेंगाय सवनाही ल जेन मनखे देख परे हे तेन देवारी नइ देख पाये हवे। अइसनो बात देखे सुने म आये हवे। फेर बरोय के बात ल लोगन मन ल नइ बताय जाय। काबर कि कोन्हों खपचलहा टोना-टोटका करइया मनखे सवनाही ल झन लहुटाये। माने जाथे कि येकर लहुटे ले गांव बस्ती म नाना किसम के अल्हन आथे। गाय-गरुवा म बीमारी, लोग-लइका के तबियत खराब होवई, रूख-राई धान-पान म कीरा-काँटा झपा जथे। सवनाही बरोय बर नीम लकड़ी के तिकोन रथ,लाल करिया अउ सफेद रंग के ध्वजा, करिया पिंयर चाँउर, नीमउ, बन्दन पिंवरी सरसों, उल्टा पाँख के करिया कूकरी या चिंया,अंडा, दीया- बाँती, हूम-धूप अगरबत्ती कतकोन जिनिस लगथे। कहे जाथे-

'हरेली ले बाँचे,
ते देवारी में नाचे'।

जुन्ना समे म घुप्प अंधियारी सावन-भादो, न तो बिजली न बत्ती। उपराहा म पंदराही बिसोंधी ले सरलग झमाझम झड़ी बादर, सबो डाहर चिखला माते राहय। त अईसन म संक्रामक रोग-राई अउ हैजा प्लेग असन जीवलेवा महामारी फैल जाये।

जुन्ना समे म प्रकृति ले सोझे जुड़ाव कारन प्राकृतिक,घरेलू आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति धनिया,जीरा, सोनामखी,नीम, हर्रा,बहेरा अउ तिर - तखार जड़ी-बूटी पाना-पतुवव्वा ले इलाज होवय। तंत्र-मंत्र, टोना-टोटका,झाड़-फूंक घलो। सार बात ये आय कि गांव के सबो बिधन-बाधा, गांव के बीमारी ल टारे बर सवनाही बरोय जाथे। एक बात जरूर हवे कि सवनाही बरोवत बेरा बइगा के वचन के गज्जब महत्तम हे। जब बइगा कथे- रुजा रे सवनाही जेन ह तोला पहिली देखही तेला खा लेबे।ह्न त फेर कोनो सरल सुभाव वाला बइगा कहिथे- रुजा रे तँय हमर गांव के सबो बिधन-बाधा कारू-नारू ल टार दे।ह्न त कोन्हों ल नुकसान नइ करे। अईसे माने गेय हवे। सवनाही बरोय के आघू दिन गांव म तिहार मनाये जथे। लोगन खेत-खार जवई-अवई नइ करय न काम-काज। येखर पाछू इहि मान्यता हवे कि रतिहा म बरोय हुए ल कोनो मनखे झन देखन पाय।

पर्यटन : डा. डी. पी. देशमुख

बरसात में मनमोहक होथे दंतेवाड़ा के मलगेर जलप्रपात



बस्तर के दंतेवाड़ा जिला के किरंदुल ले करीबन 8-10 कि.मी. दुरिहा पहाड़ी के बीच म कुवाकोंडा ब्लाक के गांव निलवाया के तीर म स्थित हे मलगेर जलप्रपात ह। ये जलप्रपात ह मलगेर पहाड़ी नदिया ले 60-70 फीट के ऊंचाई ले खाल्हे म गिरथे, एकर कल-कल छलछावत पानी के तेज धार ह खाल्हे गिरत बेरा म घोर गरजना ह हिरदे के धड़कन ल बढ़ा देथे,फेर एकर सुर-ताल ले रोमांचक संगीत ह मन ल मोह लेथे। घुमघुम ले जंगल-झाड़ी,ऊंच-ऊंच पहाड़, अऊ प्रकृति के अतीक सुघ्घर जलप्रपात ह आय-जाय के रद्दा नई होय ले जनमानस के नजर ले येहा अब्बड़ दूर हो गए हे। असुविधा होय के बाद घलो जानकार पर्यटक मन ये जगा के सुंदरता ल देखे बर कईसनो कर के पहुंच जाथे। प्रकृति के नजारा ह पर्यटक मन ल ये मेऱ आय म मजबूर कर देथे। कठिन सफर ले आय पर्यटक के मन ल सुकून ले भर देथे। येकर ले सरी थकान मेटा जाथे। कहू आय जाए के रास्ता सुगम हो जहि तब पर्यटक मन बर पिकनिक के एक अउ ए सुघ्घर जगा हो सकत हे।

कला जगत

डा. रचना मिश्र

राष्ट्रीय जागरण का गीत ददरिया



छत्तीसगढ़ी श्रृंगारिक लोकगीतों में ददरिया का प्रमुख स्थान है। यह गीत नारी पुरुष अकेले और संयुक्त रूप से गा सकते हैं। कभी कभी यह गीत संवादात्मक भी होते हैं। इन गीतों के गाने के लिए किसी प्रसंग विशेष की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती। प्रातःकाल का मनोहारी दृश्य कोमल नारी स्वर में हृदय को छू लेता है। राष्ट्रीयता और समर्पण का भाव भी ददरिया गीतों का विषय बना है -

सब दुख के दवाई सुनो एक हे सुराज,
सबला भुला के विचार देखो आज।

यहां तक की भावत्मक एकता का प्रयास भी ददरिया में देखने को मिलता है – हिन्दू अउ पठान एके मा मिलके,
हम लेबोन गा सुराज सबो झिन भिड़के।

लोक साहित्य : श्यामा सिंह



छत्तीसगढ़ी में हाइकू लेखन



छत्तीसगढ़ी साहित्य लेखन की समृद्ध परंपरा हमें दिखाई देती है। कई विधाओं के लेखन ने समाज की विसंगतियों को आगे लाकर जन जागरण का भी कार्य किया है वहीं कुछ विधाओं में लेखन की कमी भी महसूस की जा रही है। इसी कड़ी में हायकू लेखन पर नजर डालें तो स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व तथा उसके कई सालों बाद तक इस लेखन के प्रमाण सामने नहीं आए। छत्तीसगढ़ी का प्रथम हायकू प्रदीप कुमार दास ' दीपक ' रचित 'मइनखे के पीरा ' (2000 ई.), हायकू चतुष्क (चार भाषाओं में 2001 ई) और छत्तीसगढ़ की हायकू साधना जैसे -

बापू के फोटू
आफिस मा बहाथे
ओकर आंसू (मनखे के पीरा)

प्रदीप शर्मा रचित चंद हायकू, बिट्ठल राम साहू निश्छल रचित जिनगी होगे चिरहा दोना संगी, अन्य छत्तीसगढ़ी हायकू रचनाकारों में डा राम नारायण पटेल, डिहुरराम निर्वाण प्रतप्त, राम साहू अकेला, प्रो. आदित्य प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा, देवेंद्र नारायण दास, उमा देवी दीक्षित, पुरुषोत्तम छत्तीसगढ़िया, पंखनाम गौतम के नाम उल्लेखनीय हैं। इसके बाद अभी और नाम नहीं आ रहे हैं। स्पष्ट है कि इस विधा में भी लेखकों को छत्तीसगढ़ी साहित्य की इस विधा में अपनी कलम चलाने की आवश्यकता है।

अमेरिका के राष्ट्रपति भारतीय चुनाव व्यवस्था के फैन, ट्रूथ सोशल पर पोस्ट

ट्रंप ने की भारत के वोटर आईडी सिस्टम की जमकर तारीफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर अपनी बेबाक टिप्पणियों के लिए जाने जाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की चुनाव प्रणाली और वोटर आईडी सिस्टम की जमकर तारीफ की है। उन्होंने ट्रूथ सोशल पर की गई अपनी एक हालिया पोस्ट में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का जिक्र करते हुए अमेरिका में सेव अमेरिका एक्ट को तुरंत पास करने की मांग की है। भारत ने भी अमेरिकी राष्ट्रपति की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी है। यहां मंगलवार को राजधानी में हुई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में इस मामले पर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि देश की चुनाव प्रणाली को लेकर की गई अमेरिका के राष्ट्रपति की टिप्पणियों पर मेरी कोई खास राय नहीं है। लेकिन मैं यह जरूर कह सकता हूं कि भारत की चुनाव प्रणाली की विश्वसनीयता और मजबूती एक ऐसा स्थापित तथ्य है, जिसे समूची दुनिया अच्छी तरह से जानती है।



ट्रंप ने तेज की वोटर आईडी की मुहिम

ट्रंप की पोस्ट के मुताबिक, इसी अगस्त महीने की शुरुआत में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने हमारे प्रशासन से यह सवाल पूछा था कि आप बिना किसी वैध फोटो पहचान पत्र के अमेरिका में चुनाव कैसे करवाते हैं? उन्होंने भारत के बारे में कहा कि वहां 2024 में हुए आम चुनाव में कुल 64 करोड़ 60 लाख मतदाता थे। जिनमें से 1 फीसदी से भी कम ने डाक (मेल) के जरिए मतदान किया था।

18 दिन रखा गया डिजिटल अरेस्ट

'पुलवामा केस में फंस जाओगे' बुजुर्ग दंपती से 42 लाख ठगे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ के लालबाग में साइबर ठगों ने 70 वर्षीय रिटायर्ड एफसीआई (एफसीआई) कर्मचारी और उनकी पत्नी को पुलवामा आतंकी हमले और मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने का डर दिखाकर करीब 42.09 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने खुद को एटीएस, एनआईए और सीबीआई का अधिकारी बताकर दंपती को करीब 18 दिनों तक व्हाट्सऐप वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट रखा। इस दौरान ठगों ने उनके बैंक खातों, एफडी, पोस्ट ऑफिस की जमा रकम और पत्नी के गहनों तक की जानकारी हासिल कर ली।

पुलवामा आतंकियों के नाम पर डराया : पीड़ित अंसार जमाल अब्बासी के मुताबिक 23 जुलाई को दोपहर 1:32 बजे उनके व्हाट्सऐप पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने दावा किया कि पुलवामा हमले में गिरफ्तार आतंकियों ने मनीष गोयल नाम के व्यक्ति का नाम लिया है और जांच में उसके पास पीड़ित के नाम से जारी सिम, आईसीआईसीआई बैंक का एटीएम कार्ड और बैंक स्टेटमेंट मिला है। ठगों ने बुजुर्ग और दिव्यांग होने का हवाला देते हुए कहा कि गिरफ्तारी के बजाय उन्हें घर में ही 'हाउस अरेस्ट' किया जा रहा है।



वीडियो कॉल 24 घंटे एक्टिव रखने का निर्देश : इसके बाद दंपती को मोबाइल की वीडियो कॉल 24 घंटे एक्टिव रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही धमकी दी गई कि अगर उन्होंने किसी रिश्तेदार या अन्य व्यक्ति को मामले की जानकारी दी तो उन्हें सात साल की सजा होगी और तत्काल गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

18 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 42 लाख रुपये

24 जुलाई को ठगों ने सीबीआई अधिकारी और हाईकोर्ट के जज से बातचीत कराने के नाम पर वीडियो कॉल कराई। आरोपियों ने दंपती को भरोसा दिलाया कि इस बातचीत के बाद केस और जमानत की प्रक्रिया पूरी करा दी जाएगी। इसी दौरान अलग-अलग तारीखों में आरोपियों के बताए बैंक खातों में आरटीजीएस के जरिए रकम ट्रांसफर कराई जाती रही. करीब 18 दिनों तक ठगी का सिलसिला चलता रहा और कुल छह आरटीजीएस ट्रांजैक्शन में 4209869 रुपये अलग-अलग खातों में भेज दिए गए।

बाद में दर्ज कराई शिकायत : पीड़ित को जब ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई। इंस्पेक्टर साइबर क्राइम आलोक राव के मुताबिक, 'मुकदमा दर्ज करके ट्रांजैक्शन चैन की जांच की जा रही है।' पुलिस अब उन बैंक खातों और पैसों के ट्रांजैक्शन की कड़ियों की जांच कर रही है, जिनके जरिए रकम आरोपियों तक पहुंचाई गई। पुलिस का फोकस ठगी में शामिल आरोपियों और रकम की पूरी ट्रांजैक्शन चेन तक पहुंचने पर है।

व्हाट्सएप के जरिए की ठगी, अंतर्राष्ट्रीय गिरोह बेनकाब

'बॉस' घोटाला...चीन-पाक तक फैला साइबर जाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अहमदाबाद

साइबर अपराधियों के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का बड़ा खुलासा हुआ है। अहमदाबाद अपराध शाखा ने व्हाट्सएप के जरिए 1.5 करोड़ रुपए की ठगी के मामले की जांच में चीन, पाकिस्तान, भारत और हांगकांग तक फैले साइबर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पश्चिम बंगाल से दो कथित सिम-ओटीपी सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, गिरोह 'बॉस' घोटाले के जरिए कंपनियों के अधिकारियों और कर्मचारियों को निशाना बनाता था। इस मामले में अपराध शाखा ने बॉस घोटाले का शिकार होने के जोखिम से 10,000 से अधिक उपकरणों को बचा लिया।

क्या 'बॉस' घोटाला

'बॉस' घोटाला, जिसे 'सीईओ' प्रतिरूपण धोखाधड़ी के रूप में भी जाना जाता है, साइबर ठगी का एक बेहद शातिर तरीका है। इसमें अपराधी किसी कंपनी का अधिकारी या भारतीय रिजर्व बैंक या सेबी जैसे नियामक निकायों के अधिकारी के रूप में खुद को पेश करते या दावा करते हैं, ताकि कर्मचारियों को बड़ी रकम स्थानांतरित करने या कंपनी की संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिए धोखा दिया जा सके।

साइबर अपराध शाखा द्वारा मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, तकनीकी विश्लेषण के जरिए पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान इमरान अली पियादा और इंजाम्मुल मुल्ला के रूप में हुई है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 2136/ न.पा.नि. / 2026 रायगढ़ दिनाँक 18/8/26

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि. क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
01	197751	नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रान्तर्गत वाहन शाखा, निगम कार्यालय, ए.बी.सी. सेन्टर आदि के मरम्मत संधारण एवं नवीन कार्य।	30.00	08.09.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

(प्रपत्र- ब) प्रथम निविदा आमंत्रण ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)

Website - www.cgmsc.gov.in

(Short Tender) Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in

स. क्र.	नि.आ. सू.क्र.	कार्य का नाम	राशि (रू. लाख)
1	11067	सी.जी.एम.एस.सी. लिमि. मुख्यालय, अटल नगर नवा रायपुर, सेक्टर-27 हाउसिंग बोर्ड के तृतीय तल में संचालित ऑफिस को अटल नगर नवा रायपुर, सेक्टर-24 मंडी बोर्ड भवन के प्रथम एवं द्वितीय तल में स्थानांतरित किये जाने हेतु मंडी बोर्ड भवन के प्रथम एवं द्वितीय तल में आवश्यक पार्टीशन, विद्युत कार्य, रिपेयरिंग एवं रेनोवेशन व अन्य कार्य ।	114.94
		निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 18/08/2026 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 01/09/2026 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी ।	

S-48797/3 sd/- अधीक्षण अभियंता

MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice

Main Portal: http://Gem portal (Gov.maeket place)

(1st Call)

NIT NO: /108/ZONE 07/2026 RAIPUR DATED : 17/08/2026

Online bids are invited for the following works up to 09/09/2026 at 12:00 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of work / Description of work	Probable Amount of contract (in Lacs)	Earnest Money Deposit	Time Period
1	GEM/2026/B/7926934	जोन क्रमांक 07 अंतर्गत विभिन्न विभागीय कार्यो के संचालन हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कलेक्टर दर पर अकुशल, कुशल एवं उच्च कुशल कर्मचारी प्रदाय किये जाने का कार्य।	11948851.44	1,50,000	12 months

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://Gem portal (Gov.maeket place) 17/08/2026, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

Note:- 1. All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on Gem portal.

ZONE COMMISSIONER
ZONE 07
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

Dream City, Clean City, Green City

कार्यालय नगर पंचायत सरगॉव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

E-Mail ID- npsargaoncmo@gmail.com

क्रमांक/625/निविदा/न.पं./2026-27 सरगॉव दिनांक 18/08/2026

// चतुर्थ ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पंचायत सरगाँव में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) पद्धति अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

स	STNo	कार्य का विवरण	निविदा प्रारम्भ तिथि	निविदा की अंतिम तिथि	निविदा दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	निविदा खोलने की तिथि	Tender Form
01	197817	Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of SARGAON, Chhattisgarh I (CGPWD Building SOR - 01.01.2015, Road SOR 01.01.2025, Elect./PHE SOR 01.06.2020 & NON SOR)4th Call, Rs. 31.57 Lacs (%Rate)	18.08.2026 /13:00 बजे	31.08.2026 /17:30 बजे	03.09.2026 /16:00 बजे	03.09.2026 / 16:01 बजे	''A''

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं एवं Main Portal; https://eproc.cgstate.gov.in/www.uad.cg.gov.in पर उपलब्ध हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पंचायत सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.)

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMP. LTD.

(A Successor Company of CSEB) GST NO. 22AADCC6047K1ZR

Old C- 6, C.S.P.D.C.L. GUDIYARI , RAIPUR, (C.G) Phone No. 0771-2576737, E-mail : secivil.raipur@cspc.co.in

No. SE/Civil-Dist./Ryp./N.I.T./Issue No./607 Raipur- Date 11.08.2026

-: TENDER NOTICE :-

Sealed tenders in the prescribed tender form are invited from the vehicle owners/suppliers dealing in the subject, having GST, EPF & ESIC Registration for the following works:-

Detailed terms and conditions along with tender form can be obtained from **O/o S.E. (Civil) Circle, CSPDCL, Raipur** on payment of **tender fee Rs. 2000/-** (Rs. Two thousand only) (Non-Refundable) (i/c of G.S.T) in case it is desired in-person. If the same is required urgently by registered post, Rs. 200/- (Two hundred only) shall be, paid extra. This amount may be paid through postal orders/D.D. in favor of **R.A.O.-II CSPDCL, Raipur.**

Sl. No	Tender Spn. No.	Name of work	Contract value i/c GST (In Rupees)	EMD (In Rupees)	Work Period	Last date and time of purchase of tender	Date & time of submission/ opening of tender
01.	SEC/RYP/2026-27/02	Hiring of 01 No. pickup vehicle (Load Capacity 1 tonne) for site use of Assistant Engineer (Civil)-1 Jagdalpur area under Civil Dist. Dn. CSPDCL, Jagdalpur.	660989.00	6700.00	01 Year	02.09.2026 4:00 PM	03.09.2026 04:30 PM
02.	SEC/RYP/2026-27/03	Hiring of SUV Category vehicle with one driver for O/o E.E. (Civil-Dist.) Division, CSPDCL, Jagdalpur.	844966.00	8500.00	01 Year	02.09.2026 4:00 PM	03.09.2026 04:30 PM

The general, detailed terms & condition and other information regarding participation in above TENDER can be viewed from the website path http:/cspdcl.co.in/cseb>>tender notice>>Raipur Region>>SE Civil Circle Raipur or can be obtained from the office in working days office hours.

Superintending Engineer (Civil) Circle
CSPDCL, Raipur

SAVE ELECTRICITY

रक्षा संबंधों को मजबूत बनाने को लेकर की गई उत्पादक चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हालिया समय में मीडिया की सुर्खियों में छाए रहे भारत-नेपाल सीमा विवाद के मामले के बीच मंगलवार को राजधानी काठमांडू में भारतीय सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के साथ शिष्टाचार मुलाकात की है। नेपाल में भारतीय दूतावास ने अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। जबकि यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि पिछले सोमवार को पड़ोसी देश के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित किए गए एक समारोह में जनरल सेठ को नेपाल ने अपने मानद सेनाप्रमुख की उपाधि प्रदान की थी।

'बांग्लादेश के साथ सकारात्मक संबंध चाहता भारत'

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। बांग्लादेश में जारी गंभीर बिजली संकट के बीच भारत से की गई मदद देने की मांग को लेकर मंगलवार को नई दिल्ली ने अपना पक्ष साफ किया है। जिसमें राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक सवाल के जवाब में दोहराया कि नई दिल्ली का ढाका के साथ ऊर्जा सहयोग जारी है। लेकिन जहां तक बांग्लादेश द्वारा भारत की गई अतिरिक्त डीजल की मांग का मामला है। तो उसे लेकर हमारा देश अपनी जरूरतों, देश में मौजूद डीजल की उपलब्धता, रिफाइनिंग क्षमता के आधार पर आकलन करता है।

स्वदेशीकरण को मिलेगा बढ़ावा, देश में बनेंगी रक्षा क्षेत्र की 405 वस्तुएं

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय के उत्पादन विभाग ने मंगलवार को रक्षा क्षेत्र में तेजी के साथ आयात पर निर्भरता को कम करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए छठी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची को अधिसूचित किया है। जिसमें खासतौर पर सामरिक रूप से महत्वपूर्ण 405 वस्तुएं शामिल हैं। इनका अनुमानित व्यापार मूल्य 3 हजार 70 करोड़ रुपए है। सूची में शामिल वस्तुओं का संबंध एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर, लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर, सुखोई-30एमकेआई, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट और एएल-31एफपी इंजन जैसे एयर प्लेटफार्म से है।

न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

क्रमांक / /ब-121/2025-2026 रायपुर, दिनांक 03/08/2026

ग्राम-सोंडरा प.ह.नं. 25

तहसील-धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

कार्यालय नगर निगम रायपुर नगर निगम मुख्यालय गांधी मैदान के पास, रायपुर छ.ग. का पत्र क्रमांक / 204 / SBM / न.पा. नि. / 2026-27 रायपुर दिनांक 16.06.2026 के द्वारा ग्राम सोड़रा, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित भूमि खसरा नंबर 25 जो कि छोकरा नाला से लगकर स्थित है में रकबा 15 एकड़ (6.07 हे.) भूमि को एसटीपी निर्माण हेतु पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जो अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) रायपुर के माध्यम से इस न्यायालय में जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः कार्यालय नगर निगम द्वारा आबंटन बाबत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 24/08/2026 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया किया गया।

मुहर

तहसीलदार
धरसींवा (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 14.08.2026

-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "ई" में प्रतिशत दर पर दिनांक 31.08.2026 तक आमंत्रित की जाती है:-

निविदा आमंत्रण सू.क्र./ सि.क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाख में)	आमंत्रण
280 / 197388	लोक निर्माण विभाग, खैरागढ़ एवं छुईखदान के अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई का कार्य (जोन्ल एजेन्सी)	11.00	द्वितीय
281 / 197389	लोक निर्माण विभाग, बेमेतरा संभाग के अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई का कार्य (जोन्ल एजेन्सी)	30.00	तृतीय
282 / 197390	लोक निर्माण विभाग, कवर्धा संभाग के अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई का कार्य (जोन्ल एजेन्सी)	14.00	तृतीय

टीप:- 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाऊनलोड की जा सकती है।

2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग,

G-262702835/2

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, केलो परियोजना निर्माण संभाग लाखा अ.मु. खरसिया जिला- रायगढ़ (छ. ग.)

ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 07-09-2026 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्रमांक	निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक	कार्य का नाम	निविदा की लागत (लाख में)	आमंत्रण का क्रमांक
197459	02/व.ले.लि. / 2026-2027 दिनांक 17.08.2026	रायगढ़ जिले के केलो प्रोजेक्ट के तहत पुसौर छिछोर उमरिया वितरक नहर आर. डी. 3330 मी से 3600 मी. तक एवं कठली वितरक नहर 3210 मी. से 3340 मी. तक प्रोटेक्शन कार्य।	139.72 (जी.एस.टी. छोड़कर)	प्रथम आमंत्रण
197461	03/व.ले.लि./ 2026-2027 दिनांक 17.08.2026	रायगढ़ जिले के केलो प्रोजेक्ट के तहत पुसौर केलो मुख्य नहर आर. डी. 21500 मी से 21850 मी. तक एवं आर. डी. 24250 मी. से आर. डी. 24440 मी. तक का प्रोटेक्शन कार्य।	172.92 (जी.एस.टी. छोड़कर)	प्रथम आमंत्रण
197463	04/व.ले.लि. / 2026-2027 दिनांक 17.08.2026	रायगढ़ जिले के केलो प्रोजेक्ट के तहत केलो मुख्य नहर आर.डी. 17750 मी. से 17900 मी. तक एवं आर.डी. 19350 मी. से आर.डी. 19700 मी. तक का प्रोटेक्शन कार्य ।	172.97 (जी.एस.टी. छोड़कर)	प्रथम आमंत्रण

(विभाग के एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 एवं संशोधित दर दिनांक 08.08.2025 पर आधारित)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 24-08-2026 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है । अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है ।

कार्यपालन अभियंता
केलो परियोजना निर्माण संभाग लाखा
अ.मु. खरसिया जिला- रायगढ़ (छ.ग.)

G- 262702832/4

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, साहेबगंज

Tender Cancellation Notice

PR No. 385468 (Road) 26-27 (D) के माध्यम से प्रकाशित e-Tender reference no. RCD/SAHIBGANJ/518/2026-27, Dated:21.07.2026 को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है। उक्त कार्य की पुर्ननिविदा पुनः प्रकाशित की जाएगी।

कार्यपालक अभियन्ता
पथ प्रमण्डल, साहेबगंज

PR.NO.387760 Road(26-27):D

कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क कार्य हेतु दिनाँक 31.08.2026 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	एन.आई.टी. नंबर	टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
1	2	3	4	5
01	96	197718	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. - 02 नारायणपुर (ओरछा) अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू. एम. एम. इमलशन पेंच मरम्मत कार्य।	25.00 लाख
02	97	197719	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. - 01 नारायणपुर अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू. एम. एम. इमलशन पेंच मरम्मत कार्य।	25.00 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, से निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल एवं विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की व देखी जा सकती है।

नोटः- CONTRACTOR SUBMIT THE CERTIFICATE REGARDING MACHINERIES & PLANTS AS PER ANNEXURE-G - 7(d)

(निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।)

डाउनलोड करने की अंतिम तिथि - 31.08.2026 है।

नोटः- चतुर्थ आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

G-262702840/5

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 07-09-2026 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्रमांक	निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक	कार्य का नाम	निविदा की लागत (जी.एस.टी. छोड़कर) (लाख में)	आमंत्रण का क्रमांक
197447	12 / व.ले.लि. / 2026-2027 दिनांक 17.08.2026	बिलासपुर जिले के हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत नूतन कॉलोनी में एच-1 प्रकार की नई आवासीय ईमारत का निर्माण, नूतन कॉलोनी के क्लब हाउस में कमरों का निर्माण, मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में पार्किंग स्थान एवं नूतन कॉलोनी स्थित गैरेज का उन्नयन और हसदेव बांगो परियोजना बिलासपुर के अंतर्गत नूतन और कुदुदण्ड स्थित आवास गृह का नवीनीकरण कार्य ।	385.05	प्रथम आमंत्रण
197457	13 / व.ले.लि. / 2026-2027 दिनांक 17.08.2026	जांजगीर-चाम्पा जिले के विकास खण्ड नवागढ़ अंतर्गत नवागढ़ शाखा नहर अंतर्गत भठली उपवितरक नहर प्रणाली में मिट्टी मरम्मत, लाईनिंग एवं पक्का स्ट्रक्चर कार्य ।	248.75	प्रथम आमंत्रण

(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 (संशोधित दिनांक 23.04.2026) के आधार पर।

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्यूरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 24-08-2026 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है ।नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर
जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

G-262702827/5

खबर संक्षेप

सरपंच पर छिड़का तुलसी जल पंडित बुला कराया मंत्रोच्चार

महासमुंद। जिले के बसना विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत किसड़ी में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम एक बड़े विवाद का केंद्र बन गया है। आरोप है कि पंचायत भवन में झंडा फहराने के दौरान पंचायत सचिव पृथ्वीराज भोई ने सरपंच के साथ जातिगत भेदभाव किया। उन्होंने उनके ऊपर तुलसी मिला पानी छिड़का। उन्होंने पंडित बुलाकर मंत्रोच्चारण कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह कृत्य कथित तौर पर सरपंच की जाति को लेकर अपवित्रता दूर करने की मंशा से किया गया। एक सरकारी कार्यालय और सार्वजनिक मंच पर इस तरह का व्यवहार संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है। यह बेहद अपमानजनक है। घटना से गांव में भारी आक्रोश का माहौल है। दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है।

साइबर ठगी, आरोपी बंगाल से गिरफ्तार

मोहला। बैंक खाते से फर्जी तरीके से अलग-अलग यूपीआई ट्रांजेक्शन के माध्यम से धोखाधड़ी किए जाने की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच पड़ताल करते पश्चिम बंगाल जाकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार थाना खड़गांव क्षेत्र के ग्राम बांको निवासी आवेदिका श्रीमती सुनिता निषाद द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उनके छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा खड़गांव के खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 10 दिसंबर 2025 से 14 दिसंबर 2025 के मध्य फर्जी तरीके से अलग-अलग यूपीआई ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 3,12,349 रुपए की धोखाधड़ी की गई है। शिकायत के आधार पर थाना खड़गांव में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

78 वर्षीय विधवा को पेंशन लाभ नहीं सरगुजा कलेक्टर को अवमानना नोटिस

बिलासपुर। 78 वर्षीय विधवा को उसके दिवंगत पति के लंबित सेवा और पेंशन लाभ नहीं मिलने के मामले में हाईकोर्ट ने सरगुजा कलेक्टर को अवमानना नोटिस जारी किया है। जस्टिस बिभु दत्ता गुरु की अदालत ने 14 अगस्त को सुनवाई के दौरान कलेक्टर से पूछा कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए। मामले को पांच सप्ताह बाद फिर सुनवाई के लिए रखा गया है। हाईकोर्ट ने 6 जनवरी 2026 को अधिकारियों को निर्देश दिया था कि याचिकाकर्ता बी. एक्का के दिवंगत पति के सेवा लाभ से जुड़े दावे पर कानून और लागू नीतियों के तहत निर्णय लिया जाए।

कार्रवाई के लिए भेजा पत्र

कोर्ट ने आदेश की प्रमाणित प्रति मिलने के 60 दिन के भीतर निर्णय लेने और याचिकाकर्ता की उम्र को देखते हुए जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए थे। 11 मई को सरगुजा संभाग आयुक्त ने कलेक्टर को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा। इसके बाद अपर कलेक्टर ने 21 मई को पेंशन प्रक्रिया के लिए दस्तावेज मांगे। याचिकाकर्ता ने आधार, पैन, बैंक पासबुक, मृत्यु प्रमाणपत्र और फोटो सहित मांगे गए दस्तावेज जमा कर दिए। इसके बावजूद पेंशन का पूर्ण पुनर्निर्धारण, बकाया राशि और अन्य सेवा लाभ नहीं मिलने पर उन्होंने अधिवक्ता नेल्सन पन्ना एवं आशुतोष मिश्रा के माध्यम से अवमानना याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने अब कलेक्टर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

मीना खलखो हत्याकांड, दो सशस्त्र बल के जवानों को बरी करने का फैसला बरकरार

प्रदेश के बहुचर्चित मीना खलखो हत्याकांड में हाईकोर्ट ने दो सशस्त्र बल के जवानों को बरी करने के ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन यह साबित करने में विफल रहा कि मीना खलखो की मौत जिस गोली से हुई, वह आरोपी जवान धर्मदत्त धनिया और जीवनलाल रत्नाकर के हथियार से चली थी। कोर्ट ने कहा कि केवल यह साबित होना कि घटना के दौरान पुलिस की ओर से फायरिंग हुई और मीना की गोली लगने से मौत हुई, आरोपियों को हत्या का दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं है।



राज्य सरकार की अपील खारिज

इस फैसले को चुनौती देते हुए राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में अपील पेश की थी। मामले की सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है, ट्रायल कोर्ट ने उपलब्ध साक्ष्यों का विस्तार से परीक्षण करने के बाद दोनों जवानों को संदेह का लाभ दिया है। उसका निष्कर्ष न तो विकृत है और न ही साक्ष्यों की अनदेखी पर आधारित है। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा, बरी किए जाने के फैसले में अपीलीय अदालत तभी हस्तक्षेप कर सकती है, जब ट्रायल कोर्ट का निष्कर्ष स्पष्ट रूप से गलत या विकृत हो और साक्ष्यों से आरोपी की दोषसिद्धि के अलावा कोई दूसरा उचित निष्कर्ष संभव न हो।

23 साल पुराने रिश्वत मामले में पटवारी दोषी करार, लेकिन सजा में की कमी

जमीन के राजस्व रिकॉर्ड में काम कराने के बदले 2 हजार रुपए रिश्वत लेने के मामले में दोषी ठहराए गए पूर्व पटवारी माधव सिंह चंदेल की सजा को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बरकरार रखा है। हालांकि 23 साल पुराने मामले और आरोपी की उम्र 73 वर्ष होने को देखते हुए कोर्ट ने सजा में कमी की है। जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच ने धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एक साल की सजा को घटाकर 6 महीने और धारा 13(1)(डी) सहपठित 13(2) के तहत दो साल की सजा को घटाकर एक साल कर दिया। पटवारी को सरेंडर कर सजा भुगतना कहा है।

यह था मामला

दरअसल मामला वर्ष 2003 दुर्ग जिले का है। शिकायतकर्ता अर्जुन साहू ने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत की थी कि जमीन के दस्तावेजों के सत्यापन के लिए पटवारी माधव सिंह चंदेल 2 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। एसीबी ने 31 दिसंबर 2003 को पटवारी को रंगे हाथों पकड़ लिया। निचली अदालत ने 2017 में पटवारी को दोषी ठहराते हुए 3 साल की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने माना कि टेप रिकॉर्डिंग प्राथमिक साक्ष्य के रूप में पेश नहीं हुई, लेकिन अन्य मौखिक और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों से रिश्वत की मांग और रकम स्वीकार करने की बात साबित होती है।

जर्जर स्कूल भवन के कारण एक कमरे में बच्चे संवार रहे भविष्य

10 फीट के कमरे में आंगनबाड़ी के 22 बच्चे और साथ में लग रहीं पांच कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र मे बदहाल शिक्षा व्यवस्था किसी से छिपा नहीं है। इसके बावजूद समस्या समाधान नही किया जा रहा है और तो और मामला सामने आने पर सिर्फ कागज मे समाधान खोजा जाता है। कागजी कार्यवाही कर मामले का रफा–दफा करने के कारण समस्याओ का निदान होने के बजाय समस्या बढ़ती जा रही है।

एक मात्र 10 फीट कमरे के भीतर आंगनबाड़ी के 22 बच्चे और प्राथमिक शाला के 5 कक्षाएं संचालित हो रहा है जो किसी जादूगरी से कम नही है। ऐसा नही है कि इस समस्या से शिक्षा विभाग के अधिकारियो को जानकारी न हो गांव के सरपंच और ग्रामीणो ने कई बार आवेदन देकर समस्या के समाधान की दिशा मे ठोस कदम उठाने की मांग कर चुके है लेकिन ग्रामीणो द्वारा उम्मीद के साथ दिये आवेदनो का समाधान तो दूर इन आवेदनो को उच्च कार्यालय तक भी नही भेजा गया है नही तो अब तक समस्या का समाधान हो जाता।

खास खबर

विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के बच्चे

ग्राम पंचायत दबनई के आश्रित ग्राम जो मैनपुर से लगभग 18 किमी दूर ग्राम खोलापारा है और यहां विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोग निवास करते हैं। यह जनजाति के विकास के सरकार दावे करते नही थकती। अब एक कमरे के भीतर आंगनबाड़ी के बच्चे और पांच कक्षाएं कैसे संचालित होता होगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।



बुनियादी सुविधाओं के बिना बच्चे

खोलापारा शासकीय प्राथमिक स्कूल का भवन वर्षों से अत्यंत जर्जर और जर्जर अवस्था में ढहने की कगार पर है हादसों के खौफ से स्कूल को पास ही स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया लेकिन यह व्यवस्था राहत की जगह बच्चों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है आंगनबाड़ी केंद्र के केवल एक छोटे से कमरे के भीतर आंगनबाड़ी के 22 मासूम छोटे बच्चों के साथ–साथ प्राथमिक शाला की कक्षा 1 से 5 तक के सभी छात्र–छात्राओं को एक साथ बिठाकर पढ़ाया जा रहा है। जगह की भारी कमी कमरा इतना छोटा है कि बच्चों को नीचे बैठने तक की जगह बमुश्किल मिलती है। सुविधाओं का अभाव शुद्ध पीने के पानी और चालू शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के बिना बच्चे हर दिन घंटों तकलीफ सहते हैं।

आदिवासी अंचल में शिक्षा व्यवस्था की खुली पोल

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण गरीब और मजदूर परिवारों के पास अपने बच्चों को इसी सरकारी कुव्यवस्था के हवाले करने के अलावा कोई अन्य रास्ता नहीं है स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से नए स्कूल भवन की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सब पढ़ें, सब बढ़ें का नारा देने वाला विभाग इन आदिवासी बच्चों के जान–माल और भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है यदि जल्द ही नए भवन का निर्माण या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। देखना यह है कि मासूमों की इस बेबसी पर जिम्मेदार अधिकारी कब युध लेते हैं या किसी बड़े हादसे के इंतजार में हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं। जनपद सदस्य प्रताप मरकाम एवं सरपंच रमशिला बाई नेताम ने बताया कई बार नये स्कूल भवन की मांग को लेकर विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय मे ज्ञापन सौप चुके है मांग कर चुके है लेकिन अब तक समस्या का समाधान नही हुआ।

भ्रामक व एडिटेड वीडियो वायरल करने वाले दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भाजपा के झंडे वाले वीडियो को एडिट कर तिरंगे के अपमान से जोड़कर भ्रामक और एडिटेड वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता के मुताबिक 22 मार्च 2026 को भाजपा कार्यालय कुरुद में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडे फहराए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। उक्त वीडियो को एडिट कर स्वतंत्रता दिवस पर धमतरी में तिरंगे की जगह बीजेपी का झंडा- स्वतंत्रता दिवस पर उठे सवाल जैसे भ्रामक संदेश एवं तिरंगे के प्रतीक के साथ सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 336/4, 353/2 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी। विवेचना के दौरान आरोपी भुनेश्वर निराला व राकेश निराला दोनों सारंगढ़ बिलाईगढ़ निवासी को धारा 35/3 बीएनएस के तहत नोटिस देकर पूछताछ की गई। आरोपियों के मोबाइल फोन का विधिवत अवलोकन एवं पंचनामा तैयार किया गया।



डिजिटल साक्ष्यों में सामने आई एडिटिंग एवं अपलोड की प्रक्रिया

जांच में सामने आया कि आरोपी द्वारा मूल वीडियो को डाउनलोड कर न्यूज बनाओ एप के माध्यम से एडिट किया गया तथा उसमें भ्रामक शीर्षक व तिरंगे का प्रतीक जोड़कर वीडियो तैयार किया गया। इसके बाद उक्त वीडियो को इंस्टाग्राम और फेसबुक पर अपलोड किया गया। आरोपी द्वारा बाद में वीडियो डिलीट किया जाना बताया गया। इस संबंध में इंस्टाग्राम के रिसेंटली डिलीटेड सेक्शन में भी उक्त वीडियो के साक्ष्य पाए गए। आवश्यक स्क्रीन शाट एवं डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित किए गए।

दो गांव के विवाद में रूकी 400 एकड़ की सिंचाई!



धमतरी। जिस जल भराव से 400 एकड़ की जमीन सिंचित होती है, विवाद के चलते उसमें पानी नहीं भरने दिया जा रहा है। दो गांव के बीच इस विवाद का हल समझौता से निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं बनी। ग्राम साल्हेभाठ के किसानों ने कलेक्टर से इस जलभराव वाले क्षेत्र को बांधने और किसानों के हित में प्रशासनिक कार्रवाई करने की मांग की है। मामला साल्हेभाठ और झांझरकेरा की सरहद पर स्थित बिठला मुड़ा का है। यह एक जलभराव क्षेत्र है, जिससे साल्हेभाठ में करीब 400 एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई होती है। झांझरकेरा के 7-10 एकड़ की सिंचाई भी इसी बिठला मुड़ा से होती है। पहले इसमें मिट्टी का बंड बनाकर पानी रोका जाता था। अब किसानों की सुविधा के लिए शासन ने यहां कांक्रीट का पक्का स्ट्रक्चर बना दिया है। किसानों ने इस और अपडेट करते हुए इसमें गेट लगा दिया था। अब तक सबकुछ सही चल रहा था, लेकिन शासन ने बिठला मुड़ा के पास सड़क का सुदृढ़ीकरण किया है। चौड़ीकरण के साथ सड़क की उंचाई भी बढ़ गई है। इससे झांझरकेरा के किसानों के खेत में जलभराव काफी अधिक हो रहा है। झांझरकेरा के किसानों ने नुकसान से बचने के लिए बिठला मुड़ा का गेट निकाल दिया है। इससे साल्हेभाठ के खेतों को सिंचाई की सुविधा मिलनी बंद हो गई है।

- बिठला मुड़ा से गेट निकालने पर खेती पर मंडराया संकट कलेक्टर से कार्रवाई की मांग

बर्तन बेचने की आड़ में चोरी बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

बेमेतरा। सिंघौरी में हुई चोरी के मामले की जांच के दौरान बेमेतरा पुलिस ने अत्याधुनिक तकनीकी विश्लेषण के जरिए एक ऐसे आरोपी की पहचान की है, जो बांग्लादेश का नागरिक है और कथित तौर पर फर्जी पहचान दस्तावेजों के सहारे भारत में रहकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी बर्तन बेचने की आड़ में अलग-अलग इलाकों में किराए का मकान लेता और गांव-गांव तथा गली-मोहल्लों में घूमकर चोरी की घटनाएं करता था। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन में हुई कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद सुमोन खान पिता मोहम्मद सलाम खान (24), निवासी रूस्तमनगर, थाना पार्वतीपुर, जिला दिनाजपुर, डिवीजन रंगपुर, बांग्लादेश के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक शहर के सिंघौरी वार्ड चोरी प्रकरण में गिरफ्तार पांच आरोपियों से पूछताछ और तकनीकी जांच के दौरान आरोपी की पहचान बांग्लादेशी नागरिक के रूप में हुई।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 20000 फील्ड अधिकारी 18000 कंप्यूटर ऑपरेटर 15000 -20000 टेंडर कार्य, मेस सुविधा ,आवास फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016.(आरो-815)

आवश्यकता है- सुरक्षागार्ड गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई। वेतन 8000-20000 पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 9893041578, 8085233213, 7223821623, 7440981254.(आरो-41602)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को(उम्र 18 से 35) की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर (मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681.(आरो-209)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, पता:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड , रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577 , 9425522576.(आरो-822)

ड्रायवर

आवश्यकता है- शंकरनगर ऑफिस में - (1)कार चलाने हेतु अनुभवी , कुशल ड्राईवर (2)ऑफिस बॉय की आवश्यकता है जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। बायोडाटा सहित संपर्क करें:- 9993011757 / 8878228031.(आरो-419)

आवश्यकता है- टाटा ऐस एवं महिंद्रा बोलोरो चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है । कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, भनपुरी,रायपुर मो नं. 7024441744.(आरो-0161)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसर कॉल / मेसेज 7999847673 समय 12 से 5 तक (आरो-326)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676.(आरो-309)

मुंशी/चालक

आवश्यकता है- खेत में परिवार सहित रहकर कार्य करने देखने वाला चाहिए मुंशी, ट्रैक्टर चालक संपर्क करे 7999967254.(आरो-829)

सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- एक सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है वेतन 10000 से स्टार्ट ओम ज्वैलर्स शॉप नंबर 64 बी प्रिया सिंगार सदन के सामने इंदिरा मार्केट दुर्ग (आरो-4164)

चपरासी

आवश्यकता है- जेल रोड, रायपुर में ऑफिस के सभी कार्यों हेतु ऑफिस बॉय (चपरासी) व वीआईपी चौक, तेलीबांधा में घरेलू कार्यों हेतु स्टाफ की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा निषेध। 9300593000.(आरो-107)



For Rent किराया

Warehouse for Lease – Limited Availability! Upgrade your business with a modern, high-specification warehouse.
1.) 9300 Sq. Ft. Ready-to-Move
2.) Fire NOC Approved
3.) FM2 Heavy-Duty Flooring
4.) 30 Ft Clear Clear Height
5.) 70 Ft Wide Internal Road
6.) Fire Sprinkler's & Hydrant system installed Ideal for 3PL, Logistics, E-commerce, FMCG & Distribution. Excellent infrastructure for smooth operations and efficient movement of goods. Call now on 7697555552
Address: Beni Cold Storage, Village: Girodh, Ring Road No. 3, Dharsiwa, Raipur -493111 (C.G.)(आरो-820)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 25 लाख तक)(1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 9311830460.(आरो-4200)

हरिभूमि

ASTROLOGY ज्योतिष

ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ



पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।
तांत्रिक सम्राट
डॉ. जे.पी. दुबे
तंत्र पी.एच.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)
गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
96302-33918, 9238384295
नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।
स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।
आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी शुल्क उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

RAIPUR SMART BUSINESS
GST ITR फाइल बनवाएं मात्र 500/-
25 वर्ष का अनुभव
• CMA Data • Balance Sheet • प्रोजेक्ट रिपोर्ट
• फूड लाइसेंस • Income Tax Audit • TDS रिफंड
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
संपर्क: शेखर गुप्ता RIFCO Tax Consultants
C-74, सेक्टर- 1 आदर्श विद्यालय के पीछे, देवेन्द्र नगर, रायपुर
Whatsaap पर बनवाएं 9300755544, 8878655544

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

जैकेट के शेष

बड़ी प्रशासनिक सर्जरी...

▶▶गोपाल वर्मा- संयुक्त सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ▶▶गजेन्द्र सिंह ठाकुर- वर्तमान कार्यों के साथ संचालक, समाज कल्याण का अतिरिक्त प्रभार ▶▶रोमा श्रीवास्तव- सीईओ, जिला पंचायत सरगुजा ▶▶आकांक्षा शिक्षा खलखो उप सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग; खेल एवं युवा कल्याण संचालक का अतिरिक्त प्रभार ▶▶लीना कोसम आयुक्त, नगर पालिक निगम दुर्ग ▶▶सौमिल रंजन चौबे प्रबंध संचालक, पर्यटन मंडल ▶▶बीरेंद्र बहादुर पंचभाई अपर कलेक्टर, बिलासपुर ▶▶विवेक आचार्य पर्यटन मंडल से सेवा पैतृक विभाग वन विभाग में वापस।

नाबालिग बेटी को ....

धमकी देकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करता रहा। भय के कारण पीड़िता इसकी जानकारी किसी को नहीं दे पाई। इस बीच जब उसे गर्भ ठहरा, तो उसने मदद के लिए इसकी जानकारी अपनी बुआ को दी, लेकिन बुआ ने गर्भ ठहरने की जानकारी उसके पिता को दे दी। इसके बाद पिता ने बुआ के साथ मिलकर जबरदस्ती दवा खिलाकर उसका गर्भपात कराया। उसके बाद भी वह फिर मारपीट और धमकी देकर लगातार उसके साथ दुष्कर्म करता है। लगभग तीन साल तक पिता का जुल्म पीड़िता सहन करती रही। वर्ष 2025 में वह दोबारा गर्भवती हो गई, लेकिन इस बार गर्भपात कराने का समय निकल चुका था, उसके बाद पिता ने बहन के साथ मिलकर उसे डाक्टर बरखा वर्मा उर्फ वर्षा मंडल 34 वर्ष, निवासी लिटिल स्टार होम, ऋषभ नगर न्यू राजेन्द्र नगर के घर ले गई।

नमक के नीचे ....

पिकअप सहित कुल 1 करोड़ 64 लाख 49 हजार 550 रुपये की संपत्ति जब्त की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित शाह एवं मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में की गई है।

नमक के नीचे गांजा की खेप : अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित शाह ने बताया कि 18 अगस्त को कोन्टा पुलिस को सूचना मिली थी कि राजस्थान नंबर के पिकअप वाहन क्रमांक आरजे 27 जीई 6757 से अवैध रूप से गांजा परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर कृष्ण मंदिर चौक, वार्ड 5 कोन्टा के पास नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका गया। तलाशी लेने पर नमक की बोरियों के नीचे छिपाकर रखे गए 150 पैकेट गांजा बरामद हुआ।

धरे गए राजस्थान के तस्कर : मामले में शिव कुमार प्रजापति और उदय राम बलाई, (दोनों 24 वर्ष) निवासी भीलवाड़ा राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है। राजस्थान में पंजीकृत वाहन से सुकमा जिले तक गांजे की खेप पहुंचाए जाने से पुलिस पूरे मामले को अंतर्राज्यीय तस्करी नेटवर्क से जोड़कर जांच कर रही है।

जुलाई में भी तस्करों को दिया था बड़ा झटका : सुकमा पुलिस की यह कार्रवाई इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जुलाई में कोन्टा में ही करीब एक करोड़ रुपए मूल्य के गांजा की जब्ती हुई थी। उस कार्रवाई में भी पुलिस ने गांजा तस्करी के नेटवर्क पर शिकंजा कसते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

तस्करों के मंसूबों को नहीं होने देंगे कामयाब कोन्टा क्षेत्र में करोड़ों रुपए मूल्य की गांजे की खेप पकड़े जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस लगातार अंतर्राज्यीय नशा तस्करों की गतिविधियों पर नजर रख रही है। लगातार दूसरी बड़ी कार्रवाई उन तस्करों के लिए चेतावनी है जो जिले की सीमाओं को नशे की खेप के लिए सुरक्षित कॉरिडोर समझते हैं ऐसे तस्करों के मंसूबे को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही तस्करों के सरगना को भी गिरफ्त में लेंगे।

पूरे नेटवर्क तक पहुंचने की है कवायद : एएसपी ने बताया कि पुलिस की कार्रवाई केवल गांजा बरामद करने और आरोपियों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है। आरोपियों से पूछताछ के आधार पर गांजे के स्रोत, गंतव्य, परिवहन मार्ग और सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का फोकस उन लोगों तक पहुंचने पर भी है जो अंतर्राज्यीय स्तर पर इस अवैध कारोबार को संचालित या वित्तपोषित कर रहे हैं।

छुट्टी लेकर सिंगापुर ....

साथ उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट भी की है, जिसे लेकर कर्मचारी संघ में भारी नाराजगी देखी गई। संघ के पदाधिकारियों सहित कर्मचारियों ने मंगलवार को इस मामले में अब कलेक्टर गौरव सिंह से शिकायत की है। हालांकि इस मामले में अपर कलेक्टर मनीष मिश्रा ने कर्मचारी के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करने से इनकार किया है। कलेक्टोरेट में सोमवार को उस समय गहमागहमी का माहौल हो गया, जब कर्मचारियों को पता चला कि आरंग प्रभारी अपर कलेक्टर मनीष मिश्रा ने आरंग तहसील में पदस्थ ग्रेड-3 वर्ग के कर्मचारी द्वारा की गई गलती के लिए डांट लगाने के दौरान गाली-गलौज कर कई थप्पड़ मारे हैं। अपर कलेक्टर के इस रवैये से कर्मचारी संघ ने नाराजगी जताई। कुछ कर्मचारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि अगर कोई कर्मचारी गलती करता है, तो अधिकारी नाराजगी जाहिर करने, डांटने तथा ज्यादा से ज्यादा कार्रवाई के निर्देश दे सकता है, लेकिन मारपीट करने का अधिकार नहीं है।

छुट्टी स्वीकृत कराए बिना सिंगापुर यात्रा : इधर तहसील आरंग में बाबू पद पर पदस्थ बाबू पर आरोप है कि वह कई दिनों तक स्वास्थ्य खराब होने का बहाना बनाकर दफ्तर नहीं जा रहा था। जब वह लौटा तो पता चला कि उसका स्वास्थ्य खराब नहीं था, बल्कि वह सिंगापुर यात्रा पर गया था। उसके सिंगापुर जाने की खबर तहसील दफ्तर से लेकर कलेक्टोरेट तक पहुंची। बताया जा रहा है कि सिंगापुर यात्रा की उसने सोशल मीडिया में कुछ तस्वीरें भी अपलोड की थीं, जिसे बाद में हटा दिया गया है।

कर्मचारी संघ ने शिकायत की, इसकी जानकारी नहीं : स्वास्थ्य खराब होने का बहाना बनाकर बिना अवकाश स्वीकृत कराए विदेश यात्रा पर गया था, इसे लेकर मैंने गहरी नाराजगी जताई है। गाली-गलौज एवं मारपीट करने का आरोप झूठा है। कलेक्टर से कर्मचारी संघ ने शिकायत की है, इसकी जानकारी नहीं है।

- **मनीष मिश्रा**, अपर कलेक्टर रायपुर

तेजस्विन, दिव्या सहित ....

आखिर में वह दौड़ से बाहर हो गए। इससे पहले, 2014 में भी खेल रत्न पुरस्कार नहीं दिया गया था। विश्व कप विजेता शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, डेकाथलॉन और ऊंची कूद के एथलीट तेजस्विन शंकर और बैडमिंटन खिलाड़ी गायत्री गोपीचंद उन 17 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें मंगलवार को प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित किया गया। अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित खिलाड़ियों में ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती, गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ीदार त्रीसा जॉली, ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मुक्केबाज नरेंद्र और युवा बधिर राइफल निशानेबाज धनुष श्रीकांत भी शामिल हैं। एशियाई खेल 1962 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे फुटबॉलर आई अरुमैनायगम को आजीवन उपलब्धि के लिए अर्जुन पुरस्कार दिया गया है। इस वर्ष चयन समिति ने अर्जुन पुरस्कार के लिए 24 नामों की सिफारिश की थी, लेकिन मंत्रालय ने केवल 17 नामों को ही मंजूरी दी। पुरस्कारों की घोषणा करने में बहुत देरी हुई। खेल मंत्रालय ने योग के खिलाड़ियों को ही सम्मानित करने के उद्देश्य से पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया अपनाई। शतरंज खिलाड़ी 19 वर्षीय देशमुख विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। विदित गुजराती 2024 शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। एशियाई खेल 2023 में डेकाथलॉन में ऐतिहासिक रजत पदक और पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में दूसरा स्थान हासिल करने वाले तेजस्विन शंकर ने घुटने की समस्या से जूझने के बावजूद राष्ट्रमंडल खेलों में एक कांस्य पदक जीता। वह उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने पुरस्कारों की घोषणा में देरी की आलोचना करते हुए इसे खिलाड़ियों के प्रति अनादरपूर्ण बताया।

साइबर ठगी का सामने आया अनोखा केस

रैपिडो चलाने वाले ने ठगी के लिए किराए पर दिया बैंक खाता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



साइबर ठगी का एक अनोखा केस सामने आया है, जहां से बहुत से लोगों के लिए सीख भी है। दरअसल, बिहार के पटना में तीन शख्स को गिरफ्तार किया गया है, जिनपर आरोप है कि वे करोड़ों की साइबर ठगी में शामिल थे। पुलिस ने बताया है कि इन आरोपियों के बैंक खातों की मदद से बहुत से साइबर ठगी के मामलों से जुड़ी रकम को एक बैंक खाते से दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर करते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रभाकर, अमित और दीपक के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी को अपने बैंक खातों से होने वाले हर ट्रांजैक्शन के लिए 3,000 से 5,000 रुपये दिए जाते थे। जांच में खुलासा हुआ है कि इन खातों के जरिए करीब 25 करोड़ रुपये की ट्रांजैक्सन हुई हैं। अब पुलिस इस पूरे नेटवर्क के पीछे मौजूद बड़े गिरोह का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। पुलिस जानना चाहती है कि वे कौन लोग हैं, जो इन अकाउंट को किराए पर लेकर अपनी मर्जी पर बैंक खाते चलाते हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि संदिग्ध सिंडिकेट को कितने अन्य लोगों ने अपने बैंक खाते किराये पर दिए थे।

दो आरोपी रैपिडो के बाइक टैक्सी चलाते हैं

तीन आरोपियों में से दो आरोपी रैपिडो के बाइक टैक्सी चालक हैं। तीसरा आरोपी भी साइबर ठगी नेटवर्क को बैंक अकाउंट किराए पर देने के काम में शामिल था।

ठगी की रकम आगे ट्रांसफर करते थे

पुलिस ने बताया है कि एक इंटरनेशनल साइबर क्राइम सिंडिकेट ऑनलाइन ठगी से आने वाली रकम को रिसीव करने और ट्रांसफर करने के लिए इन बैंक खातों का इस्तेमाल कर रहे थे। पटना साइबर पुलिस स्टेशन की प्रभारी डीएसपी संगीता कुमारी ने बताया है कि कई राज्यों के पीड़ितों ने इन तीनों आरोपियों के खिलाफ नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर कंप्लेंट दर्ज कराई हैं।

पाकिस्तान : तीन बारूदी सुरंग विस्फोट, नौ घायल

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तीन अलग-अलग बारूदी सुरंग विस्फोटों में नौ लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, ये तीनों विस्फोट रविवार को कुर्रम जिले के दूरदराज वाले डैंडर सहारा इलाके में हुए। पहले हादसे में हामिद हुसैन नाम का एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने अपने दोनों पैर गंवा दिए। उसी इलाके में शाम के समय हुए दूसरे बारूदी सुरंग विस्फोट में दो अन्य लोग घायल हो गए। वहीं, तीसरे विस्फोट में छह लोग घायल हुए। पुलिस ने बताया कि इन घटनाओं ने क्षेत्र में अनुपयोगी या बिन फटे गोला-बारूद और बारूदी सुरंगों की मौजूदगी को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। बिन फटे गोला-बारूद से तात्पर्य ऐसे बम, गोलियों या विस्फोटकों से है जो दागे या बिछाए जाने के बाद भी फटे नहीं होते>

पेपर लीक के आरोपियों की संपत्ति जब्त करने की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्य सरकारों से जवाब मांगा है। याचिका में पेपर लीक में शामिल आरोपियों और उनके परिवार के सदस्यों की चल-अचल संपत्ति की जांच कर उसे जब्त करने के निर्देश देने की मांग की गई है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने मंगलवार को अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की जनहित याचिका पर केंद्र और राज्यों को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 सितंबर की तारीख तय की है। याचिका में कहा गया है कि पेपर लीक करने वालों और इस तरह के अपराध में शामिल लोगों की पूरी संपत्ति का आकलन किया जाना चाहिए। इसमें उनके परिवार के सदस्यों की संपत्ति की भी जांच करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने कहा कि यदि जांच में अवैध संपत्ति या अपराध से अर्जित धन का पता चलता है तो भ्रष्टाचार निवारण कानून, मनी लॉन्ड्रिंग कानून, बेनामी संपत्ति कानून और ब्लैक मनी कानून के तहत उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। याचिका में यह भी मांग की गई है कि पेपर लीक के अपराध में दोषी पाए जाने पर मिलने वाली सजाएं लगातार चलें, यानी एक के बाद एक लागू हों, न कि एक साथ।

***श्रीनगर।** कश्मीर के कुलगाम जिले के काजीगुंड में ट्रक और सीआरपीएफ के बंकर वाहन की टक्कर हो गई। हादसे में सीआरपीएफ के 5 जवान घायल हो गए। दुर्घटना लेवडोरा इलाके में हुई, जहां टक्कर के बाद सीआरपीएफ का बंकर वाहन पलट गया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

निविदा सूचना

क्र.सं. **(1) E-Tender No:- SrDEE-G-R-OTP-26-27-12; दिनांक:11.08.2026** कार्य: दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के दुर्ग डिपो स्थित एलएचबी एवं वंदे भारत पैंट्री कारों के विद्युत पैंट्री उपकरणों का कंरेक्टिव मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (CMC), तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए। **निविदा मूल्य: 34,78,471.37 बयाना राशि: 69,600.00 निविदा जमा: 15.09.2026** को 15:30 बजे तक। विस्तृत विवरणों/निविदा दस्तावेज की खरीद, योग्यता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण के लिए कृपया सीनि. डीईई/जी/आर के कार्यालय में संपर्क करें या निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें जो कि हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इन निविदाओं के अधीन मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (आर.एस.एण्डजी.)

PR/R/SR.DEE(RS&G)/D360/173

South East Central Railway @secrail

// आम सूचना //

वाके मौजा-चंडी, प.ह.नं. 00006, रा.नि.मं.-गोड़गिरी, तहसील भिंभौरी, जिला बेमेतरा (छ.ग.) स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 51 रकबा 0.1200 हेक्टेयर भूमि के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार हर्ष टांक पिता गुणवंत टांक, निवासी- बी-2, वुट इस्टेट, कचना, तहसील व जिला रायपुर के द्वारा विक्रेता चतुर सिंह पिता श्री छत कुमार पटेल, निवासी- मकान नंबर-127, पाहरा, पो. गोडगिरी, जिला दुर्ग (छ.ग.) के आधिपत्य व स्वामित्व की भूमि वाके मौजा-चंडी, प.ह.नं. 00006, रा.नि.मं.-गोड़गिरी, तहसील भिंभौरी, जिला बेमेतरा (छ.ग.) स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 51 रकबा 0.1200 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि अदा कर दिया है शेष राशि पंजीयन के समय अदा किया जावेगा।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति है। तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी, उजर, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतमय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा के लिए मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा। सो सूचना जानें।

रायपुर, छत्तीसगढ़
दिनांकः 18.08.2026

अजय मिश्रा (अधिवक्ता)
पता- गणपत चौक, हीरापुर, रायपुर (छ.ग.) मो. 95756-98096

पेज एक के शेष

शक्कर में कड़वाहट...50 ....

कारण दाम बढ़ रहे हैं। कारोबारियों के मुताबिक जून में बारिश न होने के कारण गन्ने की फसल के प्रभावित होने के कारण इसके दाम बढ़ने प्रारंभ हुए हैं।

व्हाट्सएप ग्रुप में ....

अधिकारी (राजस्व) पामगढ़ ने 18 अगस्त 2026 को निलंबन आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार पटवारी देवेंद्र साहू, पटवारी हल्का नंबर 21 ग्राम-बिलारी ने 7 अगस्त को तहसील पामगढ़ के व्हाट्सप ग्रुप में एक टिप्पणी की थी। टिप्पणी में कथित तौर पर यह कहा गया था कि "एसडीएम, कलेक्टर, सचिव या सीएम ही क्यों न हो"। शनिवार रविवार को कोई काम नहीं करेंगे। इस टिप्पणी को लेकर पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था और उनसे जवाब मांगा गया था। पटवारी ने 11 अगस्त को अपना पक्ष प्रस्तुत किया, लेकिन विभागीय जांच में उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया।

हाईकोर्ट में तीन ...

यहां 13 जज काम कर रहे हैं। बिलासपुर हाईकोर्ट के लिए नियुक्त किए गए तीनों नए जज छत्तीसगढ़ राज्य की न्यायिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी हैं। इसमें संतोष शर्मा वर्तमान में कोरबा जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं। इन्होंने अपनी न्यायिक सेवा की शुरुआत साल 2009 में बिलासपुर से ही एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एवं सेशंस जज के रूप में की थी।

राम मंदिर चढ़ावा ....

मामले में उत्तर प्रदेश के गृह विभाग ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को आवश्यक कार्रवाई के साथ विशेष जांच दल (एसआईटी) की फाइनल रिपोर्ट सौंप दी है। राम मंदिर मामले की फाइनल रिपोर्ट में चंपत राय के नाम को लेकर तस्वीर साफ होने के संकेत हैं। इनिशियल रिपोर्ट में चंपत राय का नाम नहीं था, ऐसे में फाइनल रिपोर्ट में नाम भी न होना माना जा रहा है। वहीं अनिल मिश्रा का नाम इनिशियल रिपोर्ट में था, लेकिन फाइनल रिपोर्ट में नाम हटने को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। अनिल मिश्रा के नाम को लेकर क्या कोई नया साक्ष्य मिला, इसकी अभी पुष्टि नहीं है। फाइनल रिपोर्ट में किन लोगों के नाम शामिल हैं, इसे लेकर रिपोर्ट सार्वजनिक होने का इंतजार है। तीन सदस्यीय इस एसआईटी का गठन ट्रस्ट के कहने पर यूपी सरकार ने किया था। लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता वाली एसआईटी ने 23 जून को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी थी।

आवासीय स्कूल में ....

शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी सुखनदंन राठौर के निर्देश व सीएसपी सुमित कुमार के मार्गदर्शन में कोतवाली टीआई लौलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा मामले की जांच के बाद आरोपी शिक्षक के खिलाफ पास्को एक्ट की धारा 8 व 74 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी शिक्षक मूलतः खैरागढ़ का रहने वाला है तथा बीते कुछ वर्षों से शासकीय आवासीय स्कूल में कार्यरत था।

शिकायत पर की थी जांच : सीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि आरोपी शिक्षक ने नाबालिग छात्रा को अपने केबिन में बुलाया था जहां उसके साथ दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत सामने आई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बिना देरी किए जांच शुरू की। और शिकायत की पुष्टि के बाद आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए विशेष पॉक्सो कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

भारतीय डाक विभाग
कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग रायपुर - 492009

डाक वितरण केन्द्र हेतु भवन की आवश्यकता

विज्ञापन

डाक वितरण केन्द्र हेतु सड्डू क्षेत्र रायपुर शहर में लगभग 1200-1300 वर्गफीट के भूतल में हॉल की आवश्यकता है, जिसमें जल, विद्युत, दो टॉयलेट एवं अन्य सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध हो। इच्छुक भवन स्वामी, प्रवर अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग रायपुर-492009 को अपना आवेदन, प्रस्तावित किराया, स्वीकृत नक्शा, बी I, खसरा, नगर निगम टैक्स भुगतान की रसीद एवं अन्य स्वामित्व संबंधी दस्तावेज की प्रति के साथ डाक से प्रेषित करें अथवा किसी भी कार्यालयीन दिवस में उक्त कार्यालय में जमा करें। किराये में लिये जाने वाले भवन का रजिस्ट्रार कार्यालय से किराये का अनुबंध कराया जाना अनिवार्य होगा। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 02.09.2026 है।

प्रवर अधीक्षक डाकघर, रायपुर संभाग, रायपुर-492009

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

सिगनलिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्याः 10- एसटी-टेंडर-2026, दिनांकः 08.08.2026. कार्यः "S&T का काम इनसे जुड़ा है: (1) झारसुगुडा अकलतरा (UP और DN लाइन) –TTR– (FS + TWS + WCMSC) – 39 सेट, WCMSC 40 सेट। (2) झारसुगुडा–अकलतरा - TTR (FS + TWS + WCMSC) – 40 सेट। (3) बिलासपुर डिवीजन – TTR – FS + TWS + WCMSC – 2, FS + CS + CMSC – 3, TWS + WCMSC – 7, TWS – 113, CS–17, CMSC–10, WCMSC – 39 और DS–111 (4) अनूपपुर–कटनी – TRR (P) – 13-010 TKm। (5) बिलासपुर डिवीजन –CTR(S)– 3.004 Tkm और TRR(S) – 6.809 Tkm।" निविदा मूल्यः ₹ 4,87,38,325.97 (₹ चार करोड़ सतासी लाख अड़तीस हजार तीन सौ पच्चीस और सत्तानवे पैसे मात्र)। अमानत राशिः ₹ 9,74,800/- (₹ नौ लाख चौहत्तर हजार आठ सौ मात्र)।

निविदा जमा होने की तिथिः 31.08.2026 के 15.00 बजे तक।

उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई–टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजी./(मेन सीपीआर/10/पीएच/343 लाईन), बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
प्रथम निविदा विज्ञप्ति

नि.क्र.15/न.पा.नि./जोन क्र.08/2026-27 बिलासपुर दिनांक 18.08.2026 एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा दिनांक 08.09.2026 तक आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि राशि (लाखों में)	अमानत राशि (रु.)
1	जोन क्र. 08 अंतर्गत वार्ड क्र. 59 से 68 तक विभिन्न स्थानों पर ह्यूम पाईप प्रदाय कार्य।	5.40	4,500.00

निविदा से संबंधित अन्य जानकारी ज़ोन क्र.08 कार्यालय भवन सिटी बस डिपो प्रथम तल कोनी से अथवा निगम की वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से प्राप्त की जा सकती है।

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान

कार्यपालन अभियंता, ज़ोन क्र.08 न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

// आवश्यक सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र तोहड़ा से जोड़ने 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिए नये 33 के.व्ही. फीडर लाईन का निर्माण किया गया है जो कि दिनांक 18.08.2026 को अथवा इसके उपरांत कभी भी उर्जीकृत किया जा सकता है उपरोक्त नये 33 के.व्ही फीडर लाईन ग्राम तोहड़ा, मानपुर, तुलसी, छपोरा, चांपा एवं कोटा से होकर गुजरती है अतः निवेदन है कि कृपया इन विद्युत लाईनों से दूर रहे एवं अपने मवेशी/घरेलू/पशुओं/जानवरों को इस विद्युत लाईन/स्टे/तार/पोल इत्यादि से दूर रखें, ताकि कोई विद्युत दुर्घटना न हो।

"विद्युत संबंधित शिकायतों केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएं।"
"असुविधा से बचने के लिये विद्युत देयक का भुगतान समय पर करें।"
"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे"
"स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचाइए"

असुविधा के लिए खेद है

संवादः- Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

(डी.के.वर्मा)
कर्म.संख्या 92315604
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., रायपुर

न्यायालय- नवम जिला न्यायाधीश, रायपुर छ.ग. (पीठासीन न्यायाधीश- श्रीमती पल्लवी तिवारी)

विषय :- नोटिस / समंस प्रकाशन बाबत।
प्रकरण क्रमांक -08 बी / 2026, प्रोसेस क्रमांक - 1860 / 2026
पेशी दिनांक - 05.09.2026

पी.एस.चौहान — डिक्रीधारी
विरुद्ध
धुरेन्द्र सिंह राघव — निर्णितऋणी

उक्त प्रकरण में नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जाना है। विक्रय की उद्घोषणा के अनुसार भूमि खाता क्रमांक 707 खसरा नंबर 248/13 क्षेत्रफल 250 वर्गफीट, खाता क्रमांक 709 खसरा नंबर 248/14 क्षेत्रफल 1250 वर्गफुट तथा कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट जो ग्राम पुरैना, पटवारी हल्का नम्बर 00067 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर दो तहसील व जिला रायपुर में स्थित है तथा राजस्व अभिलेख में निर्णीतऋणी के नाम पर दर्ज है, को नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जाना है। विक्रय दिनांक 02.09.2026 को 12.00 बजे पूर्वान्ह जिला न्यायालय रायपुर के नजारत अनुभाग में जिला नाजिर रायपुर के द्वारा किया जायेगा। विक्रय की सूचना प्रकाशन हेतु आपके पास भेजा जा रहा है। विक्रय की सूचना का प्रकाशन पेशी तारीख के 15 दिवस पूर्व अपने समाचार पत्र में आवश्यक रूप से प्रकाशन करें तथा समाचार पत्र की एक प्रति इस न्यायालय को भिजवाने की व्यवस्था करें।

संलग्न- विक्रय की उद्घोषणा, संपत्ति की अनुसूची एवं विक्रय का सूचना पत्र।
नोटः-डिक्रीधारी द्वारा प्रकाशन शुल्क जमा करने पर ही प्रकाशन किया जावे।

संख्यांक 29, विक्रय की उद्घोषणा (आदेश 21 नियम 66) (शीर्षक)

(1) अष्टम अपर जिला न्यायाधीश दुर्ग के द्वारा विनिश्चित व्यवहारवाद क्रमांक 16-बी/2015 में जिसमें पी.एस. चौहान वादी था और सुखवीर सिंह राघव तथा धुरेन्द सिंह राघव प्रतिवादी थे।

यह सूचना दी जाती है कि इस न्यायालय ने उपाबद्ध अनुसूची में वर्णित कुर्क सम्पत्ति का, पार्श्व में वर्णित वाद (1) में डिक्रीधारी के दावे की, जो खर्चों और विक्रय की तारीख तक के ब्याज सहित कुल 48,79,170/- रुपये की राशि का है, तुष्टि में विक्रय करने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 और आदेश 21 के नियम 64 के अधीन आदेश दिया गया है।

विक्रय लोक नीलाम द्वारा किया जाएगा और सम्पत्ति अनुसूची में विनिर्दिष्ट लाटों में विक्रय के लिये रखी जायेगी। विक्रय उक्त निर्णीतऋणियों की उस सम्पत्ति का होगा जो निम्नलिखित अनुसूची में वर्णित है, और उक्त संपत्ति से संलग्न दायित्व और दावे, जहां तक कि उनका अभिनिश्चय किया जा सका है, वे हैं जो हर एक लाट के सामने अनुसूची में विनिर्दिष्ट है।

जब तक मुल्तवी करने का आदेश न किया जाए यह विक्रय दिनांक 02-09-2026 को 12.00 बजे प्रारंभ होने वाले मासिक विक्रय में नीलामी के द्वारा किया जाएगा। किन्तु यदि उपर विनिर्दिष्ट ऋण और विक्रय के खर्चे किसी लाट के लिये बोली अन्तिम होने के पूर्व निविदत्त या संदत्त कर दिए जाते हैं तो विक्रय बन्द कर दिया जाएगा। विक्रय में सर्वसाधारण को या तो स्वयं या सम्यक रुप से प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा बोली लगाने के लिये निमंत्रित किया जाता है किन्तु उपरिवर्णित निर्णीत लेनदारों या उनके निमित्त लगायी गयी कोई भी बोली स्वीकार नहीं की जाएगी और न्यायालय द्वारा पहले से दी गयी अभिव्यक्त अनुज्ञा के बिना उनको किया गया विक्रय विधिमान्य न होगा। विक्रय की अतिरिक्त शर्तें निम्नलिखित है-

विक्रय की शर्तें- 01. निम्नलिखित अनुसूची मे विनिर्दिष्ट विशिष्टियां न्यायालय की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार लिखी गई है किन्तु इस उद्घोषणा में किसी गलती, अशुद्ध कथन या लोप के लिए न्यायालय उत्तरदायी नहीं होगा। **02.** वह रकम जितनी बोलियां बढ़ायी जानी है, विक्रय संचालित करने वाले अधिकारी द्वारा अवधारित की जाएगी। यदि लगाई गई बोली की रकम के बारे में या बोली लगाने वाले के बारे में कोई विवाद पैदा होता है तो वह लाट तुरंत पुनः नीलाम पर चढ़ाया जाएगा। **03.** किसी भी लाट की सबसे उंची बोली लगाने वाला व्यक्ति उस लाट का क्रेता घोषित किया जाएगा, परन्तु यह तब जब कि वह बोली लगाने के लिए वैध रूप से अहित हो, यह बात न्यायालय के या विक्रय करने वाले अधिकारी के विवेकाधिकार में होगी कि वह सबसे उंची बोली को स्वीकार करने से उस दशा में इंकार कर दे जिसमें लगाई गई कीमत स्पष्टतः इतनी अपर्याप्त

खबर संक्षेप



सोना 2,000 रुपए चढ़ा चांदी 730 रुपए मजबूत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। खुदरा विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की ओर से लिवाली बढ़ने के कारण लगातार दूसरे सत्र में सोने की कीमतों में तेजी आई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 2,000 रुपये बढ़कर 1,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, दो सत्रों तक 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहने के बाद चांदी की कीमत भी 730 रुपये बढ़कर 2,40,730 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई।

पेटीएम के शर्मा नहीं बेच रहे हिस्सेदारी

नई दिल्ली। पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी



(सीईओ) विजय शेखर शर्मा को वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (पेटीएम) में निवेश इकाई रेजिलिएंट एसेट मैनेजमेंट बीवी की 4.98 प्रतिशत हिस्सेदारी की प्रस्तावित बिक्री से उन्हें कोई वित्तीय लाभ नहीं मिलेगा। इस बिक्री से प्राप्त राशि एंटफिन को जाएगी। इसके अलावा, पेटीएम में शर्मा की करीब नौ प्रतिशत प्रत्यक्ष हिस्सेदारी में भी कोई बदलाव नहीं होगा।

ऑगमोंट का आईपीओ 21 अगस्त को खुलेगा

नई दिल्ली। ऑगमोंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड का 825 करोड़ रुपये का



आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 21 अगस्त को खुलेगा। कंपनी ने मंगलवार को सार्वजनिक घोषणा में बताया कि आईपीओ का मूल्य दायरा 750-788 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। यह 620 करोड़ रुपये के नए शेयर तथा 205 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण होगा। आईपीओ 21 अगस्त को खुलेगा और 25 अगस्त को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 20 अगस्त को बोली लगा पाएंगे।

मिल्की मिस्ट डेयरी 18 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। पैकेट बंद खाद्य उत्पाद बनाने वाली कंपनी मिल्की



मिस्ट डेयरी फूड लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 140 रुपये के मुकाबले करीब 18 प्रतिशत की बढ़त के साथ मंगलवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई और एनएसई दोनों पर शेयर 165 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 17.85 प्रतिशत अधिक है। बीएसई पर बाद में यह 29.60 प्रतिशत चढ़कर 181.45 रुपये पर पहुंच गया।

डिजिटल फास्टैग स्थानीय पास सुविधा का विस्तार



नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देश के 121 टोल प्लाजा पर ऑनलाइन फास्टैग स्थानीय पास की सुविधा का विस्तार किया है। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि पात्र दैनिक यात्री 'राजमार्गयात्रा मोबाइल ऐप' के जरिये ऑनलाइन मासिक स्थानीय पास ले सकते हैं। इससे टोल प्लाजा पर व्यक्तिगत रूप से जाने और सहायक दस्तावेजों को भौतिक रूप से जमा करने की आवश्यकता खत्म हो जाएगी।

इट्सा हॉस्पिटल्स पहुंचे बाबा रामदेव, कहा-स्वस्थ जीवन सफलता का आधार

योगगुरु बाबा रामदेव ने दी शुभकामनाएं और सराही अस्पताल की सेवाएं

रायपुर। योगगुरु स्वामी रामदेव ने इट्सा हॉस्पिटल्स, रायपुर का दौरा किया। अस्पताल पहुंचने पर उन्होंने सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश के चरणों में नमन कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशकों, चिकित्सकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

स्वामी रामदेव ने अस्पताल परिसर का अवलोकन किया और इट्सा हॉस्पिटल्स की आत्मीयता, सेवा-भावना एवं उत्कृष्ट हॉस्पिटैलिटी की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कहा, "यहां चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ अपनापन और अतिथिसत्कार की भावना भी उतनी ही प्रभावशाली है। इट्सा हॉस्पिटल्स में अस्पताल के साथ-साथ बेहतरीन हॉस्पिटैलिटी का भी अनुभव होता है।" उन्होंने पूरे संस्थान के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

शहर को विकसित होते देखा है

अपने संबोधन में स्वामी रामदेव ने कहा कि वे पिछले 25 वर्षों से रायपुर आते रहे हैं और उन्होंने इस शहर को निरंतर प्रगतिशील एवं विकासशील होते देखा है। उन्होंने रायपुर के लोगों के प्रति अपना स्नेह व्यक्त करते हुए कहा कि यह शहर उन्हें हमेशा अपनापन देता है। उन्होंने सभी को योग अपनाने का संदेश देते हुए कहा, "योग करो, स्वस्थ बनो। करियर बनाओ, बुद्धिमान बनो। शरीर से पराक्रमी बनो और मस्तिष्क से बुद्धिमान बनो।" उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन ही सफलता और समृद्धि का सबसे मजबूत आधार है।



रायपुर का आधुनिक मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल

इट्सा हॉस्पिटल्स, रायपुर एक आधुनिक मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल है, जो उन्नत चिकित्सा तकनीक, अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों और मरीज-केंद्रित सेवाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है।

इट्सा हॉस्पिटल्स के निदेशकों से की मुलाकात

इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने इट्सा हॉस्पिटल्स के निदेशकों एवं उनके परिवार के सदस्यों से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल के नेतृत्व की सराहना करते हुए इसे सेवाभावी, प्रेरणादायी एवं प्रतिष्ठित संस्थान बताया तथा भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रकट कीं। अंत में अस्पताल प्रबंधन ने स्वामी रामदेव के आगमन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। प्रबंधन ने कहा कि उनका आशीर्वाद और प्रेरणादायी संदेश पूरे संस्थान के लिए गर्व एवं उत्साह का विषय है।

अभियान बिल्कुल कारोबार नहीं दिखाने वाली इकाइयों के खिलाफ

प्रमाणपत्र जारी करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट होंगे निशाने पर

विदेशों में भेजा गया संदिग्ध पैसा आयकर विभाग की जांच के घेरे में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने कम या बिल्कुल कारोबार नहीं दिखाने वाली इकाइयों, उनके पीछे मौजूद लोगों और कर निर्धारण प्रमाणपत्र जारी करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट के विदेश भेजी गयी संदिग्ध राशि की जांच के लिए अभियान शुरू किया है। विभाग ने कहा कि इस अभियान के दायरे में भारत की जमीनी सीमाओं से लगे जिलों में स्थित ऐसी इकाइयों को भी शामिल किया गया है, जिन्होंने बड़ी मात्रा में पैसा विदेश भेजा है। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि इस अभियान में करीब 394 इकाइयों और 36 पेशेवरों को शामिल किया गया है। इनमें सीमावर्ती राज्यों में स्थित 117 इकाइयां शामिल हैं। विभाग ने 18 अगस्त को संदिग्ध रूप से विदेश भेजी गयी राशि की विस्तृत राष्ट्रव्यापी जांच शुरू की। इसमें मुखौटा कंपनियों, उनके पीछे मौजूद लोगों और फॉर्म 15सीबी प्रमाणपत्र जारी करने वाले पेशेवरों पर गौर किया गया है।

■ अभियान के दायरे में देश की जमीनी सीमाओं से लगी इकाइयां

धन प्रेषण बताए गए उद्देश्यों से मेल नहीं खाते: विभाग ने कहा कि ये माल ढुलाई भुगतान, सॉफ्टवेयर का आयात या परामर्श सेवाओं के आयात जैसे धन प्रेषण के बताए गए उद्देश्यों से भी मेल खाते नहीं दिखे। जांच में यह भी पता चला कि इनमें से कई इकाइयां अपने घोषित पते पर वास्तव में काम नहीं कर रही थीं।



जांच जमीनी स्तर से मिली सूचनाओं के बाद

संदिग्ध विदेशी धन प्रेषण की जांच आंकड़ों के विश्लेषण और जमीनी स्तर से मिली सूचनाओं के बाद शुरू की गई है। इनसे पता चला कि कम या बिल्कुल कारोबार नहीं दिखाने वाली कुछ इकाइयों ने काफी पैसा विदेश भेजा। विभाग ने चार्टर्ड अकाउंटेंट को फॉर्म 15सीबी/फॉर्म 146 जारी करते समय सावधानी बरतने की चेतावनी दी और उचित जांच-पड़ताल तथा पेशेवर निर्णय लेने को कहा।

प्रमाणपत्र जारी करने से पहले उचित जांच करनी चाहिए

आयकर विभाग ने एक बयान में कहा, "प्रमाणपत्र जारी करने से पहले उन्हें संबंधित लेनदेन और उससे जुड़े तथ्यों की उचित जांच करनी चाहिए, क्योंकि ये प्रमाणपत्र व्यवस्था में विश्वास बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।" फॉर्म 15सीबी या फॉर्म 146 भारत से विदेश भेजे जाने वाले धन के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा जारी किया जाने वाला कर निर्धारण प्रमाणपत्र है।

पिछले तीन वर्षों में बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा विदेश भेजी

वित्त वर्ष में पांच लाख रुपये से अधिक के कर योग्य भुगतान किसी प्रवासी या विदेशी कंपनी को किए जाने पर यह जरूरी होता है। यह स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) और दोहरा कराधान बचाव समझौते (डीटीएए) के अनुपालन की पुष्टि करता है। आयकर विभाग ने कहा कि जमीनी स्तर से मिली सूचनाओं और विदेश भेजे गए पैसे के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर उसने ऐसी कई संदिग्ध इकाइयों की पहचान की है, जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा विदेश भेजी।

फर्जी परमार्थ न्यासों के समूह की तलाशी अभियान

विभाग ने बताया कि फर्जी परमार्थ न्यासों के एक समूह के खिलाफ तलाशी अभियान के दौरान विदेश पैसा भेजने वाली इकाइयों के एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क का पता चला। ये न्यास फर्जी दान और योगदान के बदले बही-खाते में प्रविष्टियां उपलब्ध कराने में शामिल थे। शुरुआती जांच में सामने आया कि धन विदेश भेजने वाली ये इकाइयां या तो आयकर रिटर्न दाखिल नहीं करती थीं या बहुत कम कारोबार दिखाते हुए रिटर्न दाखिल करती थीं।

टाटा संस की एजीएम कोरम पूरा न होने से हुई स्थगित

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक अरब 80 करोड़ डॉलर कारोबार वाले टाटा समूह की मूल कंपनी टाटा संस की मंगलवार को निर्धारित वार्षिक आम बैठक (एजीएम) कोरम पूरा नहीं होने के कारण स्थगित करनी पड़ी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि सर रतन टाटा ट्रस्ट (एसआरटीटी) और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट (एसडीटीटी) संयुक्त रूप से बैठक के लिए अपना प्रतिनिधि नामित नहीं कर सके, जिसके कारण बैठक के लिए जरूरी न्यूनतम संख्या (कोरम) पूरी नहीं हो सकी और बैठक स्थगित करनी पड़ी। एक सदी से अधिक समय में यह पहला मौका है जब टाटा संस की एजीएम इस तरह स्थगित हुई है। एसआरटीटी और एसडीटीटी व्यापक टाटा ट्रस्ट समूह की दो प्रमुख संस्थाएं हैं। इन दोनों की टाटा संस में सम्मिलित रूप से 51 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। एसआरटीटी पर महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर ने कोई बड़ा निर्णय लेने या बैठक करने से रोक लगाई हुई है। इस वजह से एसआरटीटी एजीएम के लिए अपना प्रतिनिधि नामित नहीं कर सका। एसआरटीटी के सामने मौजूद समस्याओं के बावजूद टाटा संस ने मंगलवार की एजीएम को पहले से पुनर्निर्धारित या स्थगित नहीं किया था।

■ एसआरटीटी और एसडीटीटी संयुक्त रूप से प्रतिनिधि नामित नहीं कर सके

बैठक में वित्तीय परिणामों पर होने थे विचार

बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कंपनी के एकल एवं एकीकृत वित्तीय परिणामों को मंजूरी देने तथा पिछले वित्त वर्ष के लिए सामान्य शेयरों पर लाभांश घोषित करने पर भी विचार होना था। सूत्रों ने कहा कि चंद्रशेखरन और अनिता जॉर्ज एजीएम से पहले दक्षिण मुंबई स्थित टाटा समूह के मुख्यालय बॉम्बे हाउस पहुंच गए थे, जबकि टाटा ट्रस्ट के नामित निदेशक नोएल टाटा बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए।

भारत में पेशेवरों को 'पदनाम' के हिसाब से नहीं मिलता वेतन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत में पेशेवरों का एक बड़ा तबका यह महसूस करता है कि उनके पदनाम और वेतन के बीच तालमेल की कमी है, जो कार्यस्थलों पर पहचान और मिलने वाले प्रतिफल के बीच बढ़ते अंतर को उजागर करता है। एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह बात कही गई।

इंडीड की तिमाही भर्ती निगरानी रिपोर्ट के अनुसार, 10 में लगभग छह पेशेवरों ने कहा कि उनका पदनाम उनके वेतन को नहीं दर्शाता है। यह रिपोर्ट देश के 1,211 नियोक्ताओं और 2,533 कर्मचारियों से मिले सुझावों पर आधारित है। इसमें कहा गया कि साक्षात्कार में शामिल लगभग 80 प्रतिशत कर्मचारियों का मानना था कि उद्योगों में बढ़ा-चढ़ाकर पदनाम देना आम बात हो गई है और उन्होंने अपने सहकर्मियों को वेतन में बिना किसी समान वृद्धि के अधिक वरिष्ठ लगने वाले पदनाम पाते देखा है। इंडीड इंडिया के प्रबंध निदेशक शशि कुमार ने कहा, ''पदनाम हमेशा एक पेशेवर की पहचान रहा है। पदनाम सार्थक बने रहते हैं क्योंकि वे अवसर और क्षमता का संकेत देते हैं, लेकिन वे तब सबसे अधिक प्रभावी होते हैं जब वे वास्तविक करियर प्रगति को दर्शाते हैं।'' यह रिपोर्ट इंडीड की ओर से वैल्यूवॉक्स द्वारा मई और जून, 2026 में किए गए एक सर्वेक्षण पर आधारित है।



■ इंडीड की तिमाही भर्ती निगरानी रिपोर्ट जारी

पेशेवर पदनाम की जगह अधिक वेतन चाहते हैं

रिपोर्ट से पता चलता है कि पिछले दो वर्षों में पदनाम में बदलाव पाने वाले लगभग तीन में से एक कर्मचारी ने कहा कि यह या तो बिना किसी वेतन वृद्धि के या फिर पांच प्रतिशत से भी कम की वेतन वृद्धि के साथ मिला। साथ ही 52 प्रतिशत पेशेवरों ने कहा कि वे किसी नए अवसर पर विचार करते समय बेहतर पदनाम के बजाय अधिक वेतन चुनेंगे।

कच्चे तेल के दाम चढ़ने से घरेलू शेयर बाजार में गिरावट जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट का सिलसिला जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 493 अंक टूटा, जबकि निफ्टी में लगातार छठे दिन गिरावट आई और यह 133 अंक और नीचे आ गया। कच्चे तेल के दाम में तेजी और पश्चिम एशिया संकट के कूटनीतिक समाधान को लेकर उम्मीद कम होने के साथ निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 492.70 अंक टूटकर 77,235.46 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार तीसरा दिन है जब सेंसेक्स में गिरावट आई है। इसी तरह निफ्टी में लगातार छठे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और यह 132.75 अंक फिसलकर 24,154.90 अंक पर बंद हुआ।

■ सेंसेक्स 493 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में



गोदरेज इंडस्ट्रीज निजी ऋण क्षेत्र में उतरेगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह (जीआईजी) ने निजी ऋण क्षेत्र में उतरने की मंगलवार को घोषणा की। समूह ने अपने पहले वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के जरिये 2,000 करोड़ रुपये तक जुटाने का लक्ष्य रखा है। पि रो ज शा गोदरेज के समूह के चेयरपर्सन का पद संभालने के कुछ दिन बाद यह घोषणा की गई है। आधिकारिक बयान के अनुसार, गोदरेज एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) श्रेणी-2 एआईएफ के तहत यह राशि जुटाएगी। यह एआईएफ क्षेत्र-विशेष पर निर्भर नहीं रहने वाला मंच होगा, जो स्थापित निजी मध्यम आकार की कंपनियों को प्रदर्शन आधारित ऋण रणनीति के तहत वित्त उपलब्ध कराएगा। इसके तहत वित्तपोषण ठोस गारंटी और व्यापक ऋण अनुबंध सुरक्षा के आधार पर होगा। बयान में कहा गया कि इसका न्यूनतम 1,000 करोड़ रुपये जुटाने और कुल 2,000 करोड़ रुपये की राशि जुटाने का लक्ष्य है। इसके साथ अतिरिक्त राशि (ग्रीन शू) जुटाने का विकल्प भी होगा। गौरतलब है कि जीआईजी अपनी अनुषंगी गोदरेज कैपिटल के जरिये पहले से ही ऋण और संपत्ति प्रबंधन क्षेत्र में मौजूद है। निजी ऋण क्षेत्र में आमतौर पर ऐसी इकाइयों को अपेक्षाकृत ऊंची ब्याज दरों पर ऋण दिया जाता है।

■ एआईएफ के जरिए 2,000 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य



कंपनी क्षमता बढ़ाने की दिशा में काम कर रही

गोदरेज कैपिटल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और गोदरेज एएमसी के गैर-कार्यकारी निदेशक मनीष शाह ने निजी ऋण क्षेत्र में प्रवेश को कारोबार का "स्वाभाविक विस्तार" बताया। उन्होंने कहा कि कंपनी अब परिसंपत्ति प्रबंधन कारोबार में अपनी क्षमताएं विकसित करने की दिशा में काम करेगी।

आईसीआईसीआई बैंक ने 75 करोड़ डॉलर जुटाए

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक ने कारोबार विस्तार के लिए विदेशी बाजार से बांट के जरिये 75 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। बैंक ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि ये बांड उसकी आईएफएससी बैंकिंग इकाई के माध्यम से 5.417 प्रतिशत कूपन यानी ब्याज दर पर जारी किए गए हैं। बैंक के अनुसार, पांच साल की अवधि के ये प्राथमिकता वाले बिना गारंटी वाले निश्चित दर के बॉन्ड उसके 7.5 अरब डॉलर के वैश्विक मध्यम अवधि नोट कार्यक्रम का हिस्सा हैं। बॉन्ड निर्गम से प्राप्त शुद्ध राशि का उपयोग संबंधित नियामकीय दिशानिर्देशों के अनुसार सामान्य कारोबारी उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।



निर्यात में मारुति के तीन मॉडल शीर्ष पर : सीईओ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत से निर्यात किए गए शीर्ष तीन यात्री वाहन मॉडल उसके ही हैं। कंपनी ने बयान में कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में भारत के यात्री वाहन निर्यात में कंपनी की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत से अधिक रही। उसके 'फ्रॉन्क्स' मॉडल ने 38 महीने से भी कम समय में दो लाख निर्यात का आंकड़ा पार कर लिया है। मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने कहा, ''वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत से निर्यात किए गए शीर्ष तीन यात्री वाहन मॉडल मारुति सुजुकी के थे। निर्यात पर निरंतर ध्यान देने से कंपनी यात्री वाहन निर्यात के मामले में भारत में पहले स्थान पर पहुंची है।''



इन वाहनों की तय उम्र सीमा को पांच साल तक बढ़ाने का प्रस्ताव

ईवी, सीएनजी और हाइड्रोजन कमर्शियल वाहनों की उम्र बढ़ाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), हाइड्रोजन ईंधन और सीएनजी से चलने वाले कमर्शियल वाहनों के लिए बड़ी राहत का प्रस्ताव रखा है। राष्ट्रीय परमिट सिस्टम के तहत चलने वाले इन वाहनों की तय उम्र सीमा को 5 साल तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। हालांकि, ये प्रस्ताव फिलहाल अंतिम नियम नहीं बना है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ड्राफ्ट संशोधन पर आम लोगों, वाहन उद्योग और दूसरे संबंधित पक्षों से सुझाव और आपत्तियां मांगी हैं। इसके लिए 30 दिन का समय दिया गया है। सुझावों पर विचार करने के बाद अंतिम नियम गजट में प्रकाशित किए जाएंगे और उसके बाद ही लागू होंगे।

■ सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने आम लोगों से मांगे सुझाव



राष्ट्रीय परमिट की प्रक्रिया होगी ज्यादा आसान: सरकार ने राष्ट्रीय परमिट सिस्टम को आसान और ज्यादा डिजिटल बनाने का भी प्रस्ताव रखा है। ड्राफ्ट नियमों के अनुसार, आवेदक अपनी सुविधा के अनुसार एक बार में अधिकतम 5 साल के लिए राष्ट्रीय परमिट ले सकेंगे। इसके लिए हर साल 16,500 रुपए की फीस तय की गई है, जिसे राष्ट्रीय परमिट खाते में जमा करना होगा। राष्ट्रीय परमिट के आवेदन और अनुमति की प्रक्रिया को भी डिजिटल बनाने का प्रस्ताव है।

सरकार क्यों बढ़ाना चाहती है उम्र सीमा?

ये प्रस्ताव ऐसे समय आया है जब सरकार कमर्शियल ट्रांसपोर्ट में साफ ईंधन वाले वाहनों का इस्तेमाल बढ़ाने पर जोर दे रही है। ईवी, हाइड्रोजन और सीएनजी वाहनों को प्रदूषण कम करने वाले विकल्पों के तौर पर बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसे में इन वाहनों की उम्र सीमा बढ़ने से ऑपरेटरों को अपने वाहनों को लंबे समय तक इस्तेमाल करने का मौका मिल सकता है। हालांकि, फिलहाल यह सिर्फ प्रस्ताव है। जब तक अंतिम नियम गजट में प्रकाशित नहीं होते, तब तक मौजूदा नियमों में कोई बदलाव नहीं माना जाएगा।

सीमाएं 17 और 20 साल करने का प्रस्ताव

मंत्रालय ने सेंट्रल मोटर व्हीकल्स रूल्स (सीएमवीआर), 1989 में संशोधन का ड्राफ्ट जारी किया है। इसका एक अहम प्रस्ताव राष्ट्रीय परमिट सिस्टम के तहत आने वाले वाहनों की उम्र सीमा से जुड़ा है। रूल 88 के तहत बैटरी से चलने वाले, हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाले और सीएनजी वाहनों की निर्धारित उम्र सीमा में 5 साल की बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। अगर ये प्रस्ताव अंतिम रूप से मंजूर हो जाता है तो मौजूदा 12 साल और 15 साल की सीमाएं बढ़कर 17 साल और 20 साल हो सकती हैं। हालांकि, ये सभी कमर्शियल वाहनों के लिए एक समान उम्र बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं है। ये खास तौर पर रूल 88 के तहत आने वाले वाहनों की निर्धारित कैटेगरी पर लागू होगा। ड्राफ्ट में इन वाहनों की संशोधन के बाद अधिकतम उम्र कितनी होगी, इसे स्पष्ट नहीं किया गया है।

बिजनेस साइट

एक्सिस बैंक की 50 नई शाखाओं का शुभारंभ

रायपुर। भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सप्ताह समारोह के तहत, देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने देश भर में 50 नई शाखाओं का उद्घाटन किया। पश्चिम बंगाल, ओडिशा, पंजाब, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु और झारखंड में स्थित इन शाखाओं को एक सहज बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। एटीएम, सुगम इंफ्रास्ट्रक्चर, डोरस्टेप बैंकिंग सुविधाओं और क्षेत्रीय भाषाई सहायता से लैस, ये शाखाएं ग्राहकों की सुविधा, समावेशन और स्थानीय बाजार की जरूरतों पर बैंक के ध्यान को और मजबूत करती हैं। बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुनीश शारदा ने कहा, जैसे-जैसे भारत आगे बढ़ रहा है, देश के विकास में और लोगों की जरूरतों को पूरा करने में बैंकों की बड़ी भूमिका है।

सिनसिनाटी ओपन

ज्वेरेव और जोडर ने चौथे राउंड में बनाई जगह

अलेक्जेंडर ने 2 घंटे 9 मिनट में सीधे सेटों में की जीत पक्की

एजेंसी ▶▶| सिनसिनाटी



अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने सिनसिनाटी ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। ज्वेरेव ने टेरेंस अतमाने को 7-6 (4), 7-6 (8) से हराकर चौथे राउंड में जगह बनाई।

जर्मन खिलाड़ी ज्वेरेव ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में 6/4 पर दो मैच पॉइंट बनाए। अतमाने ने पहला ऐस आउट वाइड से मिटा दिया, और ज्वेरेव ने दूसरे पर डबल फॉल्ट करके टाई-ब्रेक को 6/6 पर बराबर कर दिया। 29 साल के ज्वेरेव ने खुद को संभाला, अगले दो पॉइंट लेकर दो घंटे और नौ मिनट में सीधे सेटों में जीत पक्की कर ली।



19 साल के जोडार पहुंचे अंतिम सोलह में

इस बीच, 19 साल के राफेल जोडार ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में एलेजांद्रो टैबिलो को 6-2, 6-1 से हराकर चौथे राउंड में जगह बनाई, और अपने शानदार 2026 सीजन को जारी रखा। जोडार इस दशक में सिनसिनाटी में राउंड ऑफ 16 तक पहुंचने वाले कार्लोस अल्काराज और बेन शेल्टन के साथ शामिल हो गए। स्पेन के जोडर का अगला मुकाबला वर्ल्ड नंबर 10 फ्लेवियो कोबोली से होगा। कोबोली ने अलेक्जेंडर ब्लॉक्स को 7-5, 4-6, 7-5 से हराया था। इटैलियन कोबोली ने फाइनल सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद लगातार चार गेम जीते और अपने करियर में चौथी बार मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे राउंड में पहुंचे। जोडर को हाल ही में कैनेडियन ओपन में सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

स्वियातेक ने मारिया को दी शिकस्त



मेसन। इस बीच मौजूदा चैंपियन इगा स्वियातेक ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मारिया सकारी को 4-6, 6-1, 6-1 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेना रायबाकिना ने मैग्डेलेना फ्रेच को 6-4, 7-6 से जबकि जेसिका पेगुला



ने अपनी हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी एम्मा नवारो को 7-5, 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने टेरेंस एटमैन को 7-6 (4), 7-6 (6) से हराकर इस सत्र में एटीपी टूर पर अपना 46वां मैच जीता।

सेरेना-वीनस विलियम्स को मिली हार

सेरेना और वीनस विलियम्स ने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद अपना पहला युगल मैच एक साथ खेला लेकिन उन्हें सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विलियम्स बहनों ने वापसी पर अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन आखिर में वे मार्टा कोस्त्युक और पेटन स्टर्न्स से 2-6, 6-1 (10-8) से एक रोमांचक मुकाबले में हार गईं। दोनों बहनें मैच के टाईब्रेकर में 6-0 से पिछड़ने के बाद लगभग वापसी करने ही वाली थीं, लेकिन वीनस विलियम्स के एक डबल-फॉल्ट ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

पहला टेस्ट

भारत की दूसरी पारी 193 रन पर सिमटी, श्रीलंकाई टीम जीत से 288 रन दूर

जीत से छह विकेट दूर टीम इंडिया श्रीलंका के सामने पहाड़ जैसा टारगेट

एजेंसी ▶▶| गाले

भारतीय टीम गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में जारी पहले टेस्ट मैच में जीत की दहलीज पर है। मुकाबले के चौथे दिन जीत के लिए 372 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम दिन की समाप्ति तक दूसरी पारी में 4 विकेट खोकर 84 रन ही बना सकी है। यहां से भारत को जीत के लिए 6 विकेट की दरकार है, जबकि श्रीलंकाई टीम जीत से 288 रन दूर है।

भारतीय टीम ने पहली पारी में बनाए थे 462 रन

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने पहली पारी में 462 रन बनाए। इस पारी में देवदत्त पड्डिकल और केएल राहुल के बीच दूसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी हुई। केएल राहुल 11 बाउंड्री के साथ 82 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पड्डिकल ने 16 बाउंड्री के साथ 167 रन की पारी खेली। इनके अलावा, ध्रुव जुरेल 51 रन बनाकर आउट हुए। मेजबान टीम से प्रभात जयसूर्या ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि केशरा नुवानथा ने 3 विकेट निकाले। असिथा फर्नांडों को 2 विकेट हाथ लगे।



श्रीलंकाई टीम चौथे दिन 84/4 का स्कोर बना सकी

इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम चौथे दिन के खेल तक 84/4 का स्कोर ही बना सकी। श्रीलंका को 13 के स्कोर पर निशान मदुष्का (6) के रूप में पहला झटका लगा। टीम के खाते में सिर्फ 1 ही रन जुड़ा था कि पसिंदु सूरियाबंदारा (0) भी अपना विकेट गंवा बैठे। टीम ने 21 के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट भी खो दिया। यहां से कप्तान धनंजय डी सिल्वा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने लाहिरू उदारा के साथ चौथे विकेट के लिए 26 रन जोड़े और फिर सोनल दिनुशा के साथ पांचवें विकेट के लिए 37 रन की अटूट साझेदारी की। फिलहाल धनंजय 31 रन और सोनल दिनुशा 25 रन बनाकर नाबाद हैं। इस पारी में भारत की तरफ से मानव सुथार सर्वाधिक 2 विकेट हासिल कर चुके हैं, जबकि मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने 1-1 विकेट झटका है।

पंत ने टेस्ट में रचा इतिहास, सबसे तेज 100 छक्कों का बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपने 51वें टेस्ट मैच की 89वीं पारी में 100 टेस्ट छक्कों का मुकाम हासिल कर लिया है। वह ऐसा करने वाले भारत के पहले बल्लेबाज बने हैं। वहीं उन्होंने टेस्ट में सबसे तेज (सबसे कम पारियों में) 100 छक्के भी जड़े हैं। इस मामले में पंत ने बेन स्टोक्स, एडम गिलक्रिस्ट और ब्रेंडन मैकुलम को पीछे छोड़ा है। ऋषभ पंत ने गॉल टेस्ट में दूसरी पारी में 53 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने छक्का लगाकर पचासा जड़ा। यह छक्का उनके करियर का ऐतिहासिक छक्का था। वह दुनिया के सिर्फ चौथे ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने टेस्ट में 100 छक्कों का मुकाम हासिल किया है। उनसे पहले कोई भी भारतीय ऐसा नहीं कर पाया था।

टेस्ट में तेज 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

खिलाड़ी	पारी
ऋषभ पंत	89*
गिलक्रिस्ट	130
बेन स्टोक्स	151
ब्रेंडन मैकुलम	170

पडिक्कल ने की बड़ी उपलब्धि हासिल

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मुकाबले में टीम इंडिया की तरफ से बल्ले से नंबर-3 की पोजीशन पर खेलने पर बाएं हाथ के खिलाड़ी देवदत्त पडिक्कल का कमाल देखने को मिला, जिन्होंने पहली पारी में जहां 167 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली तो वहीं दूसरी पारी में 44 रन बनाने में कामयाब रहे, जिसके दम पर पडिक्कल ने इस मुकाबले में कुल 211 रन बनाए। इसी के साथ पडिक्कल ने एक बड़ी उपलब्धि भी हासिल कर ली है, जिसमें वह विदेशी सरजमीं पर भारत की तरफ से नंबर-3 की पोजीशन पर बल्लेबाजी करते हुए किसी टेस्ट मुकाबले में 200 या उससे अधिक रन बनाने वाले सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं।

वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीत के साथ उन्नति का डेब्यू

उन्नति ने म्यांमार की थुज़ार को सीधे सेट में हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में डेब्यू करने वाली भारत की स्टार शटलर उन्नति हुड्डा ने भी कमाल का प्रदर्शन किया है। पीवी सिंधु और आयुष शेट्टी के बाद उन्नति हुड्डा ने पहले मैच में म्यांमार की थेट हतार थुज़ार के खिलाफ दमदार प्रदर्शन से सीधे गेम में 22-20, 21-16 से जीत दर्ज की। उन्नति अब अगले राउंड में कनाडा की मिशेल ली का सामना करेंगी, जिन्होंने चाइनीज ताइपेई की पी शुई को 22-20, 21-12 से हराया।

कड़े मुकाबले में जीते लक्ष्य



बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए ऑस्ट्रिया के कॉलिन्स वैलेंटाइन फिलिमोन को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर विश्व चैंपियनशिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।



प्री क्वार्टर फाइनल में त्रीसा और गायत्री

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने महिला युगल में लॉरेन लैम और एलिसन क्विन ली की अमेरिका की 16वीं वरीय जोड़ी को सीधे गेम में हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। त्रीसा और गायत्री ने दूसरे दौर में महज 38 मिनट में विरोधी जोड़ी को 21-15, 21-12 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाते हुए आत्मविश्वास के साथ खेला। त्रीसा ने अपने दमदार स्मैश से अंक जुटाए।

पाक के खिलाफ जीत नहीं तो ड्रॉ जरूरी, अग्निपरीक्षा आज



एम्सटेलवीन। पिछले एक दशक से पाकिस्तान से नहीं हारी भारतीय टीम को एफआईएच विश्व कप के दूसरे दौर में प्रवेश के लिए अपने डिफेंस को दुरुस्त करते हुए बुधवार को होने वाले मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी को हराना होगा या कम से कम ड्रॉ खेलना होगा। पहले मैच में वेल्स को 3-1 से हराने के बाद दुनिया की तीसरे नंबर की टीम इंग्लैंड के खिलाफ भारत को डिफेंस की गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा। पाकिस्तान अगर हारता है तो बाहर हो जाएगा जबकि वेल्स को अगले दौर में जाने के लिए इंग्लैंड को काफी बड़े अंतर से हराना होगा क्योंकि भारत का गोल औसत उससे बेहतर है।

छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक

क्षेत्रीय कार्यालयः महादेव घाट रोड, सुंदरनगर, रायपुर (छ.ग.)
Mob:6232032095 I Tollfree 1800-233-2300, (PIN 492013)
E-mail:npa.ro.rai@cgbank.in I Web: www.cgbank.in

नियम- 8(1) कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति)

जबकि (Whereas) वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13(2) सहपठित प्रतिभूति-हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी ने मांग सूचना पत्र जारी किया था, जिसमे निम्निलिखित उधार लेने वालों को उल्लेखित राशि ब्याज सहित नोटिस पावती की तारीख से 60दिनों के भीतर भुगतान करने के लिये कहा गया था-

क्रं.	ऋणी का नाम एवं जमानतदार का नाम शाखा का नाम	अचल संपत्ति का विवरण	मांग सूचना एवं राशि (रु. में)	आधिपत्य की तिथि
1.	ऋणीः-1)श्री मनविश्राम साहू पिता दौलत राम साहू शाखा- धरसींवा मो.- 6232032035	श्री मनविश्राम साहू पिता दौलत राम साहू की बंधक संपत्ति (भवन) का विवरणः- मौजाः- सिलतरा ख.क्र.-15001/51, म.क्र.97 (पुराना म.क्र. (A-20). सड़क A, सेक्टर -2 जी.के. टाउनशीप, तहसील धरसींवा एवं जिला- रायपुर (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफलः-1000 वर्ग फीट। चौहददीः-उत्तर- म.क्र.- 100, दक्षिण-सड़क, पूर्व-म.क्र.-98, पश्चिम-म.क्र.-96	05.03.2026, रू.11,34,563/- +ब्याज + अन्य व्यय	12.08.2026
2.	ऋणीः-1)श्रीमती रीना चावला पति किशोर चावला 2) श्री किशोर चावला पिता प्रेमचंद चावला शाखा- पंडरीतराई मो.-6232032020	श्रीमती रीना चावला पति किशोर चावला की बंधक संपत्ति (फ्लैट) का विवरणः- फ्लैट क्र. ए-204, द्वितीय तल, ब्लॉक A, प.ह.न.-69, क्रॉस रोड, अमलीडीह तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफलः- 630 वर्ग फीट। चौहददीः- उत्तर- फ्लैट क्र. ए-201, दक्षिण- खाली स्थान एवं लिफ्ट, पूर्व-कॉरिडॉर, पश्चिम- खाली स्थान	28.04.2026, रू.10,65,248/- +ब्याज + अन्य व्यय	12.08.2026
3.	ऋणीः-1)श्रीमती दिलेश्वरी राऊत पति तेजेश्वर राऊत 2) श्री तेजेश्वर राऊत पिता बलीराम राऊत शाखा- सेजबहार मो.-6232032037	श्रीमती दिलेश्वरी राऊत पति तेजेश्वर राऊत की बंधक संपत्ति (भवन) का विवरणः- मौजाः-ख.क्र.-162/05 का भाग, प.ह.न.-119/50 म.क्र.- एल.आई.जी.1162, दीन दयाल आवास योजना, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफलः- 899.75 वर्ग फीट। चौहददीः- उत्तर- एल. आई.जी. 1175, दक्षिण-सड़क, पूर्व-एल.आई.जी.1163, पश्चिम- एल.आई.जी. 1161	26.05.2026, रू.6,91,810/- +ब्याज + अन्य व्यय	12.08.2026
4.	ऋणीः-1) कु. प्रियंका पटेल पिता चंदूलाल पटेल 2) श्रीमती लक्ष्मी पटेल पति चंदू लाल पटेल 3) श्री सुमित पटेल पिता चंदू लाल पटेल शाखा- भनपुरी मो.- 6232032006	श्री सुमित पटेल पिता चंदू लाल पटेल की बंधक संपत्ति (भवन) का विवरणः- मौजाः- खमतराई, ख.क्र.-162/4 , प.ह.न.- 38 यतियतन लाल वार्ड तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफल - 6824 वर्ग फीट चौहददीः- उत्तर- प्रियंका एवं काकू बेन की भूमि एवं खसरा क्र.150/42, दक्षिण- सड़क, पूर्व - लक्ष्मी बेन की भूमि , पश्चिम- खसरा क्र. 163	28.04.2026, रू.19,93,611/- +ब्याज + अन्य व्यय	12.08.2026
5.	ऋणी-1) M/S अल्तमश ट्रेडर्स प्रो .श्रीमती नाजिया बेगम पति श्री रज़जाब अली जमानतदार - 1.) श्रीमती शमीना बेगम पति हातिम अली 2) श्रीमती मुसर्रत खान पति मो. उस्मान खान 3) श्री रज़जाब अली पिता मो. इलियास 4) श्री रोहित अग्रवाल पिता पंकज कुमार अग्रवाल शाखा- शंकरनगर मो.- 6232032031	1.श्रीमती नाजिया बेगम पति श्री रज़जाब अली की बंधक संपत्ति (फ्लैट) का विवरणः-फ्लैट क्र. G- 204 द्वितीय तल पाम बेलाजीओ तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफल -1418 वर्ग फीट। चौहददीः- उत्तर- ब्लॉक F, दक्षिण -आवासीय प्रकोष्ठ क्र. G -203 , पूर्व - लिफ्ट, लॉबी एवं सीढ़ी, पश्चिम- पोडियम गार्डन 2.श्रीमती नाजिया बेगम पति श्री रज़जाब अली की बंधक संपत्ति (फ्लैट) का विवरणः-फ्लैट क्र. B- 604 षष्ठम तल पाम बेलाजीओ तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफल - 1409 वर्ग फीट। चौहददीः- उत्तर- आवासीय प्रकोष्ठ क्र. B -601 ,दक्षिण - ब्लॉक A , पूर्व - आवासीय प्रकोष्ठ क्र. B-603, पश्चिम - लिफ्ट, लॉबी एवं सीढ़ी 3. श्रीमती शमीना बेगम पति हातिम अली की बंधक संपत्ति (फ्लैट) का विवरणः-फ्लैट क्र. F-01 प्रथम तल , वैष्णवी अपार्टमेंट कैम्पस , हरनारायण बाजपेयी टावर के पास , आज़ाद नगर वार्ड , वार्ड क्र. 22 , मध्यांगरी चौक तहसील एवं जिला- बिलासपुर (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफल - 519 वर्ग फीट। चौहददीः- उत्तर- पैसेज़ ,दक्षिण-खुला आसमान, पूर्व -खुला आसमान, पश्चिम -फ्लैट क्र. F-02 4. श्रीमती मुसर्रत खान पति मो. उस्मान खान की बंधक संपत्ति (भवन) का विवरण-खसरा क्र. 28/ 74 तालापारा , कुम्हार पारा , भट्ठी रोड , रुख्मनी विहार , वार्ड क्र. 12 तहसील एवं जिला- बिलासपुर (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफलः- 1750 वर्ग फीट। चौहददीः- उत्तर- छाया देवी कानूनगो की भूमि ,दक्षिण - छाया देवी कानूनगो की भूमि, पूर्व - रास्ता, पश्चिम -अन्य का घर 5. श्रीमती मुसर्रत खान पति मो. उस्मान खान की बंधक संपत्ति (भवन) का विवरणः-खसरा क्र. 29/28 तालापारा , कुम्हार पारा , भट्ठी रोड , रुख्मनी विहार , वार्ड क्र . 12 तहसील एवं जिला- बिलासपुर (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफल - 351वर्ग फीट। चौहददीः- उत्तर- श्रीमती मुसर्रत खान की भूमि,दक्षिण - विक्रेताकी बचत भूमि, पूर्व - रास्ता, पश्चिम - सुशील रजक का मकान 6. श्री रज़जाब अली पिता मो. इलियास की बंधक संपत्ति (प्लॉट) का विवरणः-खसरा क्र. 29/72 तालापारा , कुम्हार पारा , भट्ठी रोड , रुख्मनी विहार , वार्ड क्र. 12 तहसील एवं जिला- बिलासपुर (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफल - 2500 वर्ग फीट। चौहददी :- उत्तर- सलीम भाई एवं अन्य का मकान,दक्षिण - इमरान का मकान, पूर्व - रास्ता, पश्चिम - आसिफ़ खान एवं अन्य का मकान 7. श्री रोहित अग्रवाल पिता पंकज कुमार अग्रवाल की बंधक संपत्ति (फ्लैट)का विवरण :- फ्लैट क्र. E- 103, ब्लॉक - E प्रथम तल पाम बेलाजीओ तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफल :- 1695 वर्ग फीट। चौहददी :- उत्तर- आवासीय प्रकोष्ठ क्र. E -102 ,दक्षिण - ब्लॉक - F , पूर्व - पाम बेलाजीओ की सर्विस रोड , पश्चिम - आवासीय प्रकोष्ठ क्र E -104	22.05.2026, रू.3,94,54,999/- +ब्याज + अन्य व्यय	14.08.2026

उपरोक्तानुसार उल्लेखित ऋणियों एवं जमानतदारो द्वारा राशि भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणियों को और आम जनता को एतत द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13(4) के तहत उक्त पठित नियम हस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्तानुसार वर्णित संपत्ति को आधिपत्य की तिथि को अपने कब्जे में ले लिया है। ऋणियों /जमानतदारो को विशेष रूप से एवं आम जनता को एतत द्वारा सावधान किया जाता है कि उक्त संपत्ति के बाबत किये गये कोई भी व्यव्हार पर छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के उपरोक्त राशि एवं उस पर ब्याज के अधीन भार (CHARGE) होगा।

प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक-18/08/2026 छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, जबलपुर
फोन : 6232018014

ई-नीलामी सूचना

परिशिष्ट - IV क [नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें]

चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **सांकेतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **11.09.2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि
ऋणी- **श्री सहजानंद ऑटोमोबाइल्स एलएलपी** मुकेश कुमार राठौर खसरा नं. 27 5, बसंतपुर थाना, बसंतपुर गंजमंडी के सामने, तीर्थ फ्यूल पेट्रोल पंप के पास, गुंडरदेही, राजनांदगांव दुर्ग (छ.ग.) 491441 द्वारा पाटनर्स एवं बंधककर्ता- **श्री निशांत राठौड़ पुत्र मुकेश राठौड़ श्रीमती युक्ति राठौड़ पत्नी निशांत राठौड़**	(1) बंधक संपत्ति भूमि एवं भवन स्थित खसरा नंबर (27/5,27/6) नया 27/62 क्षेत्रफल-0.1012 हेक्टेयर, नंदई, पी.एच. नंबर 41, आर.आई सर्कल-राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ CERSAI ID-400082783322, चर्तुसीमाएं (डीड के अनुसार): पूर्वः डोनर की शेष संपत्ति, पश्चिमः डोनर की संपत्ति, उत्तरः डोनर की बाकी संपत्ति, दक्षिणः डोंगरगांव बसंतपुर मेन रोड, संपत्ति मालिक- श्रीमती युक्ति राठौड़ पत्नी निशांत राठौड़ BAANKNET PROPERTY ID: CNRBYUKTI COORDINATES: 21.084612, 81.028906 सांकेतिक कब्जा	30.10.2025 / 04.02.2026 / बकाया राशि दि. 14.08.2026 को ₹ 7,45,54,896.39 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे	₹ 4,01,50,000/- / ₹ 40,15,000/- / ₹ 10000/-
	(2) बंधक संपत्ति भूमि एवं भवन स्थित खसरा नंबर (27/5,27/6) नया 27/63 क्षेत्रफल- 0.1012 हेक्टेयर, नंदई, पी.एच. नंबर 41, आर.आई सर्कल-राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ CERSAI ID-400083149636 चर्तुसीमाएं (डीड के अनुसार): पूर्वः डोनर की शेष संपत्ति, पश्चिमः राकेश लोहिया की संपत्ति, उत्तरः डोनर की बाकी संपत्ति, दक्षिणः डोंगरगांव बसंतपुर मेन रोड, संपत्ति मालिक- श्री निशांत राठौड़ पुत्र मुकेश राठौड़ सांकेतिक कब्जा		₹ 8,00,00,000/- / ₹ 80,00,000/- / 10000/-
	(3) बंधक संपत्ति भूमि एवं भवन स्थित खसरा नंबर (27/5,27/6) नया 27/64 क्षेत्रफल- 0.1012 हेक्टेयर, नंदई, पी.एच. नंबर 41, आर.आई सर्कल-राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ CERSAI ID-400082783322, चर्तुसीमाएं (डीड के अनुसार): पूर्वः डोनर की शेष संपत्ति, पश्चिमः डोनर की संपत्ति, उत्तरः डोनर की बाकी संपत्ति, दक्षिणः डोंगरगांव बसंतपुर मेन रोड, संपत्ति मालिक- श्री निशांत राठौड़ पुत्र मुकेश राठौड़ BAANKNET PROPERTY ID: CNRBNISHANT COORDINATES: 21.084612, 81.028906 सांकेतिक कब्जा		

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 10/09/2026, या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 11/09/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।

विस्तृत विवरण हेतु केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, जबलपुर (Phone No.6232018014,9755147130), e-mail id cb9014@canarabank.com से कार्यालयीन समय में सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता (मेसर्स पीएसबी एलान्यस प्रा. लि.) संपर्क 7046612345/6354910172/ 8291220220/9892219848/ 8160205051, Email: support.BAANKNET@psballiance.com./ support.ebkray@procure247.com). देखें।

दिनांक : 14/08/2026 , स्थान : जबलपुर प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

भारत की द.अफ्रीका पर बड़ी जीत पूल-डी में शीर्ष पर महिला टीम

हॉकी वर्ल्ड कप : भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 6- 1 से हराया



एजेंसी ▶▶| एम्सटेलवीन

भारतीय महिला हॉकी टीम ने आक्रामक लय को कायम रखते हुए एफआईएच विश्व कप के पूल डी के दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका को 6 -1 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त कर लिया। वेगनेर स्टेडियम पर खेले गए इस मैच में भारत के लिए 6 अलग-अलग खिलाड़ियों ने गोल किए। भारत के लिए सुनेलिटा टोप्पो (11वां), नवनीत कौर (17वां), सुशीला चानू (25वां) , दीपिका (38वां), लालरेम्सियामी (44वां) और साक्षी राणा (45वां) ने गोल दागे। दक्षिण अफ्रीका के लिए एकमात्र गोल 55वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर कायला डे वाल ने दागा। । इस जीत से साथ ग्रुप डी में भारत शीर्ष पर पहुंच गया।

दक्षिण अफ्रीका दौड़ से बाहर

इस जीत के बाद अब पूल चरण से चीन, भारत और इंग्लैंड तीनों के रास्ते खुले हैं और बड़े अंतर से जीत के कारण गोल औसत में भारत की उम्मीदें बेहतर होंगी। भारत के दो मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ के बाद चीन के समान चार अंक है लेकिन गोल औसत के आधार पर भारत पूल में शीर्ष पर है। इंग्लैंड के एक जीत और एक हार के बाद तीन अंक हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका दो मैच हारकर दौड़ से बाहर है। भारत को अब 20 अगस्त को इंग्लैंड से खेलना है, जिसके बाद अगले दौर में पहुंचने वाली टीम का निर्धारण होगा।

दूसरे क्वार्टर में 3-0 से आगे हुआ भारत

पहले क्वार्टर में स्कोर 1-0 था। भारत के लिए सुनीता टोप्पो ने गोल किया। पहला क्वार्टर खत्म होने से ठीक पहले इशिका चौधरी को ग्रीन कार्ड मिला। हालांकि, भारत को इससे बहुत दिक्कत नहीं हुई। भारत के लिए दूसरा गोल नवनीत कौर ने दूसरे क्वार्टर में किया। उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। दूसरे ही क्वार्टर में भारत की बढ़त 3-0 हो गई। सुशीला चानू ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला।

दुनिया के सात अजूबों में शामिल मिस्र के ग्रेट पिरामिड ऑफ गीजा को लेकर एक हैरान कर देने वाली जानकारी सामने आई है। सदियों से रहस्य का केंद्र बने इस विशाल पिरामिड के अंदर एक हाई-टेक रोबोट को एक पतली गुप्त सुरंग के जरिए भेजा गया।

पिरामिड में घुसा हाई-टेक रोबोट : 4500 साल से बंद सीक्रेट दीवार के सामने जाकर रुका

काइरो। लगभग 100 फीट लंबे संकरे रास्ते का सफर तय करने के बाद यह रोबोट एक ऐसे सीलबंद दरवाजे के सामने जाकर पहुंचा, जिसे पिछले 4,500 सालों से किसी इंसान ने नहीं छुआ है। इस खोज ने एक पुराने सवाल का जवाब देने के बजाय एक नया सस्पेंस खड़ा कर दिया है। आखिर, इस 4,500 साल पुराने दरवाजे के पीछे ऐसा क्या छिपा है? हालांकि, अभी तक इस सीलबंद हिस्से को खोला नहीं गया है और न ही इसके अंदर क्या है, इसे लेकर कोई आधिकारिक खुलासा हुआ है।

मिस्रविज्ञानी जाही हवास ने इसको लेकर संकेत दिया है कि वे 2026 के बाद इस रहस्यमयी रास्ते से जुड़े परिणामों को लेकर आधिकारिक रिपोर्ट निष्कर्षों पर एक आधिकारिक रिपोर्ट जारी करने की योजना बना रहे हैं। उनका मानना है कि यह खोज प्राचीन मिस्र के इतिहास और पिरामिड की बनावट को लेकर हमारी समझ को पूरी तरह से बदल सकती है।

थर्मल इमेजिंग, 3 डी मैपिंग, म्यूऑन स्कैनिंग जैसी एडवांस्ड तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा



मिस्र के सबसे महान राजा से जुड़ा है यह पिरामिड

गीजा का यह पिरामिड राजा खूफू के लिए बनाया गया था, जिसकी बड़ी संरचना में कई अनसुलझे रहस्य मौजूद हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस सीलबंद दरवाजे के पीछे कोई गुप्त खजाना, प्राचीन दस्तावेज या राजा का सीक्रेट रूम हो सकता है। यह खोज मिस्र की सभ्यता के कई पन्ने खोल सकती है।

इंसानों का जाना था नामुमकिन

वैज्ञानिकों के लिए पिरामिड के इंस पतले और संकरे रास्ते में जाना बहुत ही खतरनाक और जोखिम भरा, नामुमकिन जैसा था। पुरानी पत्थर की संरचना को बिना नुकसान पहुंचाए जांच करने के लिए रिसर्चर्स ने मॉडर्न रोबोटिक और स्कैनिंग टेक्नोलॉजी का सहारा लिया। जब रोबोट इस 100 फीट लंबे गलियारे के आखिरी छोर पर पहुंचा, तो वहां कोई खाली कमरा नहीं मिला, बल्कि एक ठोस पत्थर की दीवार या सीलबंद दरवाजा नजर आया।



खुल रहे हैं प्राचीन पिरामिड के राज

प्राचीन पत्थरों को बिना कोई नुकसान पहुंचाए पिरामिड के अंदर पहुंचने के लिए वैज्ञानिक अब एडंवास तकनीकों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर रहे हैं। इस अभियान में रोबोटिक्स के साथ ही-थर्मल इमेजिंग, 3D मैपिंग, म्यूऑन स्कैनिंग जैसी एडवांस्ड तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अब पूरी दुनिया की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि 2026 के बाद जब यह रिपोर्ट सामने आएगी, तो इतिहास का कौन सा बड़ा पन्ना खुलेगा।

रोचक खबरें

20 साल की बकरी की मौत पर किसान ने छपवाए कार्ड, 600 लोगों को कराया 13वीं का भोज

विदिशा। मध्य प्रदेश के विदिशा जिले के सिरोंज क्षेत्र से एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने इंसानियत और बेजुबान जानवरों के प्रति अटूट प्रेम की एक अनूठी और भावुक मिसाल कायम कर दी है। अमूमन शोक सभाएं और तेहरवीं के आयोजन अपनों और परिजनों के जाने पर किए जाते हैं, लेकिन यहां एक किसान ने अपनी 20 साल पुरानी पालतू बकरी के लिए वो सब किया जो अमूमन सगे परिजनों के देहांत पर किया जाता है। सिरोंज के भवानी नगर निवासी किसान नवल सिंह मालवीय की पालतू बकरी, जिसे पूरा परिवार और गांव प्यार से कटोरी उर्फ चमेली कहता था, 3 अगस्त को इस दुनिया को अलविदा कह गई। किसान नवल सिंह मालवीय के लिए 'कटोरी' महज एक मवेशी या जानवर नहीं थी, बल्कि परिवार की एक सदस्य और औलाद जैसी थी। कटोरी बीते 20 सालों से नवल सिंह के घर का अहम हिस्सा बनी हुई थी।



घर की रानीः वह आम मवेशियों की तरह खूंटे से नहीं बांधी जाती थी, बल्कि बाकायदा घर के अंदर पलंग पर सोती थी और पूरे परिवार के सुख-दुख की साझीदार थी। जब 3 अगस्त को उसकी सांसे थमीं, तो पूरा मालवीय परिवार गमगीन हो गया और घर में चूल्हा तक नहीं जला। नवल सिंह ने अपनी 'कटोरी'को अंतिम विदाई देने में कोई कमी नहीं छोड़ी। स्थानीय प्रशासन से बाकायदा अनुमति लेकर कटोरी का पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के बाद नवल सिंह खुद कटोरी की अस्थियां संचित कर पवित्र गंगा नदी पहुंचे और पूरे विधि-विधान के साथ अस्थि विसर्जन का कर्मकांड पूरा किया। रिश्तेदारों, परिचितों और ग्रामीणों को तेहरवीं में आमंत्रित करने के लिए बाकायदा शोक संदेश के कार्ड छपवाकर बांटे गए।

आसमान से दिखा इंसानी फिंगरप्रिंट जैसा टापू, 23 किमी तक फैली है पत्थरों की दीवार

ज़ाग्रेब। दुनियाभर में प्रकृति और इंसानों की बनाई कई ऐसी अजीबोगरीब रचनाएं मौजूद हैं, जो अपनी अनूठी बनावट से लोगों को हैरान कर देती हैं। ऐसा ही एक अद्भुत नजारा एड्रियाटिक सागर में क्रोएशिया के तट के पास देखने को मिलता है। यहां शिबेनिक द्वीपसमूह के पास स्थित बाल्जेनाक नाम का एक छोटा सा टापू इन दिनों काफी सुर्खियां बटोर रहा है। इस टापू की सबसे बड़ी खासियत यह है कि जब आप इसे आसमान से देखेंगे, तो यह इंसान के अंगूठे के निशान यानी एक विशाल फिंगरप्रिंट की तरह दिखाई देता है। महज 1.4 वर्ग किमी में फैला यह अंडाकार टापू दूर से किसी अजूबे से कम नहीं लगता। इसके फिंगरप्रिंट जैसा दिखने की वजह कोई कुदरती करिश्मा नहीं, बल्कि इस पर बनी सूखी पत्थरों की दीवारों का एक बहुत बड़ा जाल है। ये छोटी-छोटी दीवारें और उनके बीच की लकीरें दूर से देखने पर बिल्कुल इंसानी त्वचा की रेखाओं और झुर्रियों जैसी नजर आती हैं। बता दें कि आयरलैंड, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड जैसे कई पश्चिमी यूरोपीय देशों की तरह क्रोएशिया के ग्रामीण इलाकों और तटीय क्षेत्रों में भी पत्थरों की ऐसी दीवारें बनाने की सदियों पुरानी परंपरा रही है। इतिहास में इन दीवारों का निर्माण खेतों की सीमाओं को तय करने के लिए किया जाता था। इनको बनाने की सबसे खास बात यह है कि इन्हें जोड़ने के लिए सीमेंट, चूने या किसी भी तरह के गारे का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया गया है। इसके बजाय, पुराने जमाने के कुशल कारीगर और किसान पत्थरों को बहुत ध्यान से चुनते थे और उन्हें पहेली के टुकड़ों की तरह एक-दूसरे के ऊपर इतनी मजबूती से सेट करते थे कि वे सदियों तक हिले बिना टिकी रहें। क्रोएशिया का ज्यादातर तटीय इलाका पथरीला है, यानी जमीन पर हर तरफ चट्टानें और पत्थर बिखरे पड़े हैं।



खूबसूरती

अंदर का नजारा देख लोग बोले- 'वाह ताज!'

पत्नी के प्यार में रच दिया इतिहास बना डाला ताजमहल जैसा घर

भोपाल। ताजमहल को दुनिया सिर्फ प्यार की निशानी के तौर पर नहीं जानती, बल्कि इसकी खूबसूरती और शानदार आर्किटेक्चर भी लोगों को अपनी ओर खींचती है। सफेद संगमरमर, बड़ा गुंबद, चारों तरफ बने मीनार जैसे खंभे और खूबसूरत बगीचे इसकी पहचान हैं। शायद यही वजह है कि ताजमहल जैसा घर बनाने का ख्याल भी अपने आप में बहुत बड़ा सपना लगता है। लेकिन, मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में रहने वाले आनंद प्रकाश चोकसी ने इस सपने को हकीकत में बदलने की कोशिश की है। उन्होंने अपनी पत्नी के लिए ताजमहल से प्रेरित एक बेहद खूबसूरत घर बनवाया है, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में हैं। दरअसल, यह आलीशान घर मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में बनाया गया है, जो असली ताजमहल से करीब 800 किलोमीटर दूर बताया जाता है। आनंद प्रकाश चोकसी ने इस घर को बनवाने का काम साल 2021 में शुरू कराया था। घर को देखकर पहली नजर में ही ताजमहल की झलक दिखाई देती है।



ताजमहल से प्रेरित है घर की पूरी डिजाइन

आनंद प्रकाश चोकसी ने इस घर को सिर्फ बाहर से ताजमहल जैसा दिखाने की कोशिश नहीं की, बल्कि इसकी डिजाइन में ताजमहल की कई बारीकियों को भी शामिल किया है। घर का आकार, गुंबद, बाहरी संरचना और दूसरी डिजाइन को ताजमहल से प्रेरित रखा गया है। वीडियो के आखिर में खुद आनंद प्रकाश चोकसी भी नजर आते हैं। वह बताते हैं कि घर को तैयार करते समय असली ताजमहल की माप का भी ध्यान रखा गया था। बताया गया कि ताजमहल की माप मीटर में ली गई और फिर उसी अनुपात को फीट में बदलकर घर की डिजाइन तैयार की गई। आमतौर पर लोग अपने घर को खूबसूरत बनाने के लिए अलग-अलग तरह की डिजाइन चुनते हैं, लेकिन ताजमहल से प्रेरित पूरा घर बनवाना अपने आप में काफी अलग बात है।

सफेद रंग और खूबसूरत बगीचे

ताजमहल की खूबसूरती में सफेद रंग और उसके आसपास का हरा-भरा बगीचा बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। आनंद प्रकाश चोकसी के घर में भी इन दोनों चीजों का खास ध्यान रखा गया है। घर का बाहरी हिस्सा सफेद रंग में तैयार किया गया है और आसपास हरियाली भी दिखाई देती है। घर की डिजाइन में ताजमहल के बड़े गुंबद से लेकर उसके आसपास नजर आने वाली मीनारों जैसी संरचनाओं को भी शामिल किया गया है।



अंदर का लुक भी बेहद शानदार

इस घर की एक खास बात इसकी ऊंची छत है। रिपोर्ट के मुताबिक, घर की छत करीब 24 फीट ऊंची है। इतनी ऊंची छत आम घरों में देखने को नहीं मिलती और यही चीज इसके अंदर के हिस्से को काफी खुला और भव्य बनाती है। घर के अंदर पहुंचने पर इसकी सजावट भी लोगों का ध्यान खींचती है। वीडियो में शुभम ने इसके इंटीरियर को फिल्मों में दिखने वाले आलीशान घरों जैसा बताया. घर की सीढ़ियों को भी रॉयल अंदाज में डिजाइन किया गया है। खूबसूरत लाइट्स, पेंटिंग्स, सोफे और सजावट की दूसरी चीजों ने पूरे इंटीरियर को काफी शानदार बना दिया है।

हैदराबाद में जन्मे रोहन की दुनिया में चर्चा, ब्लैक होल स्टार की खोज से किया कमाल



वॉशिंगटन। पिछले हफ्ते खगोलविदों को एक ऐसी चीज मिली, जिसने उनकी इस बात को लेकर दिलचस्पी बढ़ा दी कि क्या वह कोई तारा था या ब्लैक होल। सौर मंडल के आकार की और गैस के बादल से घिरी यह चीज किसी भी ज्ञात तारे की तुलना में 100 अरब गुना ज्यादा ऊर्जा पैदा करती है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से देखकर खगोलविदों ने इसे ब्लैक होल स्टार का नाम दिया है। इस खोज के केंद्र में हैदराबाद में जन्मे खगोलविद रोहन नायडू हैं। रोहन ने ही इस स्टडी को लीड किया है। हैदराबाद में जन्मे खगोलशास्त्री रोहन नायडू ने अंतरिक्ष के प्रति अपने जुनून को पूरा करने के लिए कुछ साल पहले इंजीनियरिंग कॉलेज छोड़ दिया था। अब वह अपनी खोज के चलते दुनिया की नजर में हैं और तारीफें बटोर रहे हैं। उनकी यह स्टडी तारों और ब्लैक होल के व्यवहार के बारे में पारंपरिक विचारों को सीधेतौर पर चुनौती दे रही है।

क्या खोज की है?

नायडू उस टीम के मुख्य शोधकर्ता हैं, जिसने ब्लैक होल स्टार्स की पहचान की है। उन्होंने इसे असाधारण भौतिकी कहा है। डॉक्टर रोहन नायडू ने कहा कि हम एक नए प्रकार की एस्ट्रोफिजिकल वस्तु का अध्ययन करने के लिए उत्साहित हैं। इसमें अभी बहुत कुछ करना बाकी है। नायडू और उनकी टीम ने शुरुआती ब्रह्मांड में एक असाधारण रूप से चमकदार लाल चीज की पहचान की। एमओएम-बीएच1 नाम की चीज का पता सेट्स या व्हेल तारामंडल में चला, जो पृथ्वी से अरबों प्रकाश-वर्ष दूर है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह बिग बैंग के लगभग 660 मिलियन साल बाद अस्तित्व में आई थी।

रोबोटिक आर्म के सहारे स्पेस में उतरे भारतीय मूल के अनिल

वॉशिंगटन। अंतरिक्ष की दुनिया में भारतीय मूल के नासा अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन ने एक बार फिर नया इतिहास रच दिया है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से उन्होंने मात्र 10 दिनों के अंदर अपनी दूसरी स्पेसवाक 18 अगस्त, मंगलवार को शुरू कर दी है। इस बार अनिल मेनन स्पेस स्टेशन के मरम्मत करने के लिए बाहर निकले हैं। इस बहुत ही कठिन और जरूरी मिशन में उनके साथ यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी की सोफी एडेनोट भी शामिल हैं, जो स्पेसवाक करने वाली फ्रांस की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री बन गई हैं।

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के अनिल मेनन और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी की अंतरिक्ष यात्री सोफी एडेनोट इस मिशन के तहत करीब साढ़े छह घंटे तक स्पेस स्टेशन के बाहर रहेंगे. यह मिशन 18 अगस्त को दोपहर करीब 01:35 बजे से शुरू हो गया है। दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस-टू-ग्राउंड एंटीना बदलने का काम सौंपा गया है।



हटेगा पुराना एंटीना

इस ऑपरेशन के दौरान दोनों अंतरिक्ष यात्री स्टेशन के जेड1 ट्रस सेगमेंट से पुराने एंटीना को हटाएंगे और उसकी जगह एक बाहरी प्लेटफॉर्म पर रखे स्पेयर यानी अतिरिक्त एंटीना को लगाएंगे। इस काम के लिए कई नाजुक इलेक्ट्रिकल और डेटा कनेक्शनों को कनेक्ट करना होगा, जिससे नए हार्डवेयर को ऑन किया जा सके। इस मिशन की सबसे मुख्य बात यह है कि अनिल मेनन स्पेस स्टेशन के बाहर काम करते समय कनाडाआर्म2 रोबोटिक आर्म पर सवार होंगे. इसकी सहायता से वह स्पेस स्टेशन के उस हिस्सों तक पहुंचेंगे, जहां पहुंचना मुश्किल है।

सूखते तालाब ने उगला 10 करोड़ साल पुराना राज

बैंकाक। थाईलैंड के एक छोटे से गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब सूखते हुए तालाब के किनारे ग्रामीणों को कुछ अजीबोगरीब चट्टानें दिखाई दीं। शुरुआत में लोगों ने इसे मामूली पत्थर समझा, लेकिन जब वैज्ञानिकों की टीम ने इसकी जांच की तो उनके होश उड़ गए। यह कोई साधारण पत्थर नहीं, बल्कि 10 करोड़ साल पुराना एक विशालकाय डायनासोर का कंकाल था। वैज्ञानिकों ने इसे 'नागाटाइटन चायफुमेंसिस' नाम दिया है, जिसे दक्षिण पूर्व एशिया में अब तक खोजा गया सबसे बड़ा डायनासोर माना जा रहा है।



तालाब के किनारे छिपा था विशालकाय ढांचा : साल 2016 में जब थाईलैंड के चायफुम प्रांत में तालाब का पानी सूखा, तो किनारे पर कुछ भारी-भरकम पत्थर उभरे। वैज्ञानिक शोध के बाद यह साफ हुआ कि यह अवशेष किसी एक ही विशाल जीव के हैं। वैज्ञानिकों को रीढ़ की हड्डी, पसलियां, कूल्हे की हड्डी और दाहिने पैर व हाथ की हड्डियां मिलीं। चौंकाने वाली बात यह है कि इसकी सिर्फ ऊपरी बांह की हड्डी ही 1.78 मीटर लंबी थी। इन सभी अवशेषों को अब सिरिंधोर्न संग्रहालय में सुरक्षित रखा गया है।

कितना बड़ा और भारी था नागाटाइटन?

वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार इस डायनासोर का वजन लगभग 25 से 28 टन के बीच था। अगर इसकी तुलना आज के जीवों से करें तो इसका वजन लगभग 9 एशियाई हाथियों के बराबर था। सिर से लेकर पूंछ तक इसकी लंबाई करीब 27 मीटर थी। हालांकि, यह दुनिया का सबसे बड़ा डायनासोर नहीं था, लेकिन दक्षिण पूर्व एशिया के इतिहास में इतना बड़ा शाकाहारी जीव पहले कभी नहीं देखा गया।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com